www.epaper.azadsipahi.in

09 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 11, अंक 51

इंडिगो संकट पर सरकार ने बताया : 9.5 लाख पीएनआर कैंसिल और 827 करोड़ का रिफंड






### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 33 प्रस्ताव पारित

# झारखंड में धान की खरीद दर 2450 रुपये प्रति क्विंटल तय

- 48.60 करोड़ रुपये की राशि मंजूर, किसानों को 48 घंटे के अंदर होगा एक मुश्त भुगतान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया गया। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा किसानों को बोनस की राशि की स्वीकृति देने की मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने सरकार के इसके लिए 48.60 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी। न्यूनतम समर्थन मूल्य और बोनस दोनों मिलाकर 2450 रुपये प्रति क्विंटल धान अधिप्राप्ति की दर निर्धारित भी किया गया। किसानों को 48 घंटे के अंदर एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। इसके अलावा सड़क, भवन निर्माण समेत कुल 33 प्रस्तावों को कैबिनेट ने मंजूरी दी।

**बालूमाथ और सिमरिया में डिग्री कॉलेज मंजूर:** कैबिनेट ने बालूमाथ और सिमरिया में डिग्री कॉलेज की स्थापना को मंजूरी दी। बालूमाथ डिग्री कॉलेज के लिए 78.42 करोड़ और चतरा में डिग्री कॉलेज के लिए 34.62 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी। वहीं, रांची विश्वविद्यालय के अंतगर्त अंगीभूत कॉलेजों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक पदों के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गयी। संबंधता प्राप्त उप शास्त्री और शास्त्री स्तर के संस्कृति कॉलेजों में पंचम, छठा और सातवां वेतन मान देने की स्वीकृति दी गयी।



### छात्रों और डॉक्टरों को भी मिला तोहफा

कैबिनेट ने गोड्डा राजकीय होम्योपैथिक विश्वविद्यालय के इंटर्न विद्यार्थियों को अब 10 हजार से बढ़ाकर 17500 रुपये स्टाइपेंड दिया जायेगा। वहीं, रिम्स के 15 सहायक प्रधायपकों को प्रधायापक के पद पर 1 जुलाई 2019 के प्रभाव से प्रोन्नति देने को मंजूरी दी गयी।

### पारिवारिक आय की सीमा बढ़ायी गयी

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री एससी-एसटी सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को अब एक लाख की जगह 1.5 लाख रुपये तैयारियों के लिए मिलेंगे। इस योजना में पारिवारिक आय सीमा भी बढ़ा दी गयी है। परिवारिक आय को 2.5 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये करने की मंजूरी दी गयी। इससे और अधिक छात्र लाभांवित हो पायेंगे।

### रांची में फ्लाइओवर के लिए पुनरीक्षित राशि की मंजूरी

रांची के सिरमटोली चौक-राजेन्द्र चौक-मेकॉन गोलचक्कर पर चार लेन फ्लाइओवर / एलिवेटेड निर्माण कार्य के लिए 470.12 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। इससे यहां निर्माम कार्य में प्रगति आयेगी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- वर्ष 2026 में सरकारी छूट्टी और अन्य छुट्टियों के कैलेंडर को मंजूरी।
- झारखंड राज्य में गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र, मुटा के संचालन के लिए एमओयू की मंजूरी।
- एजी के झारखंड में लघु खनिजों के प्रबंधन पर प्रतिवेदन को आगामी सत्र में विधानसभा सदन में रखने की मंजूरी।
- गोड्डा सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रभु सहाय लिंडा को सेवा से मुक्त करने की मंजूरी।
- हजारीबाग के शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजना गांधी को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति।
- राजकीय मेला/महोत्सवों के आयोजन के लिए संशोधित मार्गदर्शिका की स्वीकृति।
- गोड्डा, साहेबगंज, डालटनगंज और गुमला जिला में सड़क निर्माण की मंजूरी।
- झारखंड कोषागार संहिता, 2016 में संशोधन/परिमार्जन की मंजूरी।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट हुआ जारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) 2023 के परिणाम का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। हाइकोर्ट द्वारा परिणाम पर लगी रोक हटाये जाने के कुछ ही घंटों बाद, जेएसएससी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नतीजे घोषित कर दिये हैं। अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया था कि परिणाम पर जारी रोक को हटाया जा रहा है, और जेएसएससी आगे की चयन प्रक्रिया पूरी कर सकता है। कोर्ट के आदेश के तहत आयोग ने रिक्त पदों के विरुद्ध अभ्यर्थियों का पदवार, कोटिवार एवं अनुक्रमांकवार परिणाम जारी किया। इसमें कुल 1,932 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए हैं। वहीं, 10 अभ्यर्थियों का परिणाम लंबित रखा गया है, जो भविष्य में एसआइटी की अंतिम जांच रिपोर्ट से प्रभावित होगा।

### संसद शीतकालीन सत्र: वंदे मातरम् पर चर्चा, प्रधानमंत्री ने की शुरुआत

# जिन्ना के सामने नेहरू झुके : मोदी

वंदे मातरम् का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथेम के रूप में दिखता था। मोदी ने कहा कि उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी।

**जिन्ना के सामने झुके नेहरू:** प्रधानमंत्री ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाव देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी।

**वंदे मातरम् का स्मरण इस सदन का सौभाग्य:** मोदी ने कहा कि जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम् का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है।



**वंदे मातरम् के 150 साल पर भारत तेजी से बढ़ रहा:** प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए थे, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब इसके 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल के अंधेरे में था। आज जब इसके 150 वर्ष हो रहे हैं, तो भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**बंगाल के लिए गली-गली का नारा बन गया वंदे मातरम्:** मोदी ने कहा कि हमारे जांबाज सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्त पर चढ़ जाते थे और आखिरी सांस तक वंदे मातरम् कहते थे। हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम् के कहते हुए फांसी को चूम लिया। बंगाल की एकता के लिए वंदे मातरम् के गली-गली का नारा बन गया था और यही नारा बंगाल को प्रेरणा देता था।

### वंदे मातरम् पर बहस की क्या जरूरत : प्रियंका



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि वंदे मातरम् देश की आत्मा का हिस्सा है। लेकिन आज इस पर बहस की क्या जरूरत थी। क्योंकि मोदीजी बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी अब वह पीएम नहीं रहे जो पहले थे। उन्होंने कहा कि आज इस चर्चा को पीएम ने शुरू किया। भाषण दिया। कहने में कोई झिझक नहीं है कि भाषण अच्छा देते हैं, बस थोड़ा लंबा है। बस एक कमजोरी है उनकी कि तथ्यों के मामले में कमजोर हो जाते हैं। मैं तो जनता की प्रतिनिधि हूं, कलाकार नहीं हूं। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने बहस मांगी है। आप इलेक्टोरल रिफॉर्म की बहस नहीं मान रहे थे। इसकी वजह क्या है। हम क्यों आज ये बहस कर रहे हैं। राष्ट्रगीत पर क्यों बहस कर रहे हैं। दूसरा मकसद, जिन्होंने स्वतंत्रता की आजादी लड़ी, सरकार उन पर नये आरोप लादना चाहती है। दरअसल बंगाल चुनाव वंदे मातरम् पर बहस का कारण है।

## आज आइआइटी-आइएसएम धनबाद का शताब्दी समारोह

### गौतम अडानी मुख्य अतिथि होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइआइटी (आइएसएम) धनबाद अपने गौरवशाली सफर के 100 साल पूरे कर रहा है। देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों में शामिल यह संस्थान 9 दिसंबर को अपना स्थापना दिवस शताब्दी समारोह के रूप में मना रहा है। मुख्य कार्यक्रम में उद्योगपति और अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे छात्रों और शोधकर्ताओं को संबोधित करते हुए संस्थान के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण संदेश देंगे। समारोह में संस्थान की सौ साल की यात्रा, उपलब्धियां और अगले शताब्दी के लक्ष्य का खाका पेश किया जायेगा। संस्थान 3 से 9 दिसंबर तक शताब्दी स्थापना सप्ताह मना रहा है। इस दौरान कैंपस में नवाचार, रिसर्च, स्टार्टअप, एल्युमनाई नेटवर्क और तकनीकी प्रगति से जुड़े कई थीम-



आधारित आयोजन किये गये। छात्रों और शोधकताओं के प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित करता टेक शोकेस, संस्थान की ऐतिहासिक विरासत दशार्ती हेरिटेज प्रदर्शनी और विशेषज्ञों के व्याख्यान कार्यक्रमों का प्रमुख आकर्षण बने रहे। इसके अलावा सांस्कृतिक आयोजन और ड्रोन शो ने पूरे सप्ताह कैंपस के माहौल को उत्सवमय बनाये रखा। आइआइटी (आइएसएम) धनबाद की स्थापना 9 दिसंबर 1926 को हुई थी। तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने इसका उद्घाटन किया था। शुरूआत एक विशेष स्कूल के रूप में हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य खनन और भू-विज्ञान क्षेत्र में विशेषज्ञ तैयार करना था।

# विधानसभा में छात्रवृत्ति और धान खरीद पर हंगामा, नहीं हुआ प्रश्नकाल

## हंगामे के बीच 7,721.25 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग टॉप पर, आज होगी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गयी। कार्यवाही स्थगन के बाद 12 बजे शून्यकाल और ध्यानाकर्षण की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के बीच चलती रही। इसके बाद हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 7,721.25 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। विपक्ष ने छात्रवृत्ति और किसानों से धान खरीद नहीं होने पर हंगामा किया और इस पर तत्काल चर्चा की मांग की।

**महिला बाल विकास पर फोकस:** द्वितीय अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा तवज्जो महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को दिया गया है। इस विभाग के लिए 2,082.25 करोड़ की राशि का प्रावधान है। दूसरे स्थान ग्रामीण कार्य विभाग है। इसके लिए 1,324.82 करोड़ का प्रावधान है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के लिए 729 करोड़, आपदा प्रबंधन प्रभाग के लिए 526 करोड़, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के लिए 500 करोड़ और गृह विभाग के लिए 443 करोड़ की मांग रखी गयी है।

### अध्यक्ष ने कहा, हंमागा ही करना...



शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही सोमवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने छात्रवृत्ति और धान खरीद नहीं शुरू होने को लेकर चर्चा की मांग की। मांग पूरा होता नहीं देख विपक्ष के सदस्यों ने नारा लगाना शुरू कर दिया वे वेल में पहुंच गये। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महोत के बार-बार आग्रह के बाद भी हाउस आर्डर में नहीं आया। उन्होंने कहा कि अगर सदस्यों को हंगामा करना ही है, तो सर्वदलीय और कार्य मंत्रणा समिति की बैठक का कोई अर्थ नहीं रह जाता। इस तरह का आचरण सदन की कार्यवाही को प्रभावित करता है। इसके बाद भी विधायक नहीं माने। तो उन्होंने दोपहर 12 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी।

### बाबूलाल मरांडी ने की विशेष चर्चा की मांग



दोपहल 12 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई। विपक्ष के सदस्य अपनी मांगों पर अडिग रहे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आसन से आग्रह किया कि शून्य काल से ज्यादा जरूरी नौजवानों की छात्रवृत्ति और किसानों की धान खरीद का मसला है। छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। स्कूलों कॉलेजों में फीस नहीं भर पा रहे हैं। वहीं, वादे के तहत किसानों से 3,200 रु प्रति क्विंटल की दर से धान क्यों नहीं खरीदी जा रही है। लाचार होकर किसानों से 15-16 सौ रु की दल से बिचौलियों को धान बेचना पड़ रहा है। इसलिए बाकी कार्य बंद कर इस गंभीर विषय पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि शून्य काल की सूचनाओं का विभाग की ओर से जवाब भी नहीं मिलता है।

### छात्रवृत्ति में देरी के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार



मंत्री सुदिव्य सोनू ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि छात्रवृत्ति में देरी के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि केंद्र से मिलने वाला फंड राज्य सरकार को उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने विपक्ष पर 'घड़ियाली आंसू' बहाने का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा कि यदि विपक्ष को छात्रों की चिंता है तो वह केंद्र सरकार के सामने विरोध क्यों नहीं दर्ज करा रहा। विपक्ष के सदस्य मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। वे वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे। इसी शोर शराबे के बीच शून्य और ध्यानकर्षण की सूचनाएं ली गयी।

### द्वितीय अनुपूरक पर आज होगी चर्चा



इसी हंगामे के बीच वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 7,721.25 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। इस पर मंगलवार को चर्चा होगी। इसके बाद अध्यक्ष ने मंगलवार 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

# व्यवसायी श्रवण जालान के ठिकानों पर एसीबी का छापा

निलंबित आइएएस विनय चौबे से जुड़ा है मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एसीबी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चर्चित व्यवसायी श्रवण जालान के रांची स्थित घर, ऑफिस और अन्य ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित उनके प्रतिष्ठान 'रानी सती प्लाइ एंड डेकोर' पर भी की गयी है। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी निलंबित आइएएस विनय चौबे से जुड़े शराब घोटाला मामले की जांच के तहत की गयी है। एसीबी को इनपुट मिले थे कि विनय चौबे ने अपनी अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा श्रवण जालान के माध्यम से विभिन्न जगहों पर निवेश किया है। इसी आधार पर एसीबी टीम ने कई ठिकानों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड मिल सकते हैं, जो आगे की जांच में अहम साबित होंगे। वहीं एसीबी की टीम पूरे मामले में और भी ठिकानों की जांच कर सकती है। बताते चलें कि विनय चौबे और उनके करीबी विनय सिंह पहले से ही जेल में बंद हैं। वहीं, विनय चौबे के परिजनों के यहां भी एसीबी लगातार छापेमारी कर पूछताछ कर रही है। इससे पहले एसीबी की टीम ने रविवार को विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता से पूछताछ की थी। साथ ही विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह की तलाश में बिहार के लखीसराय में भी छापेमारी की थी।

### विनय चौबे ने ससुर के नाम पर अशोक नगर में खरीदा है मकान

रांची (आजाद सिपाही)। निलंबित आइएएस विनय चौबे ने अशोक नगर में एसएन त्रिवेदी के नाम पर खरीदे गये मकान का भुगतान किया था। एसएन त्रिवेदी सेवानिवृत आइएफएस अधिकारी हैं। वह विनय चौबे के ससुर भी हैं। विनय चौबे से जुड़े मामलों की जांच के दौरान इस खरीद से संबंधित ब्योरा जांच एजेंसियों को मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीद से संबंधित प्रारंभिक जांच के दौरान यह



पाया गया है कि मकान के बदले करीब तीन करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। विक्रेता अमिताभ नारायण को जमीन के बदले रकम का भुगतान विनय चौबे और उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता के खाते से किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है। इस बीच विनय चौबे की विदेश यात्राओं के सिलसिले में भी जांच तेज की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनय चौबे के पारिवारिक सदस्यों ने चौबे के पारिवारिक सदस्यों ने वर्ष 2017 से 2024 तक की अवधि में दस विदेश यात्राएं की। इस अवधि में जिन देशों की यात्राएं की उसमें अमेरिका, ब्रिटेन, डेनमार्क, थाईलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली सहित दूसरे देश शामिल है। इन यात्राओं पर करोड़ रुपये खर्च किये गये। इन विदेश यात्राओं का खर्च शिखा नामक महिला ने उठाया। वह विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता की बहन है। चौबे की साली द्वारा अपनी बहन और जीजा की विदेश यात्राओं के करोड़ों का खर्च उठाने को एसीबी के अधिकारी आश्चर्यजनक मान रहे है। मामले की विस्तार से जांच की जा रही है।






आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# 48.72 करोड़ की लागत से संवरेंगे रांची के तीनों बस टर्मिनल

## ■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिये निर्देश, नगर विकास मंत्री ने दिया निर्माण प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

## ■ आइटीआइ बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा टर्मिनल होंगे आकर्षक और आधुनिक सुविधाओं से लैस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के तीनों प्रमुख बस टर्मिनलों आइटीआइ बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा का कायाकल्प अब राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने शहरीकरण के कार्यों में तेजी लाने के क्रम में इन सभी टर्मिनलों के आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और जीर्णोद्धार का निर्देश दिया है। इस कार्य को आरंभ करने के लिए विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार के निर्देश पर निविदा निकाल दी गयी है

मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कुल 48.72 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले ही दे चुके है। इसमें आइटीआइ बस स्टैंड के लिए 24.77 करोड़, सरकारी बस डिपो के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस स्टैंड के लिए 3.76 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है है। मंत्री ने विभागीय प्रधान सचिव सुनील कुमार को जुडको के माध्यम से निविदा के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया है।

**आइटीआइ बस स्टैंड बनेगा अत्याधुनिक एवं आकर्षक :** वर्तमान में यात्रियों के लिए न्यूनतम सुविधाओं वाले इस बस स्टैंड को आधुनिक रूप में विकसित किया जायेगा। यह तीन एकड़ क्षेत्रफल में बनेगा, जिसमें 2330 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 880 वर्गमीटर प्रथम तल पर टर्मिनल भवन होगा।बसों के परिचालन के लिए 13 बस वे बनाया जायेगा। 35 बसों के लिए स्टैंड बाई पार्किंग की सुविधा रहेगी।




भूतल पर ड्राइवर कैंटीन, मेंटेनेंस शेड, गार्ड रूम, स्लाइडिंग प्रवेश द्वार, वातानिकुलित प्रतीक्षालय, कार, फूड कियोस्क, परिवहन कार्यालय, कैफेटेरिया, महिला एवं पुरुष शौचालय, ऑटो और ई-रिक्शा पार्किंग की सुविधा होगी। प्रथम तल पर रेस्टोरेंट, प्रशासनिक भवन, टिकट काउंटर, 4 डॉरमेट्री, लॉकर युक्त गेस्ट रूम तथा हरियाली के लिए लैंडस्केपिंग की व्यवस्था रहेगी। प्रति दिन 416 बसों का परिचालन सुनिश्चित किया गया है।

**सरकारी बस डिपो का होगा पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार :** साल 1962 से 1970 के बीच बना यह डिपो अब जर्जर अवस्था में है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इसे 20.19 करोड़ रुपये की लागत से इंडियन रोड कांग्रेस के मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जायेगा। पुराने भवन को तोड़ कर नया टर्मिनल भवन बनाया जायेगा। नये भवन में 1771 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 845 वर्गमीटर प्रथम तल में सुविधाएं विकसित होंगी। यहां गार्ड रूम, मेंटेनेंस क्षेत्र, कैंटीन का प्रावधान रहेगा। टर्मिनल बिल्डिंग में ट्रांजिट यात्रियों के लिए डॉरमेट्री, गेस्ट रूम, प्रतीक्षालय, फूड कियोस्क, शेडयुक्त बस वे, टिकट काउंटर, परिवहन प्रबंधन कार्यालय, हेल्प डेस्क, 12 फूड कियोस्क, कैफेटेरिया, रेस्टोरेंट, शौचालय तथा स्लाइडिंग गेट, कार एवं ऑटो स्टैंड जैसी सुविधाएं होंगी। आठ बस वे के जरिये रोजाना लगभग 512 बसों का परिचालन होगा।

### बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा का होगा जीर्णोद्धार

वर्तमान ढांचे को बरकरार रखते हुए इस बस स्टैंड को 3.76 करोड़ रुपये की लागत से और अधिक सुविधाजनक बनाया जायेगा। 11.6 एकड़ में फैले इस परिसर में 31 बस वे, 89 बसों व 70 कारों के लिए पार्किंग, स्मार्ट शेड, 50 बेड की डॉरमेट्री, रेस्टरूम, स्नानागार, गेस्टहाउस, हाइमास्ट लाइट, बाउंड्री वाल और महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी। टेरेस एरिया की वाटर प्रूफिंग, पुराने टर्मिनल भवन का नया प्लास्टर एवं पेंटिंग, क्षतिग्रस्त टाइल्स का बदलाव, सभी वाटर टैप का परिवर्तन, सीसीटीवी, नये फर्निचर दो हाई वालूम, लो स्पीड फैन लगाये जायेंगे कपरिसर का लैंडस्केपिंग और सौंदर्यीकरण भी किया जायेगा। प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को निर्देश दिया है कि तीनों बस टर्मिनलों के टेंडर शीघ्र निष्पादन कर कार्य प्रारंभ किया जाये। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद रांची के बस टर्मिनल राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के मॉडल स्टैंडर्ड पर नजर आएंगे, जहां यात्रियों को सुरक्षा, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं का बेहतर अनुभव मिलेगा।

## बालूमाथ में नेताओं को आम जनता से सरोकार नहीं

# अनदेखी का भेंट चढ़ा 11.50 करोड़ की लागत से बनने वाला अस्पताल

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखण्ड परिसर स्थित आधुनिक अस्पताल निर्माण के लिए भूमि पूजन के डेढ़ साल बाद भी मॉडल अस्पताल के भवन का कार्य का दीवार की जुड़ाई शुरू नहीं। नए भवन में मरीजों को एक ही छत के नीचे एमआरआइ सहित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की सुविधा होगी उपलब्ध। इसे लेकर 17, 12, 2023 को जोरशोर से लातेहार के झामुमो विधायक बैजनाथ राम तथा सांसद सुनील कुमार तथा झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव द्वारा बालूमाथ अस्पताल को माडल अस्पताल बनाने के लिए शुरू की गयी। आनन-फानन में निर्माण एजेंसी द्वारा बड़े ही तामझाम से भूमि पूजन भी किया गया, जिसके बाद मरीजों व लोगों में उम्मीद जगी की अब शीघ्र ही माडल अस्पताल बनने से हमें अस्पताल में ही सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी, लेकिन पिछले डेढ़ सालों से सरकार के गलत नीति या कहे राशि के अभाव में एक एक कर कई एजेंसी थोड़ा थोड़ा कार्य कर-के छोड़ते चले गये, फलस्वरूप



निर्माण कार्य के नाम पर सिर्फ पिलर खड़ा करके छोड़ दिया गया। जिस कारण विलंब के कारण अब बालूमाथ वासियों के उम्मीद डगमगाने लगी हैं। क्योंकि अभी तक मॉडल अस्पताल के लिए निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। निर्माण एजेंसी के लोगों का कहना है कि एक तो राशि के अभाव से कार्य करने में सबसे बड़ी बाघा उत्पन्न हो गयी है। अगर यह कहा जाए कि सत्ता पक्ष का नेता हो या विपक्ष नेताओं को आम जनता सरोकार से कोई लेना-देना नहीं रह गया। जनता जनार्दन के लिए भी एक अच्छे अस्पताल का निर्माण हो ताकि समुचित इलाज लाभ उठा सके उन्हें सिर्फ चुनाव में जनता के हर सुख दुःख का साथ देने का ढोंग दिखा कर अपना वोट बैंक मजबूत करना ही एक मकसद रह गया है। सत्ता पक्ष हो विपक्ष के नेताओं से ग्रामीणों का कहना है कि अभी शीतकालीन विधान सभा सत्र शुरू है या शुरू होने वाला है। बालूमाथ में जिस अस्पताल का शिलान्यास किया गया है और सिर्फ डेढ़ वर्षों में पिलर खड़ा करके छोड़ दिया गया, उसका पूर्ण निर्माण कार्य कब होगा। यह सब नेताओं के द्वारा जनता जनार्दन के साथ छल तो नहीं किया गया। पूर्व विधायक बैजनाथ राम ने शिलान्यास के समय घोषणा की गयी थी कि एक वर्ष में अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण कर ली जायेगी, लेकिन हुआ उसका उल्टा हुआ की अस्पताल एक लाचार उल्लू की तरह चालीस से पच्चास पिलर पर एक लाचार बेसहारा यतीम की तरह खड़ा होकर किसी सत्ता पक्ष या विपक्ष के नेताओं की आवाज विधान सभा में निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग सरकार से करे, ताकि जो बालूमाथ के लाखों ग्रामीणों को एक अच्छे अस्पताल में इलाज की सुविधा मिल सके।

लगभग 11.50 करोड़ की मिल चुकी है स्वीकृति, बनना है मॉडल अस्पताल का भूमि पूजन भी हुआ पिलर भी खड़ा है, के बावजूद अधूरा है

मालूम हो कि प्रखण्ड वासियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की आधुनिक जांच की सभी सुविधा एक ही छत के नीचे अस्पताल में उपलब्ध होनी थी। लेकिन अधिकारियों में खासकर लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को इस पर स्वयं जांच करानी चाहिए कि किन कारणों से बालूमाथ में बन रहे अस्पताल का निर्माण कार्य पिछले डेढ़ वर्षों से बंद पड़ी है।

अब देखना है इस अधूरे अस्पताल के निर्माण के लिए सत्ता पक्ष या विपक्ष नेता पहल करते है कि नहीं। नहीं तो अंत में जनता जनार्दन चुनाव में हिसाब किताब तो वोट देकर करते ही है।

## ऑनलाइन गेमिंग में कर्जदार आइआरबी जवान

# निकला हत्यारा, पुलिस ने किया खुलासा, 3 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना निवासी विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता से लूटपाट के दौरान हुई सनसनीखेज हत्या के मामले को साहिबगंज पुलिस ने सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के चचेरे पोते (सुमित कुमार गुप्ता), आईआरबी के एक अन्य जवान (अमन कुमार जयसवाल) और एक साइबर अपराधी (सोहित कुमार राउत) सहित कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। हत्या की मुख्य वजह चौंकाने वाली है, जो ऑनलाइन गेमिंग में डूबे कर्ज से जुड़ी हुई है।



### पूरा मामला

कुछ दिन पहले देर रात विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता की हत्या और उनके घर में लूटपाट की सूचना मिलने के बाद, नगर थाना प्रभारी ने तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचित किया। मृतक की पुत्री ज्योति कुमारी गुप्ता के बयान के आधार पर नगर थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी और लूटे गये सामान की बरामदगी के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया।

पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड और तकनीकी टीम की मदद से छानबीन शुरू की, जहां मृतक के कमरे से सोने के जेवर, नकदी और बैंक संबंधित कागजात गायब मिले थे।

पुलिस को इस मामले में सबसे बड़ी सफलता तकनीकी जांच के जरिये मिली। तकनीकी टीम की मदद से दुमका जिले के जरमुंडी निवासी साइबर अपराधी सोहित कुमार राउत को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सोहित ने बताया कि तालबन्ना निवासी सुमित कुमार गुप्ता ने ही उसे मृतक के दो मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और बैंक संबंधित दस्तावेज दिये थे, ताकि वह खाते से पैसा निकाल सके। सोहित के खुलासे के आधार पर, पुलिस ने मुख्य अभियुक्त सुमित कुमार गुप्ता को उसके घर से दबोच लिया, जिसने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

सुमित ने बताया कि उसने आइआरबी-8 के जवान अमन कुमार जयसवाल के साथ मिल कर अपने चचेरे दादा विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता के घर लूटपाट की और उनकी हत्या कर दी। सुमित कुमार गुप्ता, जो स्वयं 2019 में आइआरबी में सिपाही के पद पर नियुक्त हुआ था, दमन नाम के ऑनलाइन गेमिंग का आदी था, जिस कारण उस पर लगभग 50 लाख रुपये का कर्ज बन गया था। इस कर्ज को चुकाने के लिए उसने अपने दादा को निशाना बनाया, जिन्हें हाल ही में पैतृक संपत्ति की बिक्री से बड़ी रकम मिली थी।

### ये सामान हुए बरामद

पुलिस ने तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद लूटे गए सभी सामान बरामद कर लिए। पुलिस ने कुल 1,24,000 रुपए नकद, सोने की अंगूठियां और मंगलसूत्र, मृतक के सभी बैंक दस्तावेज और दो मोबाइल फोन बरामद किए। इसके अलावा, घटना में इस्तेमाल अवैध पिस्टल और चार जिंदा कारतूस को साहेबगंज स्थित मालगोदाम के पास जमीन में गड़ा हुआ बरामद कर लिया। पुलिस ने अवैध पिस्टल बरामदगी के बाद नगर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत एक अलग मामला भी दर्ज कराया है।

## गोवा से झारखंड के तीन युवाकों का शव पहुंचा झारखंड

# सरकार पलायन को रोकने के लिए तैयार करे कार्य योजना : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** गोवा के नाइट क्लब में गैस सिलेंडर फटने से झारखंड के तीन युवाओं की हुई मौत के बाद सोमवार सुबह मृतकों का शव रांची एयरपोर्ट पहुंचा। रांची एयरपोर्ट पर राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने लापुंग प्रखंड के फतेहपुर गांव निवासी दो सगे भाई प्रदीप महतो, विनोद महतो के साथ - साथ खूंटी कर्रा गोबिंद पर निवासी मोहित मुंडा के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस दौरान मृतकों के परिजन भी मौजूद रहें। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की परिजनों के साथ मृतक का शव लेकर पैतृक आवास के लिए रवाना हुए। लापुंग के फतेहपुर गांव और खूंटी के गोविंदपुर में ग्रामीणों बड़ी संख्या में अंतिम दर्शन में शामिल हुए। ग्रामीणों ने नम आंखों से पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई दी। इस मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि ये घटना बेहद ही दुखद है। उन्होंने कहा कि




रोजगार के लिए पलायन झारखंड के लिए अभिशाप की तरह है। गोवा में घटित घटना में शामिल तीनों युवक रोजगार के लिए छह माह पहले गये थे। इस घटना की जांच होनी चाहिए, ताकि किस परिस्थिति में ये घटना घटी, इसका खुलासा हो सके। गोवा सरकार को ऐसे क्लब के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। बंधु तिर्की ने कहा है कि मृतक के परिजनों को गोवा सरकार की तरफ से सम्मानजनक मुआवजा मिलना चाहिए। इसके साथ ही झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुआवजा राशि को लेकर पहल की है। मृतक के परिजनों को 50-50 हजार रुपये का भुगतान किया गया है, जबकि एक-एक लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी बहुत जल्द खाते में भेजी जायेगी। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए होने वाले पलायन को रोकने के लिए कार्य योजना तैयार किया जाना चाहिए। इसके साथ ही चालू सत्र में इस गंभीर विषय पर सदन में बहस होनी चाहिए। वृद्ध पिता धनेश्वर महतो ने अपने हाथों से युवा बेटा को कारो नदी श्मशान घाट में मुखाग्नि दी।

# आदिवासी युवक ने अंचल कार्यालय में भूमि का कागजात जमा किया

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** वनांचल कॉनकास्ट प्राइवेट लिमिटेड प्लांट दवारा आदिवासी युवक दिवाकर करमाली के भूमि कब्जा मामले में सोमवार को कागजात प्रस्तुत किया गया। पहले दिन दिवाकर ने अंचल अधिकारी के निर्देश पर प्रधान सहायक को अपना भूमि संबधित कागजात दिया। समाचार लिखें जाने तक प्लांट प्रबंधन के द्वारा भूमि से संबंधित कागजात अंचल में जमा नहीं किया गया है। इधर भूमि विवाद बढ़ने के बाद प्लांट प्रबंधन मामले को सॉर्ट आउट करने के लिए दिन भर प्रयास कर रहा है। हलांकि इसमें किसी तरह की कामयाबी नहीं मिल पाई है। विधायक ममता देवी ने विधानसभा में मामले की तैयारी कर रही है। इसको लेकर उन्होंने सभी कागजात अपने कार्यालय में मंगवाया है। दिवाकर करमाली का आरोप है कि करीब एक एकड़ से भी अधिक भूमि वनांचल कॉनकास्ट प्राइवेट लिमिटेड प्लांट ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। कर भूमि पर चाहरदिवारी कर फैक्ट्री



का काम किया जा रहा है। गरीब आदिवासी होने के कारण उसे हर तरफ से डराया धमकाया जा रहा है। डर के मारे वह घर में नहीं सो रहा है। प्लांट प्रबंधक के द्वारा भूमि विवाद मामले में आजाद सिपाही को आधिकारिक बयान अभी तक नहीं दिया गया है। बताया गया कि करीब एक दशक से यह प्लांट हेमतपुर स्थित संचालित है। प्लांट स्थापित होने के बाद यह हमेसा विवादों में घिरा रहा है। मिस लीडरशिप के कारण मामला उच्च न्यायलय तक पहुंच गया है। अब यह आम खास में चर्चा है कि घनी आबादी में यह प्लांट को कैसे एनओसी मिल गया। यह जांच का विषय है।

# रिटायर्ड बैंक अधिकारी से 51 लाख की ठगी

## मनी लांड्रिंग के नाम पर पति-पत्नी को डिजिटल अरेस्ट कर रखा, फिर रकम ट्रांसफर करायी

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय कोडरमा निवासी और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से 51 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी है। साइबर फ्रॉड के इस मामले में बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड सुरेश प्रसाद गुप्ता से यह कहकर कि आपके नाम से खुले नये खाता से अवैध लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग हुआ है, उन्हें पत्नी समेत पूरे दो दिन तक ऑनलाइन हाउस अरेस्ट करके रखा गया और फिर फर्जी कोर्ट, अधिकारी, वकील दिखाकर मध्य प्रदेश के एक अकाउंट में 51 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिये। बाद में इनके द्वारा कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया गया। थाना को दिए आवेदन में सुरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि गत 01.12.2025 को सुबह 9.30 बजे मोबाइल 9431326215 एवं 6033502052 से आयशा पटेल ने इनके मोबाइल पर फोन कर बताया कि मेरे आधारकार्ड से नया मोबाइल न 9687023678 लिया गया है। इस मोबाइल नंबर से कैनरा बैंक दिल्ली में अकाउंट खोला गया है, जिसमें अवैध लेनदेन एवं मनी लॉन्ड्रिंग



हुआ है। उन्हें बताया गया कि नरेश गोयल के साथ मिलकर दो महीने में 6.50 करोड का लेनदेन एवं मनी लॉन्ड्रिंग किया है। उसके बाद तीन मोबाइल 9160390688, 9908510603 और 9951398204 से फोन आया। इन तीनो नंबर द्वारा यह बोला गया कि दिल्ली पुलिस तथा सीबीआइ अधिकारी विजय खन्ना एवं सीबीआइ एसपी समाधान पवार के द्वारा हाउस अरेस्ट पर रखा गया है। इस दौरान इन्हें वीडियो कॉल पर रखा गया और किसी से भी मिलने या बात करने से मना किया गया। फिर 2 दिसंबर को सुबह 9 बजे सीबीआइ जज के सामने पति पत्नी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा हाजिर कराया गया। इस दौरान श्री गुप्ता एवं उनकी पत्नी के बैंक में जमा रकम, गोल्ड, शेयर आदि की जानकारी देने को कहा। आदेश नहीं मानने पर जेल जाने एवं वारंट जारी करने कहकर डराया गया। फोन कर बैंक में जमा राशि की जानकारी ली और कहा कि अपना सभी एफडी तोड़ कर अपने खाता में जमा कर खाता की डिटेल भेज दीजिए, ताकि आपके खाता की जांच कर सकें। श्री गुप्ता ने सभी एफडी तोड कर अपने अकाउंट में जमा किया। उसके बाद उनके कहे अनुसार 2 दिसंबर को ही 42 लाख और 9 लाख यानि कुल 51 लाख रुपये मध्य प्रदेश के सेंधवा ब्रांच स्थित अकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया। वह अकाउंट पतिमो पीएम इस्टेट्स एलएलपी के नाम से है। इस मामले में साइबर फ्रॉड के बाद श्री गुप्ता ने कुल 51 लाख की ठगी होने का मामला दर्ज कराया है। इस बाबत कोडरमा थाना में कांड संख्या 210/25 दर्ज किया गया है।

## विनोबा भावे विवि के कुलपति ने सीएम हेमंत सोरेन को पुस्तक भेंट की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को रांची मंत्रालय में हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति (वाइस चांसलर) चन्द्र भूषण शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान कुलपति ने मुख्यमंत्री को अपनी स्वलिखित पुस्तक शिक्षा, समाज और राजनीति सप्रेम भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध गतिविधियों और प्रगति के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यों की सराहना की और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक सुधार व विकास के लिए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया।

## भारतीय पुलिस सेवा-2024 बैच के परीक्ष्यमान पदाधिकारी सीएम से मिले



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में भारतीय पुलिस सेवा - 2024 बैच के परीक्ष्यमान पदाधिकारी अंकित सिन्हा, राजकुमार जयराजू एवं साक्षी जमुआर ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने प्रशिक्षण से संबंधित अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के निदेशक अखिलेश कुमार झा एवं पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) ए. विजया लक्ष्मी भी मौजूद थीं। विदित हो कि 77वीं आरआर बैच के परीक्ष्यमान भारतीय पुलिस सेवा के इन पदाधिकारियों ने 23 नवंबर-2025 को झारखंड कैडर में योगदान दिया है।

# विधानसभा के बाहर विपक्ष ने किया जोरदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा, आजसू और लोजपा (रामविलास) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में हाथों में तख्तियां लेकर जोरदार नारेबाजी की और सरकार पर गंभीर आरोप लगाये।

विपक्ष की मुख्य मांगें दो मुद्दों पर केंद्रित रहीं, जिनमें लंबित छात्रवृत्ति का अविलंब भुगतान और किसानों के लिए धान का समर्थन मूल्य 3200 रुपये प्रति क्विंटल तय करने की मांग शामिल थी।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में विधायकों ने कहा कि सरकार अपने ही वादों से पीछे हट रही है और संवेदनशील मुद्दों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। विपक्ष का आरोप है कि राज्य के हजारों छात्र महीनों से छात्रवृत्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई स्पष्ट पहल नहीं दिख रही। भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा, किसानों से समर्थन मूल्य बढ़ाने का वादा हुआ था, लेकिन आज वे मजबूरी में अपनी उपज सस्ते दाम पर बेच रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि छात्र भी परेशान हैं, छात्रवृत्ति की राशि लंबित है और सरकार चुप्पी साधे बैठी है।

वहीं लोजपा (रामविलास) के विधायक जनार्दन पासवान ने सरकार पर पूर्ण असफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष किसानों और छात्रों के हित में सदन के भीतर और बाहर दोनों जगह दबाव बनाये रखेगा।

## मनरेगा कर्मियों ने मंत्री दीपिका पांडेय के आवास का किया घेराव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दीपिका पांडेय के आवास का घेराव मनरेगा कर्मियों के अध्यक्ष अनिरूद्ध पांडेय, सचिव यासिन अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास पांडेय, प्रदेश महासचिव दीपक महतो, पूर्व अध्यक्ष जॉन बागे, नन्हें परवेज, सुनिल चद्रदास, संजय प्रमाणिक, शंभु गोप, देवेंद्र उपाध्याय समेत अन्य की अगुवाई में ग्रेड पे, नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर किया। इस घेराव में हजारों मनरेगा कर्मी शामिल थे। इस दौरान कर्मियों ने कहा कि राज्य भर में एक दिन में 8-10 करोड़ रुपये का काम ठप हो गया। इसके अलावा 40 लाख मजदूरों पर असर पड़ा है। धरना के दौरान कांग्रेस पार्टी के सचिव आलोक कुमार दुबे पहुंचे। दुबे ने आंदोलनकारियों का समर्थन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं से संबंधित मंत्री के समक्ष पक्ष रखा जाएगा और ग्रेड पे पर सार्थक बातचीत की जायेगी। इधर, मनरेगा कर्मियों के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास पांडेय ने कहा कि राज्य में करीब 6 हजार मनरेगा कर्मी वर्षों से गांवों का विकास में अपना हाथ बंटा रहे है। बेरोजगारों को सौ दिन का रोजगार उपलब्ध करा रहे है। लेकिन खुद उनकी समस्याओं को नजर अंदाज किए जा रहे है। 5000 मनरेगा कर्मी पिछले 18 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें मनरेगा मद के 4% प्रशासनिक मद से मानदेय दिया जाता है। न अतिरिक्त लाभ, न सुरक्षा उपलब्ध करायी जाती हैं।

## कांग्रेस छात्र संगठन के पूर्व प्रदेश महासचिव झामुमो में शामिल



रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस छात्र संगठन (एनएसयूआई) के पूर्व प्रदेश महासचिव अभय कुमार ने रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। कुछ माह पूर्व एनएसयूआइ से इस्तीफा दे चुके अभय कुमार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विधानसभा परिसर में पार्टी की सदस्यता दिलायी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद अभय कुमार ने कहा कि वे झामुमो की नीतियों, कार्य शैली और सरकार की छात्रों के मुद्दों के प्रति गंभीरता से काफी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं को समाधान तक पहुंचाने के लिए अब वे झामुमो के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करेंगे।अभय कुमार लंबे समय से छात्र हित के मुद्दों को उठाते रहे हैं। एनएसयूआइ में रहते हुए उन्होंने कई बार धरना-प्रदर्शन कर छात्र समस्याओं को प्रमुखता से सामने रखा है। उन्होंने आगे बताया कि अब वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के छात्र संगठन झारखंड छात्र मोर्चा (जेसीएम) के बैनर तले छात्र हित के लिए पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करेंगे। उनका कहना है कि संगठनात्मक दायित्वों के साथ वे प्रदेशभर में छात्रों की वास्तविक समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और समाधान सुनिश्चित कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

# छात्रवृत्ति नहीं मिलने से ड्रॉप आउट हो रहे बच्चे, केंद्र जारी करे राशि : चंद्रप्रकाश

**गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभा में उठाया छात्रवृत्ति भुगतान नहीं हो पाने का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** आजसू पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में पिछले तीन वर्षों से झारखंड में पोस्ट -मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण बाधित रहने का मामला उठाया। उन्होंने संसद में कहा कि वर्ष 2022-23, 2023 -24 और 2024 -25 में झारखंड में पोस्ट- मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया गंभीर रूप से बाधित रही है।

इसका प्रतिकूल प्रभाव विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों पर पढ़ रहा है। उन्होंने यह मामला नियम 377 के अधीन सूचना के तहत उठाया। उन्होंने कहा कि स्थिति है कि इन विद्यार्थियों को फीस, परीक्षा व शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है और अनेक विद्यार्थी ड्रॉप आउट होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। यह शिक्षा के अधिकार तथा सामाजिक न्याय के संविधान मूल्यों के विपरीत है।

उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय से पोस्ट -मैट्रिक छात्रवृत्ति व अन्य छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु लंबित केंद्र की हिस्सेदारी को तत्काल जारी करने का अनुरोध किया। साथ ही वर्ष वार, श्रेणी वार लाभार्थियों व भुगतान को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार का संकट उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए एक एक समयबध स्थायी तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे को अत्यंत प्राथमिकता देकर तत्काल हस्तक्षेप करने और छात्रवृत्ति के भुगतान को बिना किसी देरी के सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

फाइल नंबर: Content Id: 76845

**TO BE PUBLISHED IN THE GAZETTE OF INDIA, EXTRAORDINARY PART-II, SECTION 3, SUB SECTION (ii)] GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS Notification**

NEW Delhi Dated the .............

SO.................. (E).—Whereas by the notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways, **5026(E) Dated:22/11/2024, 303(E) Dated:16/01/2025**, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii) issued under sub-section (1) of section 3A of the National Highway Act, 1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government declared its intention to acquire the land specified in the Schedule annexed to the said notification for **Widening / Re-construction to Two Lane with paved Shoulder of NH-143AG from Km 37.400 (Design chainage) to Km 85.560 (Design Chainage) Bero - Khunti Section (in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05) in the state of Jharkhand** in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND

And whereas the substance of the said notification has been published in **"Hindustan"** and **"Prabhat Khabar"** both dated ***01.03.2025 and 02.03.2025***; under sub-section (3) of section 3A of the said Act; And whereas the Competent Authority has received objections filed under Section 3-C, considered and settled the same appropriately; And whereas, in pursuance of sub-section (1) of section 3D of the said Act, the competent authority has submitted its report to the Central Government; Now, therefore, upon receipt of the said report of the competent authority and in exercise of the powers conferred by the sub-section (1) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that the land specified in the said Schedule should be acquired for the aforesaid purpose;

And further, in pursuance of sub-section (2) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that on publication of this notification in the Official Gazette, the land specified in the said Schedule shall vest absolutely in the Central Government, free from all encumbrances.

**SCHEDULE**

**Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 (in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND**

| State: JHARKHAND | | | District: RANCHI | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Survey/ Plot Number | Type of Land | Nature of Land | Area (in Hectares) | Name of Land Owner/Interested Person |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Taluk: Bero | | | | | |
| Village: HariharpurjaamToli | | | | | |
| 532 | 1 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | PARTI KADIM | 0.0016997 | Gairmajruwa Malik |
| 533 | 159 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | JANGAL MAJHOLA | 0.5670579 | Gairmajruwa Malik |
| 534 | 16 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | JANGAL JHAARI | 0.0077297 | Gairmajruwa Malik |
| 535 | 1685 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0263861 | Etwa Oraon, Vald-Shomra Oraon and Tumva Oraon, Vald - Charwa Oraon, and Jhupa Oraon, Vald-Shava Oraon, |
| 536 | 1807 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0563335 | Mangra Pahan, Father-Late Shankara Pahan |
| 537 | 1808 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0208013 | Etwa Oraon, Madra Oraon, Pesharan-Mangara |
| 538 | 1809 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0380008 | Etwa Oraon, Father-Magan Oraon, and Mandra Oraon , Father-Nirmal Oraon |
| 539 | 1810 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0927964 | Muni Ahir, Jagarnath Ahir, Peshar -Gandur Ahir and Khudi Ahir, vald-Puni Ahir, |
| 540 | 1811 | Private (RAIYATI) | PARTI KADIM | 0.2096722 | Wudhuwa Oraon, vald Chole Oraon and Gonwa Oraon, vald Lathea Oraon |
| 541 | 1812 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2570619 | Wudhuwa Oraon, vald Chole Oraon and Gonwa Oraon, vald Lathea Oraon |
| 542 | 1813 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.125779 | Budhwa Oraon, Bande Oraon, Father-Ache Oraon |
| 543 | 1815 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0020235 | Jeruk Oraon, Father- Matias Oraon |
| 544 | 1817 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | PARTI KADIM | 0.0118171 | Gairmajruwa Malik |
| 545 | 1819 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | JANGAL JHAARI | 0.025779 | Gairmajruwa Malik |
| 546 | 1823 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2896803 | Luka Oraon, Father-Karma Oraon |
| 547 | 1824 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0552408 | Soma Oraon, Peshran-Dhanwa Oraon |
| 548 | 1825 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1632942 | Mahadev Oraon , Father-Chegde Oraon |
| 549 | 1826 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1780656 | Mahadev Oraon , Father-Chegde Oraon |
| 550 | 1827 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1863618 | Mahadev Oraon , Father-Chegde Oraon |
| 551 | 1829 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0010927 | Wudhuwa Oraon, vald Chole Oraon and Gonwa Oraon, vald Lathea Oraon |
| 552 | 1842 | Private (RAIYATI) | PARTI NAALA | 0.0607042 | Simon Oraon, Father- Bira Oraon, and Mosomat Nandiya Uraain, Husband- Uma Oraon, |
| 553 | 1858 | Private (RAIYATI) | PARTI GADHA | 0.0048968 | Khedaiya Oraon, Father- Lalu Oraon |
| 554 | 1861 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0457305 | Khedaiya Oraon, Father- Lalu Oraon |
| 555 | 1862 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0445164 | Somra Oraon, Father- Rama Oraon |
| 556 | 1864 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0758397 | Somra Oraon, Father- Ram Oraon |
| 557 | 1870 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.098705 | Simon Oraon, Father- Bira Oraon and Mosomat Nandiya Uraain, Husband- Uma Oraon |
| 558 | 1871 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.105949 | Simon Oraon, Father- Bira Oraon and Mosomat Nandiya Uraain, Husband- Uma Oraon |
| 559 | 1872 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.2042088 | Munku Oraon, Vald-Tuna Oraon |
| 560 | 1873 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0561311 | Veersha Oraon, Vald -Munda Oraon, and Goenda Oraon, Vald-Champa Oraon |
| 561 | 1874 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0242412 | Veersha Oraon, Vald-Munda Oraon, and Goenda Oraon, Vald-Champa Oraon, |
| 562 | 1876 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0937272 | Goyanda Oraon , Dara Oraon, |
| 563 | 1877 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0916633 | Fagu Oraon, Vald-Etwa Oraon and Mushmat Lundu Orai, Jauje-Wudhua Oraon, |
| 564 | 1878 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.094739 | Pogro Oraon, Father-Shibu Oraon |
| 565 | 1879 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0854715 | Khedaiya Oraon, Father- Lalu Oraon |
| 566 | 1880 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1032376 | Khedaiya Oraon, Father- Lalu Oraon |
| 567 | 1891 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | JANGAL MAJHOLA | 0.0477944 | Gairmajruwa Malik |
| 568 | 19 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0365439 | Vakashat Bhuihari |
| 569 | 1909 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0039255 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 570 | 1910 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1692837 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 571 | 1912 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.150344 | Karma Munda , father-Gandu Munda |
| 572 | 1913 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0015783 | Karma Munda , father-Gandu Munda |
| 573 | 1915 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3288547 | Jamu Bhagat |
| 574 | 1916 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0785512 | Somra Oraon, Father- Rama Oraon |
| 575 | 1918 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0038446 | Tembua Bhagat, vald Dhupa Bhagat |
| 576 | 1920 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0014569 | Lajura Temba Oraon, Bina Oraon, Peshran-Bhokre Oraon |
| 577 | 1938 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | PARTI NAALI | 0.0362606 | Gairmajruwa Malik |
| 578 | 2 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | PARTI NAALI | 0.1659247 | Gairmajruwa Malik |
| 579 | 20 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0572643 | Vakashat Bhuihari |
| 580 | 21 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0049373 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 581 | 2167 | Private (RAIYATI) | PARTI KADIM | 0.0016997 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 582 | 2168 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1014569 | Wudhuwa Oraon, vald Chole Oraon and Gonwa Oraon, vald Lathea Oraon |
| 583 | 2171 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.3047349 | Ghasiya Mahto , father- Mangra Mahli |
| 584 | 2173 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | PARTI KADIM | 0.0508701 | Gairmajruwa Malik |
| 585 | 2174 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1043302 | Karma Bhagat |
| 586 | 2175 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | PARTI KADIM | 0.0224201 | Gairmajruwa Malik |
| 587 | 2176 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0288547 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 588 | 2180 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0914205 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 589 | 2181 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1041279 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 590 | 2182 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0530959 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 591 | 2184 | Private (RAIYATI) | PARTI KADIM | 0.0442736 | Ghasiya Mahto , father- Mangra Mahli |
| 592 | 2185 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2713476 | Wudhuwa Oraon, vald Chole Oraon, and Gonwa Oraon, vald Lathea Oraon, |
| 593 | 2188 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.057588 | Veersha Oraon, Vald -Munda Oraon, and Goenda Oraon, Vald-Champa Oraon, |
| 594 | 2202 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0291785 | Gandura Munda, Vald-Karma Munda and Vudhu Munda, Vald-Maga Munda |
| 595 | 2203 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1479158 | Gandura Munda, Vald-Karma Munda and Vudhu Munda, Vald-Maga Munda |
| 596 | 2204 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0267098 | Gandura Munda, Budhu Munda |
| 597 | 2206 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.012586 | Karma Munda , Father- Gandura Munda |
| 598 | 2209 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0081748 | Lajura Temba Oraon, Bina Oraon, Peshran-Bhokre Oraon, |
| 599 | 2211 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2515985 | Cheda Oraon, Lohra Oraon, Peshran-Gandur Oraon, and Chapwa Oraon, Peshran-Veersha Oraon, and Gandur Oraon, Son-Munku Oraon, Khudiya Bhagat, Father-Kheduwa Mahto |
| 600 | 2212 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0100769 | Malar Munda, Father- Sidhu Munda |
| 601 | 2214 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0060299 | Munku Oraon, Vald-Tuna Oraon, |
| 602 | 2216 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.035087 | Malar Munda, Father- Sidhu Munda |
| 603 | 2236 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2254958 | Jatru Oraon, Mangra Oraon, Peshran-Vajra Oraon, and Hal Dakhal Etwa Oraon, Vald-Shomra Oraon, and Tumva Oraon, Vald-Charwa Oraon, |
| 604 | 225 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | JANGAL MAJHOLA | 1.14225 | Gairmajruwa Malik |
| 605 | 225 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | JANGAL MAJHOLA | 0.2194658 | Gairmajruwa Malik |
| 606 | 2271 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0916228 | Somra Mahto, Father-Santosh Kumhar |
| 607 | 2274 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0007285 | Khudiya Bhogta, Father- Khedu Bhogta |
| 608 | 2275 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0734925 | Fagu Oraon, Vald-Etwa Oraon,and Mushmat Lundu Orai, Jauje-Wudhua Oraon, |
| 609 | 2276 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0992716 | Simon Oraon Upa Oraon, Vena Oraon, Damu Oraon, Peshran-Shukra Oraon |
| 610 | 2277 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0242817 | Fagu Oraon, Vald-Etwa Oraon, and Mushmat Lundu Orai, Jauje-Wudhua Oraon, |
| 611 | 2278 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0242817 | Veersha Oraon, Vald -Munda Oraon, and Goenda Oraon, Vald-Champa Oraon, |
| 612 | 2279 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0456091 | Veersha Oraon, Vald -Munda Oraon and Goenda Oraon, Vald-Champa Oraon |
| 613 | 2280 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0118576 | Simon Oraon Upa Oraon, Vena Oraon, Damu Oraon, Peshran-Shukra Oraon |
| 614 | 2282 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0070822 | Veersha Oraon, Vald -Munda Oraon, and Goenda Oraon, Vald-Champa Oraon, |
| 615 | 2288 | Government (GAIRMAZURUWA KHAS) | PARTI NAALI | 0.0535411 | Gairmajruwa Malik |
| 616 | 23 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0849049 | Madri , Athu Bhagat , father-Hadma Bhagat |
| 617 | 2305 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.022501 | Khudia Bhogta Vald - Khedua Bhogta |
| 618 | 2306 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0444759 | Khudia Bhogta, Vald - Khedua Bhogta, |
| 619 | 2307 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1260623 | Khudia Bhogta, Vald - Khedua Bhogta, |
| 620 | 2307 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1260623 | Khudia Bhogta, Vald - Khedua Bhogta, |
| 621 | 2308 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.0822339 | Khedaiya Oraon, Father- Lalu Oraon |
| 622 | 2313 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0983812 | Khudia Bhogta, Vald - Khedua Bhogta |
| 623 | 2314 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0927155 | Khudiya Bhogta, Vo - Kheduwa Bhagat |
| 624 | 2353 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0137596 | Bhoja Oraon |
| 625 | 2355 | Private (RAIYATI) | TAND III | 0.1226629 | Somra Mahto, Father-Santosh Kumhar |
| 626 | 2356 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.2010522 | Mangal Hazam |
| 627 | 2357 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0169972 | Mangal Hazam |
| 628 | 2358 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0347633 | Goyanda Oraon, Dara Oraon |
| 629 | 2359 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0161473 | Goyanda Oraon , Dara Oraon |
| 630 | 2360 | Private (RAIYATI) | TAND I | 0.0202347 | Phuchu Ahir, vald Ram Ahir, |

PR 368021 (Land Reforms)25-26*D

जिला भू अर्जन पदाधिकारी,रॉंची

## केरेडारी सीओ ने छात्रों को किया प्रेरित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** शिक्षा के प्रति लगाव और आगामी परीक्षा के मद्देनजर अंचल अधिकारी ने प्लस टू उच्च विद्यालय केरेडारी के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच पठन पाठन की चर्चा किया और इस दौरान विषयवार तैयारी की जानकारी छात्रों और शिक्षकों से प्राप्त किया। इस दौरान अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने छात्र छात्राओं के बीच सामान्य प्रतियोगिता परीक्षा में उपयोगी विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, सामान्य विज्ञान, भारत का भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय राजनीति विज्ञान, भारत का इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन आदि से संबंधित पुस्तकों का वितरण भी किया गया और छात्र छात्राओं को अनुशासन, समयबद्धता का पाठ पढ़ाकर प्रेरित किया। प्रखंड स्तर के अधिकारी को अपने बिच पाकर छात्र उत्साहित थे।

## स्कूल में करियर काउंसलिंग का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें विषय विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें सफलता के कई टिप्स भी बताये। कार्यशाला में वर्ग 10 वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें चैतन्या एकेडमी रांची के ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के विशेषज्ञ अंकित आनंद, आइआइटी गुवाहाटी से बीटेक होल्डर गणित विशेषज्ञ सुभाष कुमार, एनआइटी जमशेदपुर पास आउट जूलॉजी स्पेशलिस्ट अमरनाथ सिंह, आइआइटी धनबाद से पास आउट और इनॉर्गेनिक और फिजिक्स स्पेशलिस्ट मोहित कुमार, बॉटनी के विषय विशेषज्ञ हरिशु कुमार बतौर विशेषज्ञ मौजूद थे। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने इन सभी अतिथियों का स्वागत किया। आइआइटीयन अंकित आनंद ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सफलता के कई टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि आपको मेडिकल इंजीनियरिंग के अलावा जिस भी क्षेत्र में कैरियर बनाना है। इसके लिए मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने छात्रों को विषय याद करने के तरीके भी बताये। विशेषज्ञों की टीम ने टॉप करने वाले एक लड़का और एक लड़की को फ्री में चैतन्या एकेडमी में शिक्षा देने की बात कही। उन्होंने बहुत ही सरल और सहज भाषा में छात्रों के सवालों का जवाब दिया और उन्हें अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। चैतन्या एकेडमी की ओर से प्राचार्य प्रमोद शर्मा को मोमेंटो भी दिया गया गया। संचालन दसवीं की छात्रा खुशी सिंह ने किया। मौके पर उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, रूटिन इंचार्ज दीपक सर्राफ, भोला कुमार, सतीश कुमार, भोला कुमार, विशाल आनंद सहित लगभग 200 की संख्या ने बच्चे मौजूद थे।

## जयनगर में विहिप प्रखंड की बैठक संपन्न




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डंडाडीह पावरहाउस देशी तावा में विहिप प्रखंड कमिटी की बैठक विहिप प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा के अध्यक्षता में हुई। संचालन विहिप प्रखंड मंत्री सतीश पांडेय ने किया। प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा ने सभी पंचायत विहिप अध्यक्ष, बजरंग दल संयोजक, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी के लोगों से आग्रह किया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर सेवा और संघर्षों के 100 वर्ष पर हर पंचायत के हर गांव में पत्रक एवं पुस्तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के किए गए सेवा और राष्ट्र हित के कार्यों का स्मरण कराना है। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी इन पंच परिवर्तन के विषय को लेकर समाज को एक सूत्र में जोड़ने का प्रयास करना है। वहीं सर्वसम्मति से बजरंग दल के प्रखंड सह संयोजक संतोष कुमार साव को मनोनीत किया गया। मौके पर जिला सेवा प्रमुख सह पालक पप्पू कुमार बर्णवाल, विहिप जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, जिला प्रचार प्रसार संयोजक बिनोद कुमार बर्णवाल, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव, खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, विहिप सह मंत्री वीरेन्द्र साव, नगर मंत्री लालबहादुर चौधरी, रंजीत सिंह, शंकर दयाल पांडेय, खिरु साव, पिन्टु साव, बासुदेव साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## चलती ट्रेन में रुपयों की नहीं होगी दिक्कत, अब कोच में लगेगी एटीएम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अब चलती ट्रेन में भी रूपयों की निकासी कर सकते हैं। यात्रियों को रूपयों की समस्या नहीं होगी, इसलिए कि ट्रेनों में एटीएम लगेगा। इसकी शुरूआत कर दी गयी है। महाराष्ट्र की मनमाड़-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस में एटीएम ऑन व्हील्स की सुविधा शुरू की है। यह पहल यात्रियों को चलती ट्रेन में नकद की सुविधा देने और रेलवे के गैर किराया राजस्व को बढ़ाने के उद्देश्य से की गयी है। उक्त ट्रेन में यह सुविधा प्रायोगिक तौर पर किया गया है। यह सुविधा धनबाद दीक्षाभूमि एक्सप्रेस धनबाद एलपी एक्सप्रेस के अलावा धनबाद कोडरमा गया होकर चलने वाली दिल्ली मुम्बई की कई महत्वपूर्ण और लंबी दूरी वाली ट्रेनों में भी की जायेगी। रेलवे ने डिजिटल भारत की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। इस एटीएम को ट्रेन की मिनी पेंट्री को परिवर्तित कर स्थापित किया गया है। जिसे रबर पैड और बोल्ट की सहायता से कंपन से सुरक्षित किया गया है। साथ ही 2 अग्निशमन यंत्र भी लगाये गये हैं, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन किया जा सके। यह कदम यात्रियों को यात्रा के दौरान नकद की आवश्यकता पड़ने पर बड़ी राहत देगा। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार रेलवे विकसित भारत 2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए लगातार आधुनिकीकरण और इनोवेशन की दिशा में कार्य कर रही है। आधुनिक स्टेशन, अत्याधुनिक ट्रेनें और नई सुरक्षा प्रणालियां इस परिवर्तन की पहचान हैं। बताते चले कि स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड की व्यवस्था है, लेकिन ट्रेनों में टीटीई के पास यह व्यवस्था नहीं है। चलती ट्रेन में यदि कोई बिना टिकट पकड़ा जाता है और जुमार्ना राशि देने के लिए उक्त यात्री के पास नकद नहीं है तो समस्या खड़ी हो जाती है। एटीएम की व्यवस्था होने पर निकासी कर जुर्माना राशि का भुगतान किया जा सकेगा। धनबाद रेल मंडल के वरीय वाणिज्य प्रबंधक मोहम्मद इबकाल ने बताया कि मनमाड़ सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस में पहली बार प्रयोग के तौर पर एटीएम आन व्हील्स की सुविधा शुरू की गयी है। यह प्रयोग सफल होने पर अन्य ट्रेनों में भी यह सुविधा दी जायेगी।

## मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** रविवार को देर रात्रि मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान राजेश कुमार (29 वर्ष, पिता नांदो साव, ग्राम झरगांव) के रूप में की गई है। मारपीट की घटना के बाद 108 एंबुलेंस के द्वारा परिजनों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया। इस मामले में घायल व्यक्ति ने बताया कि घर के ही पास मामूली विवाद को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विधानसभा में छात्रवृत्ति मुद्दे पर खूब गरजे विधायक प्रदीप प्रसाद

## सदन में दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दे भी उठाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सूचना आयोग की गंभीर अनियमितताओं, पुलिस आधुनिकीकरण की धीमी प्रगति, कानून-व्यवस्था में गिरावट और छात्रवृत्ति वितरण में सरकार की विफलताओं जैसे महत्वपूर्ण जनसरोकार के मुद्दों को सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से सूचना आयुक्तों की नियुक्ति लंबित रहने के कारण सूचना आयोग लगभग निष्क्रिय अवस्था में पहुंच चुका है, जिससे जनता को सूचना प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि आयोग को कब पूर्ण रूप से कार्यशील बनाया जायेगा और लंबित नियुक्तियों की प्रक्रिया कितनी शीघ्र पूरी की जायेगी। सदन में झारखंड पुलिस के आधुनिकीकरण पर बोलते हुए उन्होंने यह चिंता व्यक्त की कि राज्य में अपराध बढ़ने के बावजूद पुलिस बल के हजारों पद रिक्त पड़े हैं, कई थानों में आज तक सीसीटीवी नहीं लगे हैं और अनेक थानों में रिसेप्शन कक्ष भी निर्मित नहीं हो सके हैं। उन्होंने कहा कि इन कमियों के कारण कानून-व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है और जनता की सुरक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। विधानसभा सत्र से पूर्व विपक्ष द्वारा सरकार के विरुद्ध विरोध-प्रदर्शन, छात्रवृत्ति भुगतान में विलंब पर सरकार को घेरा। छात्रवृत्ति वितरण में हो रही देरी के विरोध में उन्होंने भाजपा विधायकों के साथ मिलकर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति न मिलने से राज्य के लाखों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं और यह उनके भविष्य के साथ सीधा अन्याय है।

## दवा दुकानों में फिर चला छापेमारी अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतगावां।** सोमवार को पुनः दवा दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें अंचल अधिकारी केशव प्रसाद चौधरी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामाशीष चौधरी और थाना से एएसआई रणजीत सिंह ने दलबल के साथ छापेमारी अभियान चलाया। क्षेत्र के दर्जनों छोटे और बड़े दवा दुकान में छापेमारी की गयी। छापेमारी को लेकर क्षेत्र में बाजार से लेकर गांव तक के सभी दवा दुकानदार और अन्य छोटे दुकानदार अपने-अपने दुकान बंद कर दिये हैं। छापेमारी टीम के द्वारा बराबर क्षेत्र में गश्ती की जा रही है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सभी दवा दुकानदारों को सख्त निर्देश के बाद दुकान खुलवाया जा रहा है। इस मामले को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि दवा दुकान में सभी प्रकार के कागजात और दवा सही पाया गया है। एक दवा दुकान में स्टॉक पंजी नहीं रहने के कारण स्टॉक पंजी बनाने का निर्देश दिया गया है।

## वाहन जांच अभियान

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** सिकरी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने रविवार को केरेडारी बड़कागांव मुख्य सड़क के पतरा कलां चौक पर दोपहिया वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार दोपहिया वाहनों को फाइन के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को अग्रसारित किया। वाहन जांच के दौरान वैध ड्राइविंग लाइसेंस हेलमेट और वाहन की कागजात अपडेट रखने की बात ओपी प्रभारी ने वाहन चालकों से कही। साथ नियंत्रित गति से वाहन चलाने और नशे में वाहन नहीं चलाने को लेकर जागरूक भी किया। इस दौरान ओपी प्रभारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस तरह के जागरूकता अभियान समय समय पर चलता रहेगा। सभी वाहन चालक को संदेश दिया कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर मोटर यान परिचालन के नियमों का अनुपालन करें।

## सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत झलपो में एक टोटो के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसके चालक की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र के भंडरवा गांव निवासी 39 वर्षीय पप्पू कुमार (पिता महेंद्र यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पप्पू अपना खुद का टोटो चलाकर जीवन यापन किया करते थे। रविवार को भी वे टोटो चलाने के पश्चात रात करीब दो बजे अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान झुमरीतिलैया के कुंती कॉम्प्लेक्स के पास उसकी टोटो पलट गयी और उसी के नीचे दबने से उसकी मौत हो गयी। रात को पेट्रोलिंग कर रहे तिलैया पुलिस के पैंथर के जवान जब उस ओर से गुजर रहे थे तो उनकी नजर दुर्घटनाग्रस्त टोटो पर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना तिलैया थाना प्रभारी को दी। सूचना मिलने के पश्चात तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की तो पाया कि पप्पू की मौत हो चुकी थी। उन्होंने पुलिस जवानों की मदद से टोटो को उठवाया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। उन्होंने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को भी दी। मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और सोमवार को पोस्टमार्टम के पश्चात शव लेकर अपने घर चले गये। बताते चलें कि पप्पू अपने पीछे अपनी पत्नी और तीन बच्चे छोड़ गया है। घटना के पश्चात मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवादाता



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सोमवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय के एलुमनी अरुण कुमार दास ने विशेष व्याख्यान सत्र के अंतर्गत प्रकरण भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल्यों, उपयोगिता और महत्ता से अवगत कराया और पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहने प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने विषय एक शिक्षक की विभिन्न भूमिकाएं पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में फीडबैक और अनुभव साझा सत्र का आयोजन किया गया। इसमें सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का फीडबैक और उक्त कार्यक्रम से संबंधित अपना अनुभव साझा किये। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम शिक्षण यात्रा की मजबूत शुरुआत है, जो प्रशिक्षुओं को दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न यात्रा से अवगत कराती है। प्रशिक्षुओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए उन्हें शैक्षिक मूल्यों और पेशेवर नैतिकता से भी जोड़ते हैं। कार्यक्रम प्रशिक्षुओं को प्रभावशाली और सशक्त शिक्षक बनने की दिशा में मार्गदर्शन करता है। कार्यक्रम में बीएड प्रशिक्षु दीपक कुमार, सोनिया, विकास कुमार, सुधा, सिकन्दर कुमार, प्रियंका, मनीष कुमार, सपना, बिनोद कुमार, रितिका, विश्वजीत राज, प्रतिभा, योगेंद्र कुमार, पूजा कुमारी, लवजीत कुमार, ज्योति यादव, अनिल कुमार, मनीषा, अरुण कुमार पांडेय, शबनम प्रवीण, पवन पंडित, सूरज कुमार, नंदनी, बबीता, आयूष कुमार, समीना प्रवीण, मनोरंजन कुमार, प्रिया कुमारी, उर्मिला, ललिता, कविता, रवीना रंजन, मुनिता, साक्षी, राहुल कुमार, कुंदन कुमार, पवन कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ रविकांत तिवारी, डॉ पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, अवधेश कुमार यादव, डॉ पूजा, डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, डीएलएड समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव और चुन्नु कुमार, शिक्षकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, दीपक कुमार पांडेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार आदि उपस्थित थे। संचालन सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा ने किया।

## एफआरएस के खिलाफ सेविका सहायिका यूनियन का प्रदर्शन

- सेविका को डेटा पैक के साथ लैपटॉप दिया जाये : उषा रानी
- केंद्रीय मंत्री के नाम डीसी को सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

आजाद सिपाही संवादाता




**कोडरमा।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्प के देशव्यापी आह्वान पर केन्द्रीय मंत्रियों के संसदीय क्षेत्र में आंदोलन करने के फैसले के तहत सोमवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के बैनर तले समाहरणालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नाम डीसी को प्रतिनिधिमंडल मिल आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। इससे पूर्व हनुमान मंदिर चौक से सेविका सहायिकाओं की एक विशाल जुलूस निकला जो कोडरमा बाजार होते हुए समाहरणालय पहुंचकर प्रदर्शन और सभा में तब्दील हो गया। जुलूस में मजदूर विरोधी मोदी सरकार मुदार्बाद, लेबर कोड रद्द करो, आंगनबाड़ी में एफआरएस रद्द करो, परियोजना कर्मियों को 26 हजार वेतन देना होगा, समान काम का समान वेतन देना होगा आदि गगनचुंबी नारे लगाये जा रहे थे। जुलूस में बड़ी संख्या में सेविका सहायिका शामिल थी। प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी की अध्यक्षता में हुई। मुख्य वक्ता और आईफा की राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा रानी ने कहा कि एफआरएस के नाम पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का शोषण हो रहा है। उनके मानदेय रोके जा रहे हैं,जो बिल्कुल अन्याय है। कोडरमा से महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी हैं, फिर भी सेविका की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। तीन महीने से टीएचआर के लिए रेडी टू इट पैकेट नहीं मिल रहा है, तो एफआरएस तो एक धोखा होगा। इन्हें काम करने के लिए डेटा पैक के साथ लैपटॉप दिया जाये और ओटीपी के लिए लाभुकों को फोन दिया जाये, ताकि लाभुक अपने अधिकार से वंचित नहीं हों. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीणा गुप्ता ने कहा कि एसआइआर के कामों से सेविकाओं को मुक्त किया जाना चाहिए। इसके नाम पर पदाधिकारियों द्वारा इन महिलाओं को रात में भी काम करने के लिए फोन कर परेशान किया जाता है। आंगनबाड़ी सेविका को चुनाव कार्य से मुक्त किया जाना चाहिए। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार अपने कॉरपोरेट पक्षीय एजेंडे को जारी रखते हुए मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड को लागू कर दिया है, जिसका उद्देश्य आम जनता की बुनियादी लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों पर रोक लगाकर जनवादी आंदोलनों को कुचलना है। सभा को यूनियन के कोषाध्यक्ष लखन लाल मंडल, सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, जिला सचिव रमेश प्रजापति, आंगनबाड़ी यूनियन की जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद, मीनू मूर्मू, कुमारी चंदना, सोनामुनी मुर्मू, बिटियो किस्कु, सुरेन्द्र पांडेय आदि ने संबोधित किया। प्रदर्शन में महेन्द्र तुरी, संतोषी कुमारी, मंजू मेहता, शकुन्तला मेहता, सोनी कुमारी, कविता यादव, चींतामनी देवी, लीला, सुमित्रा, ललिता, प्रतिमा, बेबी, नीलम यादव, गुंजा, सोनी, संध्या बर्णवाल, विमला, रश्मि, रानी, रीना, मीना एक्का, सुमैया, निकहत, नाजरा, श्रुति, अंजु, मीरा, संध्या पांडेय आदि सेविका सहायिका शामिल थी।

## एनटीपीसी में उत्साह पूर्वक मनाया गया 10वां कोयला खनन दिवस



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने 10वां कोयला खनन दिवस उत्साह और गर्व के साथ सिकरी साइट ऑफिस में मनाया। इस अवसर पर कोल माइनिंग मुख्यालय के कर्मचारियों के साथ-साथ पकरी बरवाडीह, पकरी बरवाडीह नॉर्थवेस्ट, चट्टी बारियातू, केरेडारी और बदाम कोयला खनन परियोजनाओं के कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान के साथ हुई, जिसका उद्देश्य सतत और जिम्मेदार खनन के प्रति एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की प्रतिबद्धता को और मजबूत करना था। इस अभियान का नेतृत्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक खनन नवीन जैन और स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब अध्यक्ष पूनम जैन ने किया। कोल माइनिंग मुख्यालय और परियोजना टीमों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस पहल में सक्रिय रूप से शामिल हुए। पौधरोपण कार्यक्रम के बाद केक काटकर समारोह को आगे बढ़ाया गया, जिसने एकजुटता और सामूहिकता की भावना को और मजबूत किया। आशा और प्रगति के प्रतीक के रूप में गुब्बारे भी उड़ाए गए, जो संचालन के एक दशक और निरंतर वृद्धि का संकेत थे। कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाते हुए परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के छात्रों को अध्ययन सामग्री किट, खेल सामग्री, स्कूल ड्रेस और स्कूल बैग प्रदान किये गये। यह पहल एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की समुदाय विकास और शिक्षा उन्नयन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन कृतज्ञता संदेश और सतत खनन, संचालन उत्कृष्टता और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास की पुन: प्रतिज्ञा के साथ किया गया।

## झारखंड कुशवाहा महासभा का विशाल धरना - प्रदर्शन कल रांची में



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड कुशवाहा महासभा के बैनर तले 10 दिसंबर को रांची स्थित लोकभवन (राजभवन) के समक्ष पूर्वाह्न 11 बजे विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। इसी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर झारखंड कुशवाहा महासभा की एक अहम बैठक हजारीबाग परिसदन भवन में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के मुख्य संरक्षक सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, कृषि को उद्योग का दर्जा देने, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को प्रभावी करने, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा 21 लाख हेक्टेयर गैरमजरुआ भूमि को भूमि बैंक में शामिल करने के फैसले को रद्द कराने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर यह ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केवल हजारीबाग जिले से ही लगभग दो हजार लोग रांची पहुंचेंगे, वहीं पूरे झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में लोग इस धरना में शामिल होंगे। संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि ओबीसी को पूर्ण 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। पूरे झारखंड से कुशवाहा समाज के लोगों की व्यापक सहभागिता इसे ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जयनारायण मेहता, प्रवक्ता देवनारायण प्रसाद, जिला महासचिव इंद्रदेव मेहता, देवनारायण प्रसाद मेहता, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, ईश्वर दयाल मेहता, टिकेश्वर कुशवाहा, अनंत कुमार आर्या, गंगेश्वर मेहता, जय कुशवाहा, चंद्रदेव प्रसाद मेहता, विनोद कुमार मेहता, मुकेश मेहता, अजय मेहता, मनजीत मेहता, पप्पू कुशवाहा तथा अधिवक्ता शंभू प्रसाद कुशवाहा उपस्थित थे।

## कानी बाजार में सीसीटीवी कैमरा लग कर तैयार, हजारीबाग एसपी करेंगे शुभारंभ



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कानी बाजार विकास समिति की बैठक वर्षा अपार्टमेंट में ही। बैठक में कानी बाजार विकास समिति के द्वारा मोहल्ला में कराये जा रहे कार्यों का विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। अध्यक्ष अधिवक्ता रुद्र राज ने बताया क्षेत्र में 23 स्मार्ट ए आई सीसीटीवी कैमरा लगाये गये जो पूरे नये और आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैश है। कैमरा लगने के बाद असामाजिक लोग जो बैठकी करते थे वो कम हो गया नशा करने वाले लोग भी अब नहीं आते। हजारीबाग पुलिस विशेष कर सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह का भी भरपूर सहयोग मिला रात्रि गस्ती और असामाजिक लोगों पर कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व सुरक्षित वातावरण स्थापित किया। सचिव राजन जायसवाल ने कहा इस कार्य के लिए मोहल्ला के लोगों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया साथ ही और अपनी रुचि भी दिखाई। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष रुद्र राज उपाध्यक्ष निशांत जैन मनीष कुमार सचिव राजन जायसवाल, महासचिव ज्ञानचंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सरोज झा, अनिल रंजन, कृष्णा श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, पिंटू खंडेलवाल, सुमन अग्रवाल, राजकिशोर अग्रवाल समेत कई उपस्थित थे।

## टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय में बीज वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में बीओ सुधीर कुमार राय बी साहब बी टीम अमित मोहन कृषक मित्र प्रखंड अध्यक्ष प्रबिल प्रसाद ने किसानों के बीच बीज वितरण किया। कृषक मित्र प्रखंड अध्यक्ष प्रबिल प्रसाद ने बताया कि सरकार द्वारा जो बीज प्रखंड में आता है वैसे किसानों को दिया जाता है जो खेती कर अपना जीविका चला सके। बीज लेने वाले किसान दीपक कुमार, साहब पासवान, तिलेश्वर महतो, जीनू प्रसाद, धीरज कुमार, रघु यादव थे।

## कोडरमा-राजगीर नयी रेललाइन में काम के दौरान गिरने से मजदूर की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा राजगीर नई रेललाईन में काम करने वाले एक मजदूर की रविवार रात को कार्य के दौरान हादसे में मौत हो गयी। मृतक मजदूर की पहचान चतरा जिले के कुंदा निवासी 27 वर्षीय टकलू भुइयां उर्फ रोहित भुइयां के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के बड़े भाई शंकर भारती ने बताया कि उसका भाई टकलू भुइयां कोडरमा से राजगीर तक बन रहे नई रेल लाइन परियोजना में मजदूर का कार्य करता था। बीती रात उन्हें सूचना मिली कि उनके भाई रजौली के समीप निर्माणाधीन 113 नंबर ब्रिज के समीप किसी हादसे का शिकार हो गये हैं। जिसके बाद वे घटना स्थल पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्हें पता चला कि 113 नम्बर पुल पर बीती रात ढलाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान उक्त ढलाई मशीन खाई में गिर गई। जिस कारण टकलू भी खाई में जा गिरा, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## गोला मुखिया ने किया स्वेटर का वितरण



गोला (आजाद सिपाही)। गोला मुखिया बुल टी देवी ने सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से गर्म स्वेटर वितरित किये गये। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम को देखते हुए बच्चों का स्वास्थ्य प्राथमिकता है। इसलिए पंचायत की ओर से इस प्रकार की पहल जारी रहेगी। उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यों की प्रशंसा की। मौके पर उपमुखिया जीतेन्द्र साहू, सेविका कुंती देवी, सहायिका रीमा देवी, विशु रजवार, भानू रजवार आदि मौजूद थे।

## रूट्स माउंट स्कूल ने विद्यार्थियों को कराया गया निःशुल्क शैक्षिक भ्रमण, दिखा उत्साह



कुजू (आजाद सिपाही)। रूट्स माउंट स्कूल, सेवटा ने सोमवार को विद्यार्थियों का निःशुल्क शैक्षिक भ्रमण कराया। सोमवार को विद्यालय प्रबंधन ने वर्ग नर्सरी से दूसरी वर्ग तक के नन्हे बच्चों को ओरमांझी स्थित जैविक उद्यान का भ्रमण कराते हुए मछली और तितली घर का अवलोकन कराया। इस दौरान नन्हे बच्चों के चेहरों पर खुशियां ही खुशियां दिख रही थी। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों ने विभिन्न प्रजातियों के तितलियां, मछलियां, जलजीव और अन्य आकर्षक समुद्री जीवों को देखा और रोचक जानकारियां से अवगत हुए। वहीं, बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर निदेशक अखिलेश सिंह ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रमों से बच्चों को प्राकृतिक और वास्तविक वातावरण में सीखने का अवसर मिलता है। जिससे जिज्ञासा व ज्ञान में वृद्धि होती है। प्रबंधन ने बच्चों को निःशुल्क शैक्षिक भ्रमण और भोजन की व्यवस्था की है। कहा कि आने वाले दिनों में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। शैक्षिक भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## सौंदा डी पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पूर्व निर्धारित सूचना के आलोक में सोमवार को सौंदा डी पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा और संचालन पंचायत सचिव खुशबू रानी ने किया। ग्रामसभा का मुख्य उद्देश्य गुरु पुस्तकालय निर्माण से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा करना था। ग्रामसभा में यह निर्णय लिया गया कि पुस्तकालय का निर्माण पंचायत सचिवालय परिसर में किया जायेगा, जिसका निर्माण कार्य जिला खनन मद (डीएमएफटी) के तहत संपन्न होगा। ग्रामसभा में उपस्थित सदस्यों ने पुस्तकालय निर्माण को ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं और युवाओं को अध्ययन के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध होगा। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अरविंद ओझा, नरेंद्र कुमार, पंचायत स्वयंसेवक संतोष रजक और समाजसेवी मंटू छाबड़ा सहित कुल 22 ग्रामीण उपस्थित थे।

## कक्षा दशम के विद्यार्थियों के लिए भौतिकी की विशिष्ट कक्षा का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं के लिए भौतिक विषय की दूसरी बार विशिष्ट कक्षा का आयोजन किया गया। यह विशेष कक्षा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीप्रदीप के द्वारा ली गयी। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए सशक्त रूप से तैयार करना है। कक्षा के दौरान विद्यार्थियों को भौतिकी के महत्वपूर्ण अध्यायों, सूत्रों और बोर्ड परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रमुख प्रश्नों के समाधान की विस्तृत जानकारी विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से दी गयी। साथ ही छात्रों की व्यक्तिगत शंकाओं का समाधान करते हुए कठिन विषयों को सरल भाषा में समझाया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, अतः प्रत्येक विद्यार्थी को नियमित अभ्यास और अनुशासन के साथ अध्ययन करना चाहिए। कहा कि इस तरह की विशेष कक्षाएं सभी विषयों की आयोजित की जा रही हैं। नियमित प्रयासों से इस वर्ष कक्षा दशम का बोर्ड परिणाम न केवल उत्कृष्ट होगा बल्कि विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित करेगा।

## अफीम की खेती को किया गया नष्ट



हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी अभियान प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में चतरा पुलिस कप्तान के निर्देश पर चतरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व मे हंटरगंज थाना के सशस्त्र बल हंटरगंज वन क्षेत्र के पदाधिकारी गण और कर्मी और झारखंड जगुवार के कर्मियों के साथ हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुटा, फाटा, मुरैनवा और कोलवा में वन भूमि और गैरमजरुआ सरकारी भूमि में लगे करीब 3 एकड़ अफीम की खेती को ट्रैक्टर और मशीनरी जाने का रास्ता नहीं रहने के कारण साथ ले गये ड्रोन कैमरा की मदद से अफीम की खेती को चिन्हित करते हुए मजदूर के द्वारा और साथ गये कर्मियों के द्वारा शुरुआती दौर में ही नष्ट कर दिया गया। खेती में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। जिससे अफीम की खेती करने वालों में हड़कंप मच गया है। चतरा पुलिस का आम जन से अफीम की खेती न करने का अनुरोध कर रही है। विनिष्टीकरण अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, जगुआर की टीम वन प्रक्षेत्र के पदाधिकारी और कर्मी और करीब 40 मजदूर सहित दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# चोरों ने दिन-दहाड़े 12 लाख नगद और लाखों के जेवर उड़ाये

**चोरी के दौरान बुजुर्ग महिला के साथ की हाथापाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। दिनदहाड़े घर में घुसकर 12 लाख रुपये नगद और लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवर उड़ा लिए। इस मामले में घर के मालिक मनोज कुमार साहू के द्वारा रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सोमवार को रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है



आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

**नगद के साथ जेवर किये गये चोरी :** मनोज साहू जब अपने घर लौटे तो घर में सारा सामान बिखरा पाया। उन्होंने जब अपना अलमीरा चेक किया तो वहां से नगद 12 लाख, सोने का दो पीस झुमका, चार जोड़ा कनबाली, 10 जोड़ा चांदी का बेरा, एक जोड़ा सोने का कंगन, एक पीस चांदी का चेन, सोने का एक फूल, दो जोड़ी अंगूठी, एक मांगटीका, एक सोने का हार, दो बजरंगबली का लॉकेट और एलआइसी का पेपर गायब पाया।

**एसआइपी क्लास गये परिवार के घर को किया खाली**

जेल रोड के रहने वाले मनोज कुमार साहू रविवार को अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एसआइपी क्लास, गणिनाथ स्कूल, विकास नगर गये हुए थे। उस समय उनकी मां घर पर अकेली थी। पीछे का दरवाजा खुला होने के कारण चोर सीधे उनके घर में घुसे और लाखों की संपत्ति चुरा ली। जब घर में समान गिरने की आवाज आइ तो मनोज कुमार साहू की मां पीछे के दरवाजे के तरफ दौड़ी। इस दौरान उन्होंने देखा कि सनी करमाली और पिंटू मुंडा अपने कुछ साथियों के साथ सामान लेकर भाग रहे हैं। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उन लोगों ने बुजुर्ग महिला के साथ हाथापाई भी की।

# अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**उत्पाद विभाग द्वारा चलाया गया छापामारी अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में सहायक आयुक्त उत्पाद बिमला लकड़ा के निर्देश पर सोमवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अवैध देसी महुआ शराब को नष्ट किया गया। साथ ही जावा महुआ को भी नष्ट किया गया है। गोला थाना अंतर्गत कामता गांव में सघन और व्यापक उत्पाद छापामारी की गयी। जहां से



विभिन्न ब्रांड के 69 बोतल अवैध विदेशी शराब के साथ एक अभियुक्त मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया।

**1000 किलो जावा महुआ किया गया नष्ट :** छापेमारी के दौरान मनीष कुमार के मामा हितलाल साव, संतोष साव और पंचम साव के घर से 100 लीटर महुआ शराब और 1000 किलोग्राम जावा महुआ जब्त किया गया। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया। छापामारी अभियान अवर निरीक्षक उत्पाद कांग्रेश कुमार के नेतृत्व में अवर निरीक्षक उत्पाद अमित मड़की और प्रतिनियुक्त गृहरक्षक जवान के सहयोग से संपन्न किया गया।

## पहाड़ पर मिला शव

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के काजू बागान में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सोमवार को गागरिया पहाड़ पर अज्ञात व्यक्ति की लाश होने की खबर मिली तो सनसनी फैल गयी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि काजू बागान में गागरिया पहाड़ काफी सुनसान इलाका है। ठंड के इस मौसम में वहां लोगों की आवाजाही कम ही रहती है। जिस व्यक्ति की लाश मिली है, उसके मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस को संदेह है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी हत्या की गयी है। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में लोगों से पूछताछ की। लेकिन किसी भी व्यक्ति के द्वारा उसकी पहचान नहीं की जा सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## एक्टू का झारखंड विधानसभा के समक्ष धरना-प्रदर्शन 10 दिसंबर को

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। ऐक्टू के जिला सचिव सह प्रदेश उपाध्यक्ष अमल घोषाल ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि आगामी 10 दिसंबर को झारखंड विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा पिछले 21 दिसंबर को 4 लेबर कोड के नोटिफिकेशन लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह काला कानून मजदूरों के गुलामी का दस्तावेज है। यह साफ तौर पर देश के मेहनतकश मजदूरों के साथ कपटपूर्ण धोखा है। हम धरना प्रदर्शन से हेमंत सरकार से मांग करेंगे कि विधानसभा में इस चार लेबर कोड बिल को ध्वनि मत से खारिज करें। इस धरना प्रदर्शन में रामगढ़ जिले सहित पूरे राज्य से हजारों की संख्या में मजदूरों की भागीदारी होगी। इस अवसर पार्टी के नेता देवकीनंदन बेदिया ऐक्टू के सरयू बेदिया, अजीत बेदिया, जय किसन बेदिया आदि मौजूद थे।

# तेज रफ्तार बाइक ने ली महिला की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** जिला प्रशासन के लाख सख्तियों के बावजूद भी जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। जिसके चलते कई लोग हादसों में अपनी जान गंवा चुके हैं। ताजा मामला जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोदोंबार गांव का है। जहां तेज रफ्तार बाइक ने एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी। तभी स्थानीय लोग घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज अस्पताल लेकर गये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दी। मृतका की पहचान डटमी गांव निवासी पिंटू भारती के 30 वर्षीय पत्नी अनीता देवी के रुप में हुई। इस हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है परिजनों के चीख चीत्कार से माहौल गमगीन है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर सोमवार दोपहर परिजनों को सौंप दी है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और लापरवाह चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हंटरगंज में यह ताजा हादसा एक बार फिर सवाल खड़ा करता है कि कब तक रफ्तार की लापरवाही निर्दोष जिंदगियों को लीलती रहेगी। पुलिस अब इस मामले को गंभीरता से जांच रही है वहीं बाइक को जब्त कर ली है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही दोषी चालक को पकड़कर कार्रवाई की जायेगी।

**सड़क दुर्घटना में चालक घायल**



हंटरगंज /चतरा। थाना क्षेत्र में सोमवार शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना हंटरगंज डुमरिया मुख्य पथ पर सतघरवा मोड़ के पास हुई, जहां तेज रफ्तार एक बाइक बेकाबू होकर पलट गयी। घायल युवक की पहचान बिहार के गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम धमना गांव निवासी कपिलदेव विश्वकर्मा के 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। तिलहेत पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामबाबू ने तत्काल 108 को घटना की सूचना दी। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल नीतीश कुमार को इलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट रहने के कारण गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार बताया जा रहा है कि युवक की स्थिति चिंताजनक है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक हंटरगंज बाजार से अपने गांव जा रहा था। सतघरवा मोड़ के समीप तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित हो गयी और सड़क के बीचो-बीच पलट गयी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# राधा गोविंद विवि के हिंदी विभाग में साहित्यिक उत्सव का आयोजन

**नवीन जी केवल कवि ही नहीं, बल्कि ओजस्वी वक्ता और श्रेष्ठ पत्रकार भी थे : बीएन साह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के हिंदी विभाग द्वारा बालकृष्ण शर्मा नवीन जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था बालकृष्ण शर्मा नवीन का साहित्यिक योगदान।

कार्यक्रम की शुरुआत नवीन जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। हिंदी विभाग के छात्रों ने नवीन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षिप्त प्रस्तुति भी दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने अपने संबोधन में कहा कि बालकृष्ण शर्मा नवीन हिंदी साहित्य की राष्ट्रीय चेतना के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर रहे हैं। उनकी कविता में देशभक्ति, समकालीन राजनीतिक संवेदना और मानवीय सरोकारों की गहरी अभिव्यक्ति मिलती है। विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए नवीन जी का साहित्य प्रेरणा का प्रमुख स्रोत है। उन्होंने छात्रों को साहित्य अध्ययन में गंभीरता और निरंतरता बनाये रखने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो रश्मि ने कहा कि नवीन जी केवल कवि ही नहीं, बल्कि ओजस्वी वक्ता और श्रेष्ठ पत्रकार भी थे। उनका साहित्य हिंदी की राष्ट्रभाषा यात्रा में मील का पत्थर है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों में साहित्यिक चेतना, विश्लेषण कौशल और अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करना है। निबंध प्रतियोगिताएं इसी दिशा में सार्थक कदम हैं। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर ने कहा कि नवीन जी ने हिंदी कविता को न केवल ओजपूर्ण बनाया, बल्कि भाषा को सरल, सशक्त और जनोन्मुखी रूप भी दिया। छात्रों ने जिस उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया, वह विभाग की शैक्षणिक सक्रियता का प्रमाण है। उन्होंने साहित्यिक कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की घोषणा भी की।



**विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार दिया गया :** प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल ने मौलिकता, भाषा की शुद्धता, विषय की समझ और अभिव्यक्ति के स्तर पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किये गये। समापन के दौरान सभी अतिथियों ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, हिंदी विभाग के अन्य व्याख्याता और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छट्ठी संस्कार समारोह में युवा नेता गौतम रविदास हुए शामिल



लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम लुटू में ग्रामवासी शंकर महतो के घर पुत्री प्राप्ति के उपलक्ष्य में आयोजित छठी संस्कार कार्यक्रम में युवा नेता गौतम रविदास शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ शिक्षक जागेश्वर महतो, शिक्षक अमरेश रजक, अक्षय कुमार, रविन्द्र कुमार सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान गौतम रविदास ने नवजात पुत्री के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बेटी घर और समाज की रोशनी होती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हमारे सामूहिक संकल्प का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि समाज में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने सभी उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के संस्कारक आयोजन समाज में आपसी एकता और सद्भाव को मजबूत बनाते हैं।

## गति सीमा निर्धारित करने की मांग को लेकर उड़सू के ग्रामीणों ने की सड़क जाम

टंडवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के उड़सू के ग्रामीणों ने भारी वाहनों से उड़ते धूल कण और तेज रफ्तार के खिलाफ सोमवार को सड़क को आठ घंटे तक जाम कर दिया गया, दर्जनों महिलाओं पुरुषों ने कोल और फलाई एस ढुलाई में लगे हाइवा वाहनों को रोक कर विरोध करने लगे, जम कर नारे बाजी की गयी। वहीं सड़क जाम रहने से वाहनों की लंबी कतार लग गया। उड़सु निवासी विजय पासवान, जगलाल उरांव, अजय पासवान, कुंदन पासवान ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया। बताया गया की तेज रफ्तार की गति सीमा कम किया जाये, कोयला और फलाई एस ढुलाई करने के दौरा मुख्य सड़कों पर उड़सू मोड के पास कोयला और फ्लाइस गिरा दिया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग किया गया, प्रशासन को अवगत कराया गया की इससे सड़को पर प्रदूषण और सुक्ष्म कण, धूल ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है, इसका सीधा असर गांव के घरो में पहुंचने से बच्चे परेशान हो रहे, सभी का खांसी शर्दी बढ़ गया है। इलाज के बाद भी ठीक नहीं हो रहे है। उड़सू मोड से शहीद चौक तक ट्रांसपोर्टर द्वारा सड़को पर झाड़ू लगाकार साफ सफाई करवाने और पानी छिड़कने की मांग रखी हैं। वहीं ग्रामीणों को इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने संज्ञान लेकर आश्वस्त किया है दस दिसंबर को थाना परिसर में कोयला और फलाई एस ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक करके उपरोक्त समस्याओं को दूर करने की आश्वस्त किया। तत्पश्चात कोल वाहनों के जाम से मुक्त किया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु खुले ई-निविदा के लिए निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदिकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं : **ई-निविदा संख्या-GEM/2025/B/6962069, dated 04/12/2025 क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल अंतर्गत चोपन, सिंगरौली, रेणुकूट एवं शक्तिनगर रनिंग रूम में इच्छुक क्रू को रियायती भोजन के लिए कच्चे माल की आपूर्ति और रियायती भोजन बनाने एवं लिनेन धुलाई का कार्य 01 वर्ष तक आउटसोर्सिंग के द्वारा कराने हेतु। **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू० 2,44,78,117.06 **(3) अग्रधन राशि :** रू० 2,72,400.00 **(4) ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा का बंद होना :** 25.12.2025 को 17:00 बजे। **ई निविदा का खुलना :** 25.12.2025 को 17:30 बजे। **(6) वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट **http://gem.gov.in** विशेष : ई-निविदा के तहत कसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.), धनबाद
पीआर/1401/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25-26/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**WAG9 लोकोमोटिवों में पारंपरिक ब्रेक रिगिंग का प्रावधान**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता/ पतरातू पूर्व मध्य रेल, पतरातू सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई-निविदा सं. **BulkRSP24-25BrakeRigging** हेतु खुला ई-निविदा आमंत्रित करती है। विववरण निम्नलिखित है। **क्रम सं०-(1) कार्य का नाम तथा स्थान -** WAG9 लोकोमोटिवों में पारंपरिक ब्रेक रिगिंग का प्रावधान। स्थान-पतरातू। **(2) कार्य का अनुमानित लागत : रू.** 5,90,80,837.79 (पाँच करोड़ नब्बे लाख अस्सी हजार आठ सौ सैंतीस रूपये और उनहत्तर पैसे मात्र) **(3) अग्रधन राशि :** रू. 4,45,400.00 (चार लाख पैंतालीस हजार चार सौ मात्र) (4) निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय : 22.12.2025 से 05.01.2026 को 15:00 बजे निविदा बंद होने तक। **(5) वेबसाईट का विवरण जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध है :** IREP वेबसाईट: www.ireps.gov.in / निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित निविदा प्रस्ताव केवल इसी वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं तथा ऐसे किसी भी मैनुअल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति :** डीजल लोको शेड, पतरातू का सूचना पट्ट।

**वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व मध्य रेल/पतरातू**
पीआर/1405/लोको शेड पतरातू/एमईसीएच/टी/25-26/40



**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**

www.azadsipahi.in



**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या - 03, दिनांक : - 06.12.2025 के अनुसार मै राकेश कुमार पिता मोहन मेहता उम्र लगभग 22 वर्ष सा०-जंगीपुर, पो०थाना- नगर उँटारी, जिला- गढ़वा, राज्य झारखण्ड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथपूर्वक निम्नांकित व्यान करता हूँ:- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं0 4406 7105 3374 के अनुसार मेरा नाम साकेत कुमार तथा जन्म वर्ष 2002 है जो कि भूल वश अंकित हो गया है। 3. यह कि मेरा शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम राकेश कुमार तथा जन्म तिथि 15.06.2003 है जो कि मेरा ही नाम है अर्थात मैं उक्त दोनो नाम साकेत कुमार (SAKET KUMAR) एवं राकेश कुमार (RAKESH KUMAR) जाना पहचाना जाता हूँ। 4. यह कि मेरा उक्त नाम से मेरे गाँव/मुहल्ला में और कोई दुसरा व्यक्ति नहीं है जो कि सही एवं सत्य है। 5. यह कि मैं अपना आधार कार्ड में नाम साकेत कुमार (SAKET KUMAR) को बदल कर अपना शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार सही नाम राकेश कुमार (RAKESH KUMAR) को एवं जन्मतिथि 15.06.2003 अपना आधार कार्ड में कराने के प्रमाण में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-106-109-25, दिनांक 05.12.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लिखित अनुसार **समपार, सैंड हंप, सेस की मरम्मत** तथा **विविध कार्यों** के लिए **04 (चार)** अदद ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-106-25। कार्यों का विवरण:** आद्रा मंडल में डीईएन (नॉर्थ)/आद्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन (1) पुरुलिया-कोटशिला-राजबेरा, अनारा-रुकनी, महुदा-चंद्रपुरा के बीच एवं टीटी लाइन खंड के 16 अदद समपार फाटक पर शिफ्टिंग गेट बैरियर द्वारा समपार का मानकीकरण, दृश्यता, सड़क सतह का सुधार और गेट लॉज का मानकीकरण, (2) असुरक्षित लोकेशनों की उक्त दुर्घटना को रोकने के लिए चालू रेलवे ट्रैक को सुरक्षित रखने हेतु सड़क की बैरिकेडिंग/बाड़ लगाना आवश्यक है। **निविदा मूल्य: ₹** 3,83,80,019.16। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-107-25। कार्यों का विवरण:** आद्रा मंडल में सैंड हंप एवं डेड एंड का मानकीकरण आदि। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,91,58,621.45। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-108-25। कार्यों का विवरण:** आद्रा मंडल में सेस की मरम्मत एवं सेस का चौड़ीकरण। **निविदा मूल्य:** ₹ 10,61,72,460.17। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-109-25। कार्यों का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में निर्धारित क्षेत्र पर ट्रॉली रिफ्यूजी, पाथवे का निर्माण तथा रिलीज्ड स्लीपर एवं सेस ड्रेसिंग द्वारा बाउंड्री पोस्ट की फिक्सिंग आदि। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,09,24,860.87। ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय **08.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे** (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए) है। उपर्युक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। (PR-929)

# गोवा के जानलेवा नाइट क्लब

उत्तरी गोवा के एक नाइट क्लब में आग लगने से हुई मौतों के लिए की वजह लापरवाही है। जितनी तत्परता अब दिखायी जा रही है, अगर ऐसी संजीदगी नियमों का पालन करने और कराने में होती, तो इस हादसे से बचा जा सकता था।

**लापरवाहियों की लिस्ट :** नाइट क्लब में शनिवार आधी रात को जब आग लगी, तब यह पूरी तरह भरा हुआ था। वीकेंड मनाने आए लोग अचानक ही लपटों और धुएं के बीच फंस गये और ऐसी अफरा-तफरी मची कि कई लोगों को बाहर निकलने का रास्ता ही नहीं मिला। अगर लापरवाहियों की लिस्ट निकाली जाये, तो बेहद लंबी है।

**नियमों की अनदेखी :** नाइट क्लब तक पहुंचने का रास्ता इतना संकरा है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को 400 मीटर दूर खड़ा होना पड़ा। सजावट के लिए ताड़ के सूखे पत्तों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने आग और भड़का दी। भीड़भाड़ वाली जगहों पर एंट्री से ज्यादा महत्वपूर्ण इमरजेंसी एग्जिट प्वॉइंट्स होते हैं, लेकिन इस क्लब में लगता है कि इसकी भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे कई लोग भटक कर किचन में पहुंच गये, जहां से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। यह नाइटक्लब बिना मंजूरी के चल रहा था। लोकल अथॉरिटी के मुताबिक, निर्माण अवैध था।

**गोवा के जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 16% से ज्यादा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से सितंबर के बीच 6.23% ज्यादा टूरिस्ट गोवा पहुंचे।**

**एक जैसी लापरवाही:** जांच जारी है, और कई अनियमितताएं एवं नियमों का उल्लंघन सामने आये, तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा मानकों को लेकर यह लापरवाही आम है। खास कर फायर सेफ्टी को लेकर। इसी साल मई में हैदराबाद के गुलजार हौज इलाके में एक आवासीय बिल्डिंग में आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गयी थी। वहां भी हताहतों की संख्या ज्यादा होने के पीछे यही वजह निकली - संकरे रास्ते, वेंटिलेशन की कमी।

**देर से जागे:** अब सभी क्लब की जांच करने की बात की जा रही है, लेकिन इसके लिए किसी हादसे का इंतजार नहीं किया जाना चाहिए। मानकों और सुरक्षा उपायों की रेगुलर चेकिंग अथॉरिटीज की जिम्मेदारी है। बिना लाइसेंस चल रहे क्लब, होटल या रेस्तरां को बंद कराने के साथ यह जानना भी जरूरी है कि आखिर ये खुल कैसे जाते हैं और फिर कैसे धड़ल्ले से चलते रहते हैं।

**पर्यटन को नुकसान :** गोवा के जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 16% से ज्यादा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से सितंबर के बीच 6.23% ज्यादा टूरिस्ट गोवा पहुंचे। ऐसे में यह घटना राज्य की अच्छी छवि पेश नहीं करती, जहां पहले ही टैक्सी चालकों की मनमानी और पर्यटकों के साथ अभद्रता की कुछ समस्या रही है। राज्य सरकार को ऐसे उपाय करने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं हो।

अभिमत
आजाद सिपाही

**संविधान और संसद से बनाये गये कानून चुनाव आयोग को समय-समय पर मतदाता सूची को अपडेट और संशोधित करने की जिम्मेदारी देते हैं, फिर भी ये पार्टियां इस प्रक्रिया का कड़ा विरोध कर रही हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाते हुए हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन पार्टियों ने पहले बिहार में भी एसआइआर का विरोध किया था, लेकिन उन्हें सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। अदालत ने कुछ शर्तों के साथ चुनाव आयोग को यह प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दे दी।**

# गैर-नागरिक मतदाता नहीं हो सकते

**ए. सूर्य प्रकाश**



कांग्रेस और भाजपा के विरोध में खड़े अन्य दलों के नेता भारत के चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का जोरदार विरोध कर रहे हैं। हालांकि, संविधान और संसद से बनाये गये कानून चुनाव आयोग को समय-समय पर मतदाता सूची को अपडेट और संशोधित करने की जिम्मेदारी देते हैं, फिर भी ये पार्टियां इस प्रक्रिया का कड़ा विरोध कर रही हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाते हुए हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन पार्टियों ने पहले बिहार में भी एसआइआर का विरोध किया था, लेकिन उन्हें सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। अदालत ने कुछ शर्तों के साथ चुनाव आयोग को यह प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दे दी। आखिरकार, इतने शोर-शराबे के बाद भी बिहार में लगभग किसी भी मतदाता ने यह शिकायत नहीं की कि उसका नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से हटाया गया है। ये पार्टियां चाहे जितना शोर मचाएं, लेकिन वे चुनाव आयोग को उसकी जिम्मेदारी निभाने से नहीं रोक सकतीं।

मतदाता सूची से उन लोगों के नाम हटाना जरूरी है, जो अब नहीं रहे, घर बदल चुके हैं, या फिर गैरकानूनी तरीके से वोटर सूची में शामिल हो गये हैं। अगर हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता बनाये रखना चाहते हैं, तो यह प्रक्रिया करना बहुत जरूरी है। लेकिन कांग्रेस पार्टी और तृणमूल कांग्रेस, राजद और डीएमके जैसी पार्टियां एसआइआर का लगातार विरोध कर रही हैं। चुनाव आयोग की ओर से हाल ही में 12 राज्यों में यह प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा का भी इन पार्टियों ने जोरदार विरोध किया है। अजीब बात यह है कि इन पार्टियों ने एसआइआर के खिलाफ जो आपत्तियां उठायीं, उनमें से एक यह थी कि चुनाव आयोग गैर-नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर कर देगा। लेकिन यही तो संविधान चुनाव आयोग से अपेक्षा करता है कि केवल भारतीय नागरिक ही वोटर बनें।

**चुनाव आयोग की ओर से हाल ही में 12 राज्यों में यह प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा का भी इन पार्टियों ने जोरदार विरोध किया है।**

अगर आयोग यह जिम्मेदारी पूरी नहीं करेगा, तो अवैध घुसपैठियों और गैर-कानूनी प्रवासियों के लिए मतदाता सूची में घुसने के रास्ते खुल जाएंगे। यह भारत की एकता, अखंडता और हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया, दोनों के लिए गंभीर खतरा होगा। सवाल यह है कि ये पार्टियां गैर-नागरिकों के नाम हटाने का विरोध क्यों कर रही हैं? यह मुद्दा शासन पर भी गंभीर असर डालता है, क्योंकि संविधान के अनुसार 25 वर्ष से ऊपर का हर वोटर विधायक या सांसद बन सकता है, और आगे चलकर किसी राज्य का मुख्यमंत्री या देश का प्रधानमंत्री भी बन सकता है। इसलिए चुनाव आयोग की बड़ी जिम्मेदारी है कि गैर-नागरिकों को वोटर सूची में शामिल न होने दे। भारत के चुनाव आयोग की शक्तियां संविधान में साफ लिखी गयी हैं। अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को यह अधिकार देता है कि वह चुनावों की देखरेख, दिशा और नियंत्रण करे। इसमें कहा गया है: (1) संसद, हर राज्य की विधानसभा, और संविधान के तहत होने वाले राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के चुनाव इन सभी के लिए मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने की पूरी जिम्मेदारी और अधिकार एक आयोग (जिसे संविधान में चुनाव आयोग कहा गया है) को दिये जाते हैं।

मतदाता सूची तैयार करने के विषय में संविधान का अनुच्छेद 326 यह घोषित करता है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। यानी, हर वह व्यक्ति जिसका भारत का नागरिक होना जरूरी है, जिसकी उम्र तय तारीख तक कम से कम 18 वर्ष हो और जिसे गैर-निवास, मानसिक अस्वस्थता, अपराध या किसी भ्रष्ट या अवैध आचरण के कारण अयोग्य न ठहराया गया हो, वह मतदाता के रूप में पंजीकृत होने का हकदार है। सीधी भाषा में कहा जाये तो चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि हर पंजीकृत वोटर-भारत का नागरिक हो, और 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का हो साथ ही संविधान और कानून में बतायी गयी अन्य योग्यताओं को भी पूरा करता हो।

इसके अलावा, नागरिकता से जुड़ी यह शर्त जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 में और भी स्पष्ट रूप से बतायी गयी है। इसमें कहा गया है कि जो व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं है, वह मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के योग्य नहीं है। धारा 21 चुनाव आयोग को यह अधिकार देती है कि वह तय नियमों के अनुसार मतदाता सूची तैयार करे और समय-समय पर उसमें संशोधन करे। इस तरह, संविधान और संसद से बनाये गये चुनाव कानून दोनों साफ कहते हैं कि केवल भारतीय नागरिक ही वोटर बन सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए नागरिकता कितनी जरूरी है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण सोनिया गांधी का मामला है। सोनिया गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल हो गया था, जबकि उस समय वह इटली की नागरिक थीं। शिकायत मिलने पर 1982 में उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया। उन्होंने अप्रैल 1983 में भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया और उसी महीने उन्हें नागरिकता दे दी गयी। इसके बाद उनका नाम फिर से मतदाता सूची में शामिल किया गया, उस समय वह 1, सफदरजंग रोड पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ रहती थीं।

इन सब तथ्यों के बाद यह कहना बिल्कुल अजीब लगता है कि चुनाव आयोग को नागरिकता की इस अनिवार्य शर्त पर जोर नहीं देना चाहिए। दुर्भाग्य से, देश की सबसे पुरानी पार्टी के कुछ प्रवक्ता भी इन संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों से अनजान हैं। उनमें से एक ने तो कुछ समय पहले ट्वीट करके चुनाव आयोग के नागरिकता की जांच करने के अधिकार पर ही सवाल उठा दिया था।

अगर ऐसा है, तो क्या हम मान लें कि संविधान के अनुच्छेद 324 और 326 को ही हटा दिया गया है? पिछली बार एसआइआर लगभग 20 साल पहले, 2002-2004 के बीच किया गया था। उस समय यह प्रक्रिया बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में हुई थी। जरा सोचिए, पिछले 22 वर्षों में कितने लोग इन सूचियों में दर्ज थे जो अब नहीं रहे, घर बदल चुके हैं, या राज्य से बाहर चले गये हैं?

इसलिए चुनाव आयोग को संविधान और संसद की ओर से दिए गये अपने कर्तव्य का पालन करना ही चाहिए। उसे संविधान के प्रति वफादार रहना चाहिए और किसी धमकी या आरोप से डरना नहीं चाहिए।

**(लेखक : एक वरिष्ठ पत्रकार हैं। वह प्रसार भारती के चेयरमैन रह चुके हैं। इस समय वह नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय की कार्यकारिणी परिषद के उपाध्यक्ष हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### फेडरेशन कराटे प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल की रक्षा ने जीता स्वर्ण पदक



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की फेडरेशन कराटे प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल, गम्हरिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व झारखंड का मान बढ़ाया। विभिन्न आयु और भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम ने कुल 2 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य पदक अपने नाम किए। विद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ी एवं वरिष्ठ पत्रकार विजय साहू की पुत्री रक्षा कुमारी ने 13 वर्ष आयु वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं सीनियर वर्ग में स्मिता दास ने अपने कौशल का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। झारखंड राज्य फेडरेशन की ओर से स्मिता दास को 3000 रुपये और रक्षा कुमारी को 2000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गयी। साथ ही दोनों को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल कर सम्मानित किया गया। बता दें कि यह राष्ट्रीय स्तरीय कराटे फेडरेशन गेम्स 6 और 7 दिसंबर को सनवैली पब्लिक स्कूल, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित हुई थी, जिसमें विद्या ज्योति स्कूल के 9 प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया था।

### एमटीसी मॉल के पास अपराधियों ने की हवाई फायरिंग




**सरायकेला-खरसावां (आजाद सिपाही)।** जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत एमटीसी मॉल के पास रविवार देर रात अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। सूचना मिलने पर आदित्यपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और छानबीन के दौरान दो खोखे बरामद किए। हालांकि, फायरिंग करने वाले अपराधियों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया है कि जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

### आर्म्स एक्ट के दो आरोपी को तीन साल जेल

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला थाना में दर्ज एक मामले में दो लोगों को अवैध आर्म्स रखने के आरोप में सजा सुनाई गई है। वादी सह पुअनि विनोद कुमार के बयान पर गुप्त सूचना के आधार पर सीनी मोड टेम्पो स्टैंड में छापेमारी हुई थीं, जिसमें बोलेरो वाहन से ग्वाला सिंह बांकिरा और गोविन्द हाईबुरू को गिरफ्तार किया गया था। ग्वाला सिंह बांकिरा के पास से 12 बोर का अवैध देशी कट्टा और 3 जिंदा गोली एवं गोविन्द हाईबुरू के पास से 315 बोर की 3 जिंदा गोली बरामद किया गया था। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सरायकेला ने दोनों को धारा- 25(1-बी)(ए)/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाया और 3 साल का कठोर कारावास और 3,000 रुपये जुमार्ना की सजा सुनायी। इस मामले में अपर लोक अभियोजक देव प्रताप तिवारी ने पैरवी की।

### गुवा सेल में बाहरी लोगों की बहाली पर संयुक्त यूनियनों का हंगामा, उत्पादन बंद करने की चेतावनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुवा।** गुवा सेल में 20 बाहरी व्यक्तियों की कथित बहाली के विरोध में रविवार को संयुक्त यूनियनों ने जनरल ऑफिस के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। नारेबाजी और विरोध के बीच यूनियनों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सेल प्रबंधन बाहरी लोगों की बहाली को तुरंत प्रभाव से नहीं रोकता है, तो उत्पादन और डिस्पैच पूरी तरह ठप कर दिया जायेगा। सोमवार की शाम से शुरू हुआ यह प्रदर्शन खबर लिखे जाने तक जारी रहा। यूनियन नेताओं ने कहा कि गुवा सेल में स्थानीय मजदूरों और बेरोजगार युवाओं की अनदेखी कर बाहर से लोगों की बहाली करना क्षेत्रीय हक के खिलाफ है। इस निर्णय से ठेका मजदूरों और स्थानीय परिवारों में गहरा रोष है। नेताओं ने घोषणा की कि आज सोमवार की रात्रि पाली से सभी बसों को रोक दिया जायेगा, जिससे उत्पादन कार्य पूरी तरह बाधित रहेगा। उनका कहना है कि जब तक 20 बाहरी लोगों की बहाली पर रोक नहीं लगती, तब तक अनिश्चितकालीन डिस्पैच भी बंद रहेगा। इससे गुवा सेल के उत्पादन और परिवहन व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। विरोध स्थल पर संयुक्त यूनियनों के प्रमुख पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें झारखंड मजदूर संघर्ष संघ यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, महामंत्री अंतयार्मी महाकुड़, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के महामंत्री विश्वजीत तांती, तथा सारंडा युवा बेरोजगार संघ के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह शामिल थे। इनके साथ बड़ी संख्या में ठेका मजदूर, सफाईकर्मी और स्थानीय युवा भी प्रदर्शन में शामिल हुए। यूनियन नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन केवल बहाली विवाद का विरोध नहीं है, बल्कि स्थानीय लोगों के रोजगार अधिकार की लड़ाई है। यदि प्रबंधन ने जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो यह आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है।

### मंगल कालिंदी ने छात्रवृत्ति भुगतान का किया आग्रह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के शून्यकाल में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने राज्यभर के लाखों छात्रों को हो रही छात्रवृत्ति भुगतान की देरी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। श्री कालिंदी ने कहा ई-कल्याण पोर्टल की खराब व्यवस्था और विभागीय लापरवाही के कारण छात्र महीनों से छात्रवृत्ति राशि के लिए भटक रहे हैं। जिससे कई छात्र आर्थिक संकट और शिक्षा संबंधी खर्च पूरे करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। विधायक श्री कालिंदी ने सरकार से तत्काल छात्रवृत्ति भुगतान कराने की मांग की। उन्होंने बताया झारखंड में छात्रवृत्ति मद में केंद्र और राज्य की 60-40 साझेदारी है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा राशि उपलब्ध नहीं कराने से भुगतान में विलंब हो रहा है।

### विधायक पूर्णिमा साहू ने ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर विधानसभा में किया सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर राज्य सरकार की कथित लापरवाही विधानसभा में उजागर हुई। विधायक पूर्णिमा साहू के सवाल पर सरकार ने बताया वर्ष 2019 में शुरू हुआ आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण कोरोना महामारी के कारण पूरा नहीं हो सका। विधायक पूर्णिमा साहू ने सरकार के इस जवाब को हास्यास्पद और बहानेबाजी बताया।उन्होंने कहा महामारी को बीते चार साल से अधिक समय हो चुका, फिर भी सरकार कोई ठोस कारण नहीं दे पायी। उन्होंने कहा यह स्थिति स्पष्ट करती है सरकार पिछड़ा वर्ग के मुद्दों पर गंभीर नहीं है।यदि सरकार की नीयत सही होती तो सर्वेक्षण पूरा कर ओबीसी को उनकी जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण दिया जाता। उन्होंने तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए कहा वहां करुणानिधि सरकार ने सर्वेक्षण और विधायी प्रक्रिया पूरी कर 69% आरक्षण लागू किया, जबकि देश में सीमा 50% है। झारखंड सरकार भी चाहें तो ऐसा कर सकती है,लेकिन अब तक केवल बहाने दे रही। उन्होंने सरकार से मांग की ओबीसी को उनका अधिकार दिलाने के लिए आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण को तत्काल प्राथमिकता देते हुए पूरा किया जाए।

### रेनबो इंग्लिश स्कूल के वार्षिक समारोह में शामिल हुईं विधायक सविता महतो



**नीमडीह (आजाद सिपाही)।** नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर स्थित रेनबो इंग्लिश स्कूल में सोमवार को 10वां वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो शिरकत की।विधायक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा लगन और निष्ठा के साथ पढ़ाई करने पर लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित होती है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।स्कूल प्रबंधन ने विधायक का पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मान किया। समारोह में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों का मन मोहा।कार्यक्रम का संचालन पतित पावन दास ने की।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव, अंचलाधिकारी अभय द्विवेदी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, समाजसेवी सपन गुप्ता, अशोक महतो, सचिन गोप सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के केंद्र चयन के लिए बैठक



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025-26 के लिए परीक्षा केंद्र चयन की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के दिशा-निर्देशों के तहत विद्यालयों की आधारभूत संरचना, सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की गयी। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंडों से प्राप्त विद्यालयों की उपयुक्तता संबंधी रिपोर्टों की जांच की गयी, जिसमें कक्ष क्षमता, विद्युत सुविधा, परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक अन्य सुविधाओं का परीक्षण किया गया। समिति ने प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर संस्तुत सूची खअउ को अनुमोदनार्थ प्रेषित करने का निर्णय लिया। जिले में माध्यमिक (मैट्रिक) परीक्षा के लिए 42 परीक्षा केंद्र तथा इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 30 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गये हैं, जिनका चयन निर्धारित मानकों एवं उपलब्ध उपयुक्तता रिपोर्टों के आधार पर किया गया है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सरायकेला-खरसावां में कल लगेगा रोजगार मेला

**सरायकेला-खरसावां (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर में 10 दिसंबर 2025 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10 बजे से एक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। इस मेले में श्याम स्टील लिमिटेड, रामकृष्णा कास्टिंग सॉल्यूशन लिमिटेड, बीएन ट्रैक्टर्स, हरिओम कास्टिंग, युवा शक्ति फाउंडेशन और छवि कंस्ट्रक्शन जैसी प्रमुख कंपनियां भाग लेंगी। इस रोजगार मेले में 700 से अधिक पदों पर सरायकेला-खरसावां, जमशेदपुर एवं चाईबासा क्षेत्र में नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा 14,000 से 35,000 प्रति माह वेतन प्रदान किया जायेगा। पात्रता के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए और शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, बीटेक एवं एमबीए होनी चाहिए। इच्छुक नए एवं अनुभवी अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी श्री आलोक कुमार तोपनो ने जिले के सभी योग्य उम्मीदवारों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठायें। यह पूरी प्रक्रिया पूर्णत: निशुल्क है।

### राइवल कप के 19वें संस्करण का शुभारंभ



**गुवा (आजाद सिपाही)।** गुवा स्थित कारो कुंज 1 के कारो उद्यान में 19वें नॉक आउट राइवल कप का मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य भादो टोप्पो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि यह गुवा में क्रिकेट को जीवित रखने के लिए प्रत्येक वर्ष किया जाने वाला टूर्नामेंट है। उद्घाटन मुकाबला जीसीए एवं कल्याण नगर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जीसीए ने निर्धारित 10ओवरों में कल्याण नगर के समक्ष 156 रनों का लक्ष्य रखा जिसमें कल्याण नगर निर्धारित ओवर खेल कर केवल 111 रन ही बना पायी। इस प्रकार जीसीए ने यह मैच 44 रनों से जीत कर अगले चरण में प्रवेश कर गयी।

## एसडीएम ने विधि-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ हो प्रभावी कार्रवाई : संजय

- भूमि-विवाद, अवैध बालू परिवहन, डीजे प्रतिबंध, नकली खाद्य पदार्थ एवं अवैध बूचड़खानों पर सतत कार्रवाई का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विधि-व्यवस्था की समीक्षा को लेकर सोमवार को सदर एसडीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें एसडीपीओ नीरज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुशील कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री, सभी अंचल अधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं सभी थानों के थाना भारी आदि उपस्थित थे। मुख्यालय में पदस्थापित पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी कक्ष में मौजूद थे, जबकि दूरस्थ क्षेत्रों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिए।



विधि-व्यवस्था सहित अन्य विषयों को लेकर बैठक करते एसडीएम संजय कुमार।

### डीजे प्रतिबंध का सख्ती को अनुपालन

एसडीएम ने कहा कि न्यायालय के आदेशानुसार रैलियों, जुलूसों एवं अन्य आयोजनों में डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि डीजे को लेकर जनशिकायत मिलने पर थाना प्रभारी तत्क्षण नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा एसडीएम ने कहा कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन के नाम पर राजमार्ग अथवा प्रमुख मार्गों को बाधित करना अनुचित ही नहीं दंडनीय भी है। फिर भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से तय की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि आम जनजीवन और आवागमन अवरुद्ध करने वाले मामलों में तुरंत मामला दर्ज कर प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाए।

### क्षेत्रीय विधि-व्यवस्था पर हुई विस्तृत चर्चा

बैठक में सभी सीओ, पुलिस निरीक्षकों एवं थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्र की विधि-व्यवस्था से संबंधित समसामयिक मुद्दों पर फीडबैक लिया गया। एसडीएम ने कहा कि विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखना हम सभी की सर्वोच्च सामूहिक प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस दौरान एसडीएम ने सभी सीओ, खनन निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। कहा कि यह केवल खनन का विषय नहीं, बल्कि विधि-व्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। सभी सीओ को प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया थाना प्रभारी एवं खनन निरीक्षक के साथ मिलकर अवैध बालू परिवहन को लेकर क्या कार्रवाई की।

### अवैध बूचड़खानों की पहचान कर कार्रवाई करें

कार्यपालक पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित बूचड़खानों को चिह्नित करने और संयुक्त टीम बनाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। लगे हाथ एसडीएम ने सभी पदाधिकारियों को बताया कि उनके क्षेत्र भ्रमण के दौरान अक्सर कई स्थानों पर अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों का कारोबार पाए जाने की पुष्टि होती है। हालांकि इस पर वे अपने स्तर से भी कई बार कड़ी कार्रवाई कर चुके हैं, लेकिन यह कार्रवाई उत्पाद विभाग के समन्वय से स्थानीय स्तर के अधिकारियों के द्वारा अपेक्षित है। उन्होंने सभी सीओ और थाना प्रभारियों को उत्पाद विभाग से समन्वय बनाकर निरंतर अभियान चलाने का निर्देश दिया।

### नकली खाद्य पदार्थों पर सतत अभियान जरूरी

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं नगर परिषद को निर्देश देते हुए एसडीएम ने कहा कि गढ़वा शहर और आसपास में बड़े पैमाने पर नकली खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं बिक्री की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। कई स्थानों में गंदगी और अस्वास्थ्यकर स्थितियों में भी खाद्य पदार्थ बनाए-बेचे जा रहे हैं, जो आमजन के लिए नुकसानदायक है। ऐसे मामलों में सतत कार्रवाई होते रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कुछ माह पहले उनके स्तर से बड़ी मात्रा में नकली मिठाइयां जब्त की गई थीं, पर अन्य पदाधिकारियों के स्तर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि संयुक्त टीम बनाकर निरंतर छापामारी और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने भी सभी थाना प्रभारियों को विधि-व्यवस्था की दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा-निर्देश दिया और बीडीओ-सीओ के साथ बेहतर तालमेल से विधि-व्यवस्था सुदृढ रखने को कहा।

# वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं: सत्येंद्र

कार्यशाला आयोजित कर किसानों को दी गयी रबी फसल की खेती की तकनीकी जानकारी



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय रबी फसल को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें किसानों को उन्नत खेती विधियों, विभिन्न सरकारी योजनाओं और फसल बीमा के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान अपने संबोधन में बीटीएम सत्येंद्र कुमार ने कहा कि किसान वैज्ञानिक पद्यति से खेती कर अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। बताया कि बिना मिट्टी जांच कराए खाद और उर्वरक का उपयोग करना फसल के लिए नुकसानदायक हो सकता है। मिट्टी जांच के आधार पर खेती करने से कम लागत में अधिक उत्पादन होता है। इस दौरान उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। वहीं, प्रभारी कृषि पदाधिकारी रमेश सिह ने रबी फसलों की खेती की तकनीकी जानकारी देते हुए कहा कि खेत की अच्छी जुताई, समय पर बुवाई, बीज उपचार एवं उन्नत किस्म के बीज के उपयोग से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने किसानों को श्री विधि सहित अन्य आधुनिक कृषि तकनीकों की भी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को सोलर पंप योजना,पीएम-कुसुम योजना, सोलर समरसेबल पंप, सूक्ष्म सिंचाई योजना, किसान क्रेडिट कार्ड तथा आत्मा योजना के बारे में जानकारी दिया। लगे हाथ फसल बीमा की जानकारी देते हुए कहा कि रबी मौसम में किसान अपनी गेहूं, राई, सरसों, चना एवं आलू की फसल का बीमा 31 दिसंबर तक प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से करा सकते हैं। प्रति जोत मात्र एक रुपये टोकन राशि देकर फसल बीमा कराया जा सकता है। केंद्र एवं राज्य सरकार की समान सहभागिता से यह योजना लागू है, जो बुवाई से लेकर कटाई तक फसल को सुरक्षा प्रदान करती है। किसानों से अंतिम तिथि के पूर्व बीमा कराने की अपील किया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर रवि कुमार, सांसद प्रतिनिधि उत्तिमदेव प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि नक्शेदिकांत राम, दीनानाथ पांडेय, राजेश मेहता, कमलेश प्रजापति और राजू विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# अस्पताल से 21 दिन बाद भी जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने पर ऑपरेटर से मांगा स्पष्टीकरण

एसडीएम ने की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनने वाले जन्म प्रमाण पत्र की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** धुरकी प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने के मामले का खुलासा होने के बाद गढ़वा जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। डीसी के निर्देश पर श्रीबंशीधर नगर के एसडीएम प्रभाकर मिर्धा सोमवार को भवनाथपुर सीएचसी पहुंचे और पूरे मामले की विस्तृत जांच की। इस दौरान एसडीएम ने अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात शिशुओं से संबंधित जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने वाली प्रक्रिया, रजिस्टर एवं अभिलेखों की गहनता से जांच-पड़ताल की। इस क्रम में अनुबंध पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर चंद्रशेखर प्रसाद यादव द्वारा बनाए गए कई जन्म प्रमाण पत्रों में नियमों की अनदेखी पाई गई। एसडीएम ने ऑपरेटर को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अस्पताल से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की अधिकतम समय सीमा 21 दिन है। इसके बाद प्रमाण पत्र निर्गत करना जिला सांख्यिकी पदाधिकारी की अनुमति एवं एक वर्ष के बाद एसडीएम स्तर की जांच और आदेश के बाद ही संभव है। उन्होंने कहा कि ऑपरेटर ने किन आधारों पर 21 दिन बाद जन्म प्रमाण पत्र जारी किया। उससे लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस मौके पर उपेंद्र कुमार, अनूप कुमार गुप्ता और सुनील पटेल उपस्थित थे।

### डिजिटल एक्स-रे मशीन चालू करने की मांग

उधर, भवनाथपुर सीएचसी में तीन महीने से बंद पड़े डिजिटल एक्स-रे मशीन की समस्या भी सामने आई। झामुमो नेता गुलाब यादव ने एसडीएम प्रभाकर मिर्धा से शिकायत की कि नए भवन में लगाई गई डिजिटल एक्स-रे मशीन का बिजली कनेक्शन नहीं होने के कारण मरीजों को एक्स-रे कराने के लिए बाहर निजी संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उन्होंने एसडीएम से नय भवन में लगे डिजिटल एक्सरे मशीन का बिजली कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर एसडीएम ने तत्परता दिखाते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार एवं विभाग के जे ई महादेव महतो से फोन पर बात की और दो दिन के भीतर मशीन वाले भवन में बिजली जोड़ने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग के एसडीओ ने आश्वस्त किया कि निर्धारित समय के अंदर कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ की गढ़वा जिला इकाई ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ की गढ़वा जिला इकाई ने सोमवार को जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल के नेतृत्व में जिले में कार्यरत पंचायत सचिवों की विभिन्न सेवा संबंधी समस्याओं एवं लंबित मांगों के निराकरण को लेकर उपायुक्त (डीसी) को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसे डीसी कार्यालय में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी ने ग्रहण किया। ज्ञापन में कहा गया है कि पंचायत सचिव जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं को लागू कराने वाले नीव हैं जो वर्तमान समय में कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिससे उनके मनोबल और क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन में जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत पंचायत सचिवों पर की गई निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई सहानुभूति पूर्वक पुनर्विचार कर उनकी सेवा बहाल करने, पुनः जांच में निर्दोष पाए लोगों को यथाशीघ्र बहाल करने, नव नियुक्त पंचायत सचिव जिन्होंने अपनी परिविक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है उनकी सेवा संपुष्टि प्रक्रिया को अविलंब पूर्ण करने, जिन पंचायत सचिवों की सेवा अवधि निर्धारित समय सीमा पूर्ण कर चुके हैं उन्हें नियमानुसार एमएसीपी का वित्तीय लाभ प्रदान करने आदि की मांग की गयी है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह बड़ाईक, प्रदेश उप महामंत्री मालदेव राम, पलामू संरक्षक विनय शर्मा, पलामू अध्यक्ष मनोज मिश्रा, पलामू कार्यकारी अध्यक्ष सतीश कुमार दुबे, पलामू कोषाध्यक्ष नंदलाल प्रसाद, गढ़वा उपाध्यक्ष अंजनी प्रसाद एवं मंगल यादव, सचिव सोनी कुमारी, कोषाध्यक्ष नवल किशोर यादव, मंत्री राजेन्द्र राम, संगठन मंत्री महावीर महतो, प्रवक्ता मुकेश महतो एवं विकास चौबे, मीडिया प्रभारी परमानंद राम आदि उपस्थित थे।

## विधायक से मिला चेंबर का प्रतिनिधि मंडल, शहर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी ने विधायक अनंत प्रताप देव से उनके आवास पर मिलकर शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की है। चेंबर के पदाधिकारियों ने विधायक को पत्र के माध्यम से कहा कि शहर में आए दिन घटना हो रही है। वर्तमान में एक व्यापारी के ऊपर गोली चलने की घटना से पूरा व्यवसाई समाज दहशत में है। प्रशासन को अभी तक उन अपराधियों को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। शहर में कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगे, तो जरूर हैं, पर वो पर्याप्त नहीं है, जिस कारण हमलावर अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है। ऐसे में शहर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, ताकि ऐसे अपराधियों को आसानी से पकड़ा जा सरे। चेंबर के पदाधिकारियों ने विधायक से शहर एवं बाहरी बस्ती में व्यापक पैमाने पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की है, जिसे विधायक ने स्वीकार करते हुए कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों पर जल्द ही सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष शंभू सौदागर, कोषाध्यक्ष हृदयनंद कमलापुरी, उदय प्रसाद, राजीव कुमार सोनी, फिरोज अंसारी, तस्लीम खान, ओम प्रकाश चौबे, वृंद सेठ, मिकी जायसवाल और उमेश चाहत आदि उपस्थित थे।

## आज सुबह 11 से शाम चार बजे तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाजार फीडर छठ घाट नदी किनारे काम करने को लेकर मंगलवार की सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक शटडाउन रहेगा। जिस कारण बाजार एरिया में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने दी।

## गढ़वा पहुंचे भाजयुमो के राष्ट्रीय आइटी सेल के संयोजक का हुआ भव्य स्वागत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय आईटी सेल के संयोजक विशाल त्रिवेदी का सोमवार को गढ़वा आगमन पर भव्य स्वागत किया। इसकी अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने किया। इस अवसर पर विशाल त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी बनी है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य आनेवाले दिनों में भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में सबसे उपर रखना है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, भाजपा नेता डॉ पतंजलि केशरी, विनोद चंद्रवंशी, नसरुद्दीन अंसारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, भाजयुमो महामंत्री विकास तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, विशाल गुप्ता, जयंत पांडेय, पियुष चौबे, धनंजय गोंड, जयशंकर दुबे और मुखिया गोपाल यादव आदि मौजूद थे।

# घटिया सड़क निर्माण पर भड़के ग्रामीण

## निजी खर्च से पारा पेट निर्माण पर उठया सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** कांडी प्रखंड अंतर्गत चौबे मझिगावां पंचायत क्षेत्र में कालीकरण सड़क पर केरवा नदी के पुलिया के किनारे पारा पेट निर्माण को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कड़े शब्दों में नाराजगी जताई है। उक्त निर्माण कार्य नंदनी कंट्रक्शन की ओर से किया जा रहा है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि कार्य में निम्न गुणवत्ता की ईंट एवं खराब किस्म के बालू का प्रयोग कर संवेदक द्वारा सुरक्षा मानक का मजाक बना दिया गया है। कांडी-केतार फेज-1 अंतर्गत आजाद नगर से मुशहरवा डेरा होते हुए पुनः कोल्ह रोड तक कालीकरण सड़क निर्माण कार्य किया गया है। इसी क्रम में आजाद नगर के समीप केरवा नदी पर बनी पुलिया के किनारे पारा पेट का निर्माण किया जा रहा है। इस क्षेत्र के वार्ड सदस्य सुनीता देवी ने स्पष्ट कहा कि पारा पेट में लगाए जा रहे ईंट और बालू गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरते, जिससे निर्माण मजबूती हासिल नहीं कर पाएगा। यह भी कहा कि सड़क निर्माण कार्य के लिए विभाग की ओर से निर्धारित राशि का कंट्रेक्टर द्वारा निकासी होने के बावजूद भी कार्य को किया जा रहा है। विभाग की ओर से दी जा रही जानकारी हैरान करने वाली है, जिसमें बताया जा रहा कि कंट्रेक्टर आपने खर्च से पारा पेट का निर्माण करा रहा है। अगर घटिया निर्माण कार्य ही करना है, तो उससे अच्छा काम ही ना कराये। वहीं, मुखिया प्रतिनिधि शंभूनाथ साह ने कहा कि जिस उद्देश्य से पारा पेट लगाया जा रहा है, उसी उद्देश्य पर यह निर्माण पानी फेर रहा है। राहगीरों की सुरक्षा के लिए बनाई जा रही संरचना ही यदि कमजोर हो, तो यह भविष्य में गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस बाबत पूछताछ की गई तो विभाग के जेई सरयू राम ने कहा कि यह निर्माण कार्य नंदनी कंट्रक्शन के संवेदक द्वारा अपनी निजी खर्च से कराया जा रहा है, क्योंकि डीपीआर में इसका प्रावधान नहीं है। संवेदक हमारे अनुरोध पर इसे अपने खर्च से कर रहा है, ताकि राहगीरों को सुविधा मिल सके। इस दौरान विरोध करने वालों में उपमुखिया श्रवण पासवान, पंसस पति सुनील यादव, मुकेश चौबे, अरविंद शर्मा, अरुण मिश्रा, हैप्पी चौबे, सुग्रीव रजवार, बाचा राम आदि उपस्थित थे।

## कांडी की बेटी सुप्रिया सोनी का जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में चयन, क्षेत्र-परिवार में हर्ष

**कांडी (आजाद सिपाही)।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित झारखंड सीजीएल परीक्षा का परिणाम सोमवार देर शाम जारी होते ही कांडी प्रखंड के शिवरी गांव में खुशियों की लहर दौड़ गयी। शिवरी गांव निवासी संतोष सोनी की पुत्री सुप्रिया



सोनी का अनारक्षित कोटे से सहायक प्रशाखा पदाधिकारी पद पर चयन हुआ है। उसकी इस उपलब्धि पर परिवार, ग्रामीणों एवं पूरे प्रखंड में उल्लास का माहौल है। परिणाम घोषित होते ही सुप्रिया के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। वहीं, सुप्रिया ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया है। वहीं, बधाई देने वालों में राजन सिंह, शिक्षक दुर्गेश सिंह, अमरेंद्र पंडित, साकेत सोनी, प्रकाश सोनी आदि थे।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय के मैदान में 'मेरा युवा भारत' के तत्वाधान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख अनुभा सिंह, रंका पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा और मोहित चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, दौड़, लंबी कूद आदि शामिल हैं। एस अवसर पर प्रखंड प्रमुख अनुभा सिंह ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क की भावना विकसित करता है। वहीं, पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा ने कहा कि खेल हमारी शारीरिक क्षमता को बढ़ाता और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशा से दूर रहने, समय का सदुपयोग करने और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। जबकि, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं में अपार प्रतिभा छिपी हैं। बस उन्हें सही दिशा और अवसर की आवश्यकता है। मंच संचालन समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने किया।

## इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में आजाद हाउस का खिताब पर कब्जा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जीएन कान्वेंट स्कूल बालिका इकाई का इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले के साथ सोमवार को संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में हुए खेल प्रतियोगिता में आजाद हाउस, बॉस हाउस, शिवाजी और टैगोर हाउस की टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में आजाद और टैगोर हाउस मैदान में थे। शानदार खेल भावना और सधे हुए प्रदर्शन से आजाद हाउस ने चार ओवर में 35 रन बनाकर इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। इस दौरान दोनों टीमों ने बेहतरीन बल्लेबाजी, प्रभावी गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्र रक्षण से खेल को और भी रोमांचकारी बना दिया। इस दौरान उपविजेता टैगोर हाउस के खिलाड़ियों ने पांच ओवर में पांच विकेट खोकर 25 रन बनाया, जबकि बॉस हाउस और शिवाजी हाउस के बीच हुए निर्णायक मुकाबले में बॉस हाउस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान हासिल किया। शैक्षणिक खेल गतिविधि मुकेश कुमार भारती एवं वर्षा कुमारी की देख रेख में हुआ। फाइनल में वर्षा कुमारी ने अंपायर की भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने प्रतिभागी विद्यार्थियों की खेल भावना, अनुशासन और आप ही सहयोग की सराहना की। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर आदि ने विजेता टीम को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## हनुमत ध्वज अधिष्ठापन सह शोभायात्रा 10 को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जागृति युवा क्लब सह जोबरईया महायज्ञ आयोजन समिति की ओर से आयोजित होने वाले विराट श्री रुद्र महायज्ञ के निमित्त हनुमत ध्वज अधिष्ठापन को लेकर सोमवार को ग्राम जोबरईया के बंडा पहाड़ स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में बैठक हुई। जिसमें यज्ञाधीश श्री श्री आचार्य आशीष वैद्य जी महाराज द्वारा विराट हनुमत ध्वज अधिष्ठापन -सह- शोभायात्रा से संबंधित तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि ग्राम जोबरईया एवं इसके आसपास के विभिन्न गांवों और गढ़वा शहर के श्रद्धालु भक्तजन सुबह नौ बजे तक नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में उपस्थित होंगे। इसके बाद ध्वज को एक शोभायात्रा के रूप में क्षेत्र भ्रमण कराया जाएगा। बैठक में नवादा सिरहे, पिंडरा, गढ़वा आदि गांव से लोग भी उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता गौरीशंकर प्रसाद ने की।

# धान खरीद 15 से , किसान निबंधन करा लें : उपायुक्त

**पंचाइत कर गोइठ का 17वां संस्करण हुआ आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में पंचाइत कर गोइठ का 17वां संस्करण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी पंचायतों के मुखिया को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राज्य में धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होने वाला है। इसके लिए लोहरदगा जिला में 25 धान अधिप्राप्ति केंद्र निर्धारित किये गये हैं। इच्छुक किसान इन्हीं 25 धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर अपना धान दें ताकि सरकार की ओर से बेहतर मूल्य आपको प्राप्त हो सके। किसानों को संबंधित लैंपस और एफपीओ में धान देने के एक सप्ताह के उपरांत सरकार द्वारा उन्हें धान की कीमत एकमुश्त दी जायेगी। जिला के किसानों से अपील है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपना निबंधन करायें और धान का बेहतर मूल्य पायें। किसान अपना निबंधन निर्धारित पोर्टल, प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से या प्रखंड कार्यालय में ऑफलाइन मोड में जमा कर सकते हैं। निबंधन के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना :** उपायुक्त ने कहा कि रबी फसल के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गया है। इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 है। जिन किसानों ने केसीसी की योजना ले रखी है वैसे किसान अपने संबंधित बैंक से संपर्क करें। दूसरे किसान मात्र 1 रुपये की टोकन मनी पर इस बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से बचाना है। इस योजना के तहत, किसानों को गेहूं, सरसों, चना और आलू जैसी फसलों के लिए बीमा कवरेज प्रदान किया जाता है।

उपायुक्त ने कहा कि रबी का मौसम है और फसल बोने के लिए अभी भी स्थितियां अनुकूल हैं। तालाब व नदी में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी है जिसका लाभ किसान उठा सकते हैं। कार्यक्रम में शिशु पंजी, फ्रेझा फाउंडेशन द्वारा करियर काउंसिलिंग, पंचायत स्तर ओर शिक्षा समिति की बैठक समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

**बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें**

उपायुक्त ने कहा कि जो बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे हैं उन्हें पढ़ने के लिए विद्यालय अवश्य भेजें। शिक्षा का महत्व व्यक्ति के जीवन में बहुत अधिक है जिससे वंचित नहीं किया जा सकता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम सभी को अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है।

# आदिवासी सांस्कृतिक सामाजिक विकास संगठन आज मनायेगा सरना शक्ति खूंटा स्थापना दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चंदवा।** चंदवा आदिवासी सांस्कृतिक सामाजिक विकास संगठन के तत्वावधान में आगामी मंगलवार 9 दिसंबर को सासंग पंचायत के सिकनी डामर स्थित सरना शक्ति खूंटा का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। किसको लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर रविवार को संगठन की बैठक अध्यक्ष जागा उरांव को अध्यक्षता में हुई। संगठन के अध्यक्ष जागा उरांव, पड़हा राजा राजनाथ उरांव, निर्माण समिति के सचिव बाबूलाल उरांव व जगेश्वर उरांव ने बताया कि कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और आस्था से जुड़े विविध आयोजन होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रकाश राम (लातेहार) शिरकत करेंगे। विशेष अतिथि के तौर पर आनंद उरांव (सामाजिक सेवक) मौजूद रहेंगे।

इसके अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय सरना धर्मावलंबी, ग्रामीण और विभिन्न संगठनों के लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सुबह 8 बजे पूर्वाह्न डंडा कटना पूजा का आयोजन होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे प्रार्थना और कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। खोड़हा प्रवेश सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा। शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण और सायं 5:30 बजे सरना सामूहिक भोज का आयोजन किया जायेगा। आयोजकों ने सभी समाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# कांग्रेस कमेटी की बैठक में विकास और जनसरोकारों पर बनी रणनीति

**वार्ड स्तर पर संगठन को सशक्त करने पर जोर, नेताओं ने एकजुट होकर काम करने का लिया संकल्प**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** नगर कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को राजेंद्र भवन में नगर अध्यक्ष सैय्यद आरिफ हुसैन बब्लू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर प्रभारी सैय्यद शाहिद अहमद बेलू, एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय नायक तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में नगर से जुड़े विकास कार्यों, सामाजिक सौहार्द, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गयी। शहर के विभिन्न वार्डों से आये कांग्रेस पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं, जनमुद्दों और सुझावों को खुलकर सामने रखा। नेताओं ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने तथा आम जनता तक कांग्रेस की पहुंच बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर कांग्रेस की गतिविधियों में गति लाना, जनसंपर्क को सशक्त बनाना और स्थानीय मुद्दों का संगठित समाधान सुनिश्चित करना रहा। सभी सदस्यों ने एकमत होकर नगर के विकास और जनता के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष आरिफ हुसैन बब्लू, नगर प्रभारी सैय्यद शाहिद अहमद बेलू, संजय नायक, मुजम्मिल अंसारी, मोहम्मद इब्राहिम, रहमत अंसारी, अयाज अहमद लड्डन, अजय ठाकुर, कयामुद्दीन, अजमल कुरैशी, सोनू कुरैशी, सरवन वर्मा, समसुद्दीन होदा, सिराज अंसारी, ताल्हा अंसारी, कमरुल इस्लाम, सनाउल्लाह अंसारी, दिलाफत अंसारी, अशोक रजक, परवेज आलम समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लोहरदगा में चौकीदारों को नहीं मिला अक्टूबर-नवंबर का वेतन

**उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर अंचल के चौकीदारों को अक्टूबर और नवम्बर माह का वेतन आवंटन होने के बावजूद भुगतान नहीं मिल पाया है। इससे चौकीदारों की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। वे परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की स्कूल फीस और घर-गृहस्थी के अन्य खर्च पूरे नहीं कर पा रहे हैं। कई चौकीदारों के परिजन बीमार हैं, जिन्हें इलाज कराने के लिए उन्हें उधार तक लेना पड़ रहा है, जिससे उनका आर्थिक बोझ और बढ़ गया है। इस गंभीर स्थिति को लेकर झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत, लोहरदगा के जिला सचिव मिथिलेश यादव ने सोमवार को बताया कि अंचल कार्यालय के नाजिर की लापरवाही के कारण सभी चौकीदार महीने भर से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि आवंटन होने के बाद भी भुगतान नहीं होना चौकीदारों के साथ अन्याय है। मिथिलेश यादव ने उपायुक्त लोहरदगा से तत्काल हस्तक्षेप कर अक्टूबर और नवम्बर माह का वेतन अविलंब भुगतान कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया कि भविष्य में हर माह समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि चौकीदारों को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बरवाडीह।** बरवाडीह के शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में 21वीं सदी में शिक्षण कौशल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार और संचालन विद्यालय के प्राचार्य शांतनु डे किया। मौके पर निदेशक श्री कुमार ने कहा कि आज के बदलता परिवेश में शिक्षकों को शैक्षणिक योग्यता में अपडेट रहने की जरूरत है इस उद्देश्य से इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स पर्सन सह मास्टर ट्रेनर रीति मल्होत्रा ने 21वीं सदी में आधुनिक शैक्षणिक माहौल में शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह बताया कि आज के समय में बच्चों के अधिगम में कितना बदलाव आया है और उसके अनुरूप शिक्षकों में कितनी बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने कौशल विकास अन्य शैक्षणिक लक्ष्यों को केंद्रित कर शिक्षा को आधुनिक बनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि शिक्षकों में उन सभी क्षमताओं को विकसित करने की जरूरत है जिनसे छात्रों को प्रभावी ढंग से सिखाया जा सके। शैक्षणिक योग्यता ज्ञान के साथ-साथ उन व्यावहारिक और उन सभी स्किल्स को विकसित करने की बात कही जिसके कारण छात्रों को आजीवन सीखने और तेजी से विकसित हो रहे कार्यबल के लिए तैयार हो सके। प्रशिक्षण में शिक्षण कौशल के दौरान संचार कौशल, कक्षा प्रबंधन और पाठ योजना, सहायक सामग्री का उपयोग प्रश्नोत्तर विधि पर भी काम करने का प्रभावी तरीके से बताया। मौके पर वाइस प्रिंसिपल प्रिया डे, उमाशंकर उपाध्याय, राहुल सरकार, करण दुबे, शंकर कुमार आशीष मिश्रा, रानी कुमारी, नेहा परवीन, फातिमा परवीन आरफा परवीन, स्नेहा कुमारी, सोनी कुमारी, रूपा कुमारी शिवांगी कुमारी, नवीन कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

# कुजाम-बगड़ू बॉक्साइट माइंस में खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह शुरू

**बगड़ू में शंभू शरण वशिष्ठ और कुजाम में जयप्रकाश बने अध्यक्ष**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित कुजाम एवं बगड़ू बॉक्साइट माइंस में सोमवार से 32वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण (एमइएमसी) सप्ताह की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम 8 से 14 दिसंबर 2025 तक चलेगा। सप्ताह का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित खनन और खनिजों के वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देना है। खदान क्षेत्र और गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पूरे सप्ताह भर खदान क्षेत्र और आसपास के गांवों में प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, सुरक्षित खनन और वृक्षारोपण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। मध्य विद्यालय जवाडीह, दीपा कुजाम और चोटेंगपाठ में स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिताएं हुईं। समिति का गठन हुआ जिसके तहत जिम्मेदारियां तय की गयी हैं। एमइएमसी सप्ताह को सफल बनाने के लिए हिंडालको के ओर से समिति गठित समिति में जय प्रकाश सिंह, सहायक खान प्रबंधक को अध्यक्ष, विशाल देवघरिया को सचिव, महेंद्र भगत को उपाध्यक्ष, प्रमोद साहू को सह सचिव, सुधीर मिश्रा को कोषाध्यक्ष, मनोज चौधरी (उरफ अधिकारी) को प्रचार-प्रसार ब्रह्मानंद जेना और शुभम वर्मा को वृक्षारोपण एवं श्रमिक जागरूकता समिति में राम प्रवेश सिंह, नवनीत यादव, सुरेंद्र गिरी, प्रमोद यादव, रामजनम पाल, शिवाकांत मिश्रा और आनंद उपाध्याय सदस्य हैं। इसी तरह बगड़ू में अध्यक्ष शंभू शरण वशिष्ठ, उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, सचिव मलय पुष्टि, कोषाध्यक्ष अभिनव ठाकुर, प्रचार प्रसार भास्कर सिन्हा एवं कमिटी में डॉ नृपेंद्र नीरज, विकास गुप्ता, प्रद्युम्न कुमार, सौरव आचार्य, बुधवा उरांव, अंबर सिंह समेत कई लोग शामिल हैं।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में बीएस कॉलेज लोहरदगा की टीम बनी विजेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय, लोहरदगा में रांची विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट (पुरुष) एवं महिला क्रिकेट (ट्रायल) प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ (प्रो) सुदेश कुमार साहू ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय पिछले वर्ष भी अत्यंत सुंदर एवं सफल तरीके से अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर चुका है। पिछले वर्ष के सफल आयोजन को देखते हुए इस वर्ष भी इस महाविद्यालय को पुनः इस प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र राज्य एवं देश को अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी देता रहा है और भविष्य में भी देता रहेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शशि कुमार गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के विकास को बल मिलता है और इस क्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। इस अवसर पर बलदेव साहू महाविद्यालय के खेल प्रभारी प्रो आनंद मांझी, पीटीआइ सोनु कुमार डॉ सुमन कुजूर, प्रो अजीत, प्रो संतोष, प्रो आनंद, डॉ रोशन, डॉ संजय, प्रो शेरॉन, प्रो अम्बिका, प्रो अर्जुन, प्रो सरिता, प्रो सुरेश, डॉ पुष्पा, डॉ अजय नाथ, प्रो. मुकेश, प्रो सत्यनारायण, प्रो बिराज, प्रो शिल्पी, प्रो पन्ना, डॉ मनोहर, प्रो रेखा, डॉ निखिल, प्रो दीपमाला प्रो.सतीश,सहित समस्त शिक्षकगण एवं सभी, शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। इस आयोजन में अन्तर महाविद्यालय लीग, रांची डिवीजन (सुपर नॉकआउट) के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में बीएस कॉलेज, लोहरदगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पीपीके कॉलेज, बुंडू को 128 रन से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला बीएस कॉलेज मैदान, लोहरदगा में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बी.एस. कॉलेज की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 8 विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में पीपीके कॉलेज बुंडू की पूरी टीम 17.3 ओवर में मात्र 97 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी।

# समाज मे सांप्रदायिक सद्भावना बनाये रखने खेल और मनोरंजन जरूरी : समीद अंसारी




**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखण्ड में नीति आयोग आकांक्षी जिला कार्यक्रम की और से सोमवार को प्रखण्ड सभागार में सद्भावना मंच के सदस्यों, गण्यमान्य लोगों के साथ बैठक की गयी। मौके पर रमिया एंव आयशा ने सद्भावना मंच गठन कार्य, दायित्व आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। साथ ही साथ नीति आयोग के द्वारा संचालित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे बतलाया और कहा कि सरकार के द्वारा 15 वर्ष या उससे ऊपर आयुवर्ग के निअक्षर को साक्षर करने का काम करना है। बैठक में पूर्व में गठित सद्भावना मंच के गठन कार्य आदि के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर सांसद सुखदेव भगत के प्रखण्ड प्रतिनिधि समीद अंसारी ने कहा कि समाज मे साम्प्रदायिक सद्भावना बनाये रखने, सद्भावना के लिए खेल, मनोरजन, लेखन प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, समाज मे फैले अंधविश्वास को दूर करने, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विषयों पर समाज में जागरूकता लाने में सहायक होता है। बैठक को सूरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली आदि ने भी अपनी विचार रखें। मौके पर पंचायत सचिव पवन कुमार ,जुबैर अंसारी,जावेद अंसारी,रामप्रसाद पाल, पंचम उरांव, सुशील उरांव आदि उपस्थित थे।

# लातेहार सदर अस्पताल बना दलालों का अड्डा : डॉ चंदन कुमार

**बायोप्सी जांच करने के नाम पर ओटी असिस्टेंट ने मांग किया मरीज से सात हजार रुपये, नहीं देने से अटेंडेंट को खुद ही जांच करने को कहा**

**मुकेश कुमार सिंह**



**लातेहार।** लातेहार सदर अस्पताल वह स्थान, जहां लोगों को जीवन दोबारा मिलता है। लेकिन जब यही अस्पताल लापरवाही, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का अड्डा बन जाये, तो मरीजों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। लातेहार सदर अस्पताल की वर्तमान स्थिति भी कुछ ऐसी ही तस्वीर पेश करती है, जहां गाइडलाइन की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं और व्यवस्था पूरी तरह चरमरायी हुई दिखती है।

इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए सोमवार को सांसद प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ चंदन कुमार सिंह ने बढ़ती ठंड और बढ़ते मरीजों की संख्या को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सांसद चतरा कालीचरण सिंह के निर्देश पर किये गये इस निरीक्षण में उन्हें कई चौंकाने वाली अनियमितताएं देखने को मिलीं, जिन्होंने अस्पताल प्रशासन पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले डॉ चंदन अस्पताल के जनरल वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि अधिकांश बेड पर बेडशीट तक नहीं बिछी हुई थी। ठंड के इस मौसम में मरीजों को अस्पताल की ओर से कंबल उपलब्ध कराने की व्यवस्था नदारद थी, जिसके कारण कई मरीज अपने घर से कंबल लाकर इस्तेमाल करने को मजबूर थे। यह साफ दर्शाता है कि अस्पताल प्रबंधन बुनियादी सुविधाओं तक को लेकर गंभीर नहीं है। खाने की गुणवत्ता भी बेहद खराब पायी गयी। निरीक्षण के दौरान डॉ चंदन आईसीयू वार्ड भी पहुंचे। यहां जो स्थिति सामने आई, वह किसी भी अस्पताल की गंभीर लापरवाही को दशार्ती है। आईसीयू जैसे अति-संवेदनशील वार्ड में सिर्फ एक प्रशिक्षित नर्स–अनु दीपा कुजूर–मौजूद थी। बाकी नर्सें आईसीयू प्रशिक्षण से पूरी तरह वंचित थीं, जो सीधे-सीधे स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। इतना ही नहीं, आईसीयू के बाहर किसी भी प्रकार का सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था, जिससे किसी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

निरीक्षण के दौरान जो सबसे गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया, वह था–ऑपरेशन करवाने आई एक गरीब आदिवासी महिला से 7,000 रुपये की अवैध वसूली का आरोप। मरीज पर ऑपरेशन थिएटर में काम करने वाले दीपक कुमार ने कथित रूप से सैंपल जांच के नाम पर 7,000 रुपये की मांग की थी। यह स्वास्थ्य सेवाओं का घोर दुरुपयोग है और सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। इस घटना से आक्रोशित होकर डॉ चंदन ने तत्काल संज्ञान लिया और उस महिला के सैंपल की जांच अपने निजी खर्च पर कराने का निर्णय लिया। यह कदम न केवल मानवीय दृष्टिकोण को दशार्ता है, बल्कि इस भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ एक कड़े संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है।

डॉ. चंदन ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सदर अस्पताल में जो अव्यवस्था और भ्रष्टाचार देखने को मिला है, वह बेहद निंदनीय है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट सिविल सर्जन, उपायुक्त लातेहार और सांसद चतरा को भेजी जाएगी, ताकि दोषियों पर तत्काल कार्रवाई हो और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

# महिलाओं का व्यवहार परिवर्तन और घरेलू वायु प्रदूषण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी सेमरा टोली ग्राम के अखाड़ा में होप एवं असर के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत स्तरीय सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखंडों में होप संस्था के द्वारा महिलाओं का व्यवहार परिवर्तन और घरेलू वायु प्रदूषण को कम करना है। इस सामुदायिक बैठक को सुमन वर्मा एवं विष्णु महली ने संचालित करते हुए बताया गया कि महिलाओं के व्यवहार परिवर्तन और घरेलू वायु प्रदूषण को कम करने हेतू पूरे साल विभिन्न खेल के माध्यम से कैसे महिलाओं का व्यवहार में परिवर्तन लाया जाए और कैसे घरेलू वायु प्रदूषण को कम किया जाये। जिसको लेकर जिला के तरह पंचायतों में विभिन्न प्रदान की दीदियों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। वही इस बैठक में समूह वार्ता एक पर कल्याणी दस, उर्मिला पहन और सूर्यमणि उरांव, समूह वार्ता दो पर राजमुनी उरांव और समूह वार्ता तीन पर ललिता कुजूर एवं प्रेममनी लोहरा द्वारा उपस्थित लोगों को बताया गया। मौके पर बैठक में उप मुखिया सधनु लोहरा, वार्ड सदस्य धर्मदेव उरांव, ग्राम प्रधान बसंत मुंडा, शिक्षक विरेन्द्र उरांव, आंगनबाड़ी सेविका बिनीता उरांव स्वास्थ्य सहिया सहिया नीलम माधुरी कच्छप उन्होंने भी अपनी अपनी बात रखी तथा बैठक को होप संस्था की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि संस्था की ओर से यह साल भर चलने वाला कार्य को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## दुष्कर्म का फरार आरोपी पिंटू तीन साल बाद गिरफ्तार

मधुपुर (आजाद सिपाही)। पुलिस ने दुष्कर्म मामले में तीन वर्षों से फरार चल रहे आरोपी पिंटू राय को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भेड़वा नावाडीह का निवासी है और उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया था। लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए वह लगातार जगह बदल-बदल कर चकमा दे रहा था। इसी बीच पुलिस को उसकी मौजूदगी को लेकर गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर टीम ने त्वरित छापेमारी करते हुए उसे धर-दबोचा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की तलाश लंबे समय से की जा रही थी।

## नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पीपरा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीपरा थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि जांच के दौरान अभियुक्त हरताप कुमार, पिता नंदलाल राम पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप सत्य पाया गया।

### जसीडीह पुलिस की बड़ी सफलता

# लूटा गया 35 टन सीमेंट लदा ट्रक बरामद, दो अपराधी गिरफ्तार



### पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

1. उपेंद्र कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता जयकिशोर यादव, 2. अनुराग कुमार यादव, उम्र 27 वर्ष, पिता जयकिशोर यादव दोनों निवासी-गगनपुर, थाना-चकाई, जिला-जमुई (बिहार)।

### छापामारी अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारी

1. पुनि सह थाना प्रभारी दीपक कुमार, 2. पुअनि दिनेश कुमार यादव 3. पुअनि रामानुज सिंह, 4. पुअनि चंदन कुमार साय।

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** 06/07 दिसंबर 2025 की रात्रि में जसीडीह थाना क्षेत्र में पुलिस को एक अहम सूचना मिली कि तावाधाट डॉल टैक्स के आगे अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा सीमेंट लदा ट्रक लूट कर चकाई की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर तुरंत एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया और संभावित मार्गों पर नाकाबंदी कर कार्रवाई शुरू की गयी।

पुलिस टीम की सतर्कता और त्वरित प्रयास के बाद लूटा हुआ रजिस्टर नंबर सीजी 04 पीएच 5157 ट्रक को अपराधियों के कब्जे से रंगे हाथ बरामद कर लिया गया। ट्रक में करीब 700 बोरा यानी लगभग 35 टन सीमेंट लदा हुआ था, जिसकी जप्ती सूची तैयार कर ली गयी है।

इस मामले में जसीडीह थाना कांड संख्या-363/2025, - 07.11,25, के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 309 (4) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत की भावना है तथा अपराध नियंत्रण को लेकर जसीडीह पुलिस की तत्परता की सराहना की जा रही है।

# देवघर में आजसू के दर्जनों पदाधिकारी भाजपा में शामिल

### बाबूलाल मरांडी और कर्मवीर सिंह ने दिलायी सदस्यता

महेश प्रसाद राय के नेतृत्व में बड़ा राजनीतिक बदलाव, भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुआ स्वागत समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सभागार में आजसू पार्टी को बड़ा झटका देते हुए केंद्रीय सचिव महेश प्रसाद राय के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष आदरणीय बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री आदरणीय कर्मवीर सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं ने सभी नव-आगंतुक पदाधिकारी एवं सदस्यों को पार्टी का पट्टा पहनाकर भाजपा में विधिवत शामिल कराया और उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में हुए इस राजनीतिक जुड़ाव ने देवघर जिले की राजनीतिक दिशा में नया संदेश दिया है। भाजपा में शामिल होने वाले प्रमुख पदाधिकारी इस प्रकार हैं, महेश प्रसाद राय - केंद्रीय सचिव, आजसू शैलेंद्र कुमार, नीरज गुप्ता - जिला उपाध्यक्ष, रविंद्र कुमार सिंह - जिला सचिव, डॉ केपीएल सिंह - संगठन सचिव, कुणाल कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार, रंजन कुमार सिंह, मनोज कुमार, रंजीत बरनवाल, अंजनी चांडक, राजा कुमार, सुनील कुमार बरनवाल, संजय कुमार, बरनवाल, रूपेश कुमार, ओंकार राय, भावेश कुमार, संजीव कुमार राय,रंजीत कुमार, कन्हैया कुमार, पंकज मिश्रा, लालबाबू झा, विपिन कुमार, अशोक कुमार राय, बबलू राय, मणिकांत यादव, सुलोचना देवी, बबीता देवी आदि हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन रवानी ने भी सभी नये सदस्यों का हृदय से स्वागत किया और कहा कि इन पदाधिकारियों के जुड़ने से पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा। देवघर में भाजपा के लिए यह दिन महत्वपूर्ण राजनीतिक बढ़त के रूप में देखा जा रहा है।

## पूर्व पार्षद ने बिजली एसडीओ को पत्र देकर पोल व तार उपलब्ध कराने की मांग की



बिजली विभाग के कर्मी को आवेदन देते पूर्व पार्षद।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड-9 के पूर्व पार्षद नजीर अहमद ने विद्युत विभाग के अवर प्रमंडल पदाधिकारी को पत्र देकर अतिरिक्त बिजली पोल उपलब्ध कराने की मांग की है। दिये गये आवेदन में उन्होंने बताया है कि वार्ड -9 के लोगों ने कुछ आवश्यक जगहों पर बिजली पोल लगाने के लिए जगह चिन्हित किया है। जहां पर बिजली पोल लगाना जरूरी है। वे सभी क्षेत्र घनी आबादी वाले क्षेत्र है। वहा के लोगों को विद्युत आपूर्ति के लिए बिजली का पोल एवम तार आवश्यक है। उन्होंने अवर प्रमंडल पदाधिकारी से यथाशीघ्र तार और पोल उपलब्ध कराने की मांग की है। ताकि क्षेत्र के लोगों को बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराया जा सके।

## टनाका और छबीली शराब के साथ दो गिरफ्तार

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। आरपीएफ पोस्ट जपला के अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्कता के तहत सघन चेकिंग के दौरान मोहम्मदगंज कोशिआरा रेलवे स्टेशन के बीच गाड़ी संख्या 53357 अप में जुट की 6 बोरियो में अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी में हुसैनाबाद के दरुआ गांव निवासी वकील पासवान व मोहम्मदगंज के मोहसिननगर निवासी नीतीश कुमार शामिल है। गिरफ्तार शराब तस्करों ने बताया कि वह अवैध शराब बिहार में ऊंचे दाम पर बेचते हैं। पकड़ी गयी शराब पर फॉर सेल ओनली झारखंड लिखा हुआ है। पकड़ी गयी शराब का मूल्य करीब 20205 रुपया बताया गया है। निरीक्षक प्रभारी ने बताया कि अग्रेतर कार्रवाई के लिए उत्पाद अधीक्षक डाल्टनगंज को अग्रसारित कर दिया गया है।

## विवेक बैठा बने जदयू के हुसैनाबाद-हरिहरगंज विस प्रभारी



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के डिहरी बिश्रामपुर गांव निवासी विवेक बैठा को जदयू जिला महासचिव सह हुसैनाबाद - हरिहरगंज विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने उनका मनोनयन किया। नव मनोनीत महासचिव एवं हुसैनाबाद - हरिहरगंज विधानसभा प्रभारी विवेक बैठा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंत्री डॉ अशोक चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो और जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे सहित जदयू नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी हित में संगठन को मजबूती देने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और हर निर्देश को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।उनके मनोनयन पर मंत्री डॉ अशोक चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो, जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, जितेंद्र पासवान, रामाशीष यादव, अमरजीत विश्वकर्मा, समाजसेवी चंदन कुमार, सुजीत मेहता, रंजन ठाकुर सहित अन्य कार्यकताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## गेट संख्या 27 पर 18 चक्का ट्रेलर फंसने से एक घंटे तक बाधित रहा रेल परिचालन

मधुपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व रेलवे के आसनसोलझ्रजसीडीह मुख्य रेलखंड स्थित गेट संख्या 27 (शंकरपुर-जसीडीह के बीच) पर रविवार की रात को एक 18 चक्का ट्रेलर अचानक बंद हो गया, जिसके कारण करीब एक घंटे तक डाउन एवं अप लाइन पर ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा। ट्रेलर के फंसते ही रेल प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मधुपुर आरपीएफ पोस्ट मधुपुर के सब-इंस्पेक्टर रामा शंकर प्रसाद, एएसआई वीके पांडेय, कांस्टेबल डी ठाकुर, कांस्टेबल जेबी चौरसिया मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ट्रेलर को गेट से हटाने की कार्रवाई के दौरान रेल ट्रैफिक पूरी तरह प्रभावित रहा।

# कालजयी गीतों के रचनाकार संतोष आनंद का पलामू की धरती पर आना एक सुखद अनुभूति : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय नगर भवन में नई चेतना मंच द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देश भर से नामचीन कवि कवयित्री पहुंचे जिनका नीलांबर पीताम्बर की धरती पर भव्य अभिनंदन हुआ। बतौर विशिष्ट अतिथि संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव शामिल हुए और संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की आगाज की गयी। इस दौरान अंगवस्त्र मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। पलामू में कवि सम्मेलन की परंपरा पुरानी रही है। यहां के दर्शक श्रोता बड़ी चाव से कविता का रसास्वादन किये। सोमवार के कवि सम्मेलन का मुख्य आकर्षण रुपहले पर्दे पर धूम मचाने वाले गीतकार और दो बार फिल्मफेयर अवॉर्ड लेने वाले संतोष आनंद 'जिंदगी की ना टूटे लड़ी प्यार कर ले घड़ी दो घड़ी' 'ए शान है तिरंगा मेरी जान है तिरंगा' से ख्याति प्राप्त सेंचुरी से कुछ ही पहले 97 बसंत के बाद भी आवाज में खनक है।

आवाज में खनक शब्द की कशिश और उनके जिंदा जमीर गीत व साहित्य प्रेमियों को बरबस खींचता है। व्हीलचेयर पर रहने के बावजुद लोगों की दीवानगी उनको वहां जाने पर लाचार हालत में भी लाचार करता है। कवियों के जमात में गजेंद्र प्रियांशु, विक्रम अपूर्व, अद्वैत रवि, बजरंग नाथ, अभिनव मिश्रा और मुमताज नसीम जी को बड़े शानदार तरीके से पलामू सुना।

# जांच के बाद फाइनल होगी अधिप्राप्ति केंद्रों की सूची: डीसी

डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न, 52 केंद्रों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति करने पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति योजना के तहत अधिप्राप्ति केंद्रों तथा राइस मिलरों के चयन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिला आपुर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने 76 धान अधिप्राप्ति केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इसी तरह उन्होंने उपायुक्त को बताया कि 17 राइस मिलर के प्रस्ताव आये हैं। इसपर उपायुक्त द्वारा 52 धान अधिप्राप्ति केंद्र स्थापित करने पर सहमति जतायी गयी, हालांकि स्थापित करने के पूर्व सभी प्रकार के जांच का जिम्मा डीएसओ को सौंपा गया, जिसके पश्चात अंतिम सूची को फाइनल किया जायेगा। इसके अलावे 5 राइस मिलर पर भी सहमति प्रदान की गयी।

### सभी धान अधिप्राप्ति केंद्र पर सीसीटीवी का अधिष्ठापन अनिवाय : डीसी

बैठक में उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति केंद्र पर सीसीटीवी का अधिष्ठापन अनिवार्य रूप से कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि बगैर सीसीटीवी के धान अधिप्राप्ति ना हो, अनुश्रवण समिति के सदस्य यह सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिंहा, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, एफसीआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हुसैनाबाद में आवारा कुत्ते ने एक ही दिन पांच लोगों को काटा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के जेपी चौक, रेलवे ओवरब्रिज व जपला - छतरपुर रोड नाग बाबा के पास सोमवार को एक भूरे रंग के आवारा कुत्ते ने राहगीरों पर हमला कर दिया। इस घटना में 4 से 5 लोग घायल हो गये, कुत्तो के काटने से जख़्मी लोगो का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में किया गया। घायलों में से कुछ ने बताया कि कुत्ता अचानक उनके सामने आया और हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि कुत्ता भूरे रंग का है जो एकाएक राहगीरों पर हमला कर दे रहा है , घटना के बाद आसपास के लोग दहशत में हैं। स्थानीय दुकानदार और राहगीर डर के कारण अपने घरों से बाहर निकलने में हिचकिचा रहे हैं। घायल में सैदाबाद गांव निवासी नथुनी शर्मा, नबीनगर की 11 वर्षीय बालिका मुस्कान कुमारी सहित कई अन्य का नाम शामिल है। शहरवासियों ने नगर पंचायत हुसैनाबाद प्रशासन से आग्रह किया कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण किया जाये।

# देवघर नगर निगम का विशेष अभियान, सिंगल-यूज प्लास्टिक और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई

19,200 रुपये जुर्माना वसूला, 4 किलो प्लास्टिक जब्त, शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण-मुक्त बनाने की पहल तेज



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** नगर आयुक्त सह प्रशासक के निर्देश पर शनिवार को देवघर नगर निगम की टीम ने शहर में सिंगल-यूज प्लास्टिक नियंत्रण, स्वच्छता व्यवस्था और अतिक्रमण रोकथाम को लेकर महत्वपूर्ण अभियान चलाया। नगर प्रबंधक प्रकाश मिश्रा एवं सतीश कुमार दास के नेतृत्व में संयुक्त टीम– सफाई निरीक्षक- सीयूएम-फूड इंस्पेक्टर सुनील कुमार मेहता, दीपक कुमार मेहता, प्रेम राज, सफाई निरीक्षक पिंटू राय तथा कार्यालय सहायक मनोज कुमार गुप्ता–ने टावर चौक से आजाद चौक तक विशेष जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान टीम ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों, तथा सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाली दुकानों पर कड़ी कार्रवाई की।

निगम टीम ने अभियान में कुल 19,200 रुपये जुर्माना वसूला, जिसे निगम कोष में जमा करा दिया गया है। इसके साथ ही करीब 4 किलो सिंगल-यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। नगर प्रबंधक ने साफ चेतावनी दी कि नगर पालिका अधिनियम के तहत कूड़ा एवं प्लास्टिक का जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है, और ऐसा करते पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जायेगा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता एवं अतिक्रमण-मुक्त शहर अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी तरह कठोर कार्रवाई की जाती रहेगी। शहरवासियों से स्वच्छ देवघर के लिए सहयोग की अपील की गयी है।

# देवघर में सीनियर मिस्टर झारखंड बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित



खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड के देवघर में कल देर शाम सीनियर मिस्टर झारखंड बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संत माइकल एंग्लो विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जयचंद्र राज ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच पर पहुंचे आगत अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो भेंटकर किया गया।

प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों से आये खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने शानदार शरीर सौष्ठव का प्रदर्शन कर विभिन्न वर्गों में मेडल और ट्रॉफियां जीतीं। प्रतियोगिता को खिलाड़ियों के वजन के अनुसार 6 अलग-अलग ग्रुप में विभाजित किया गया था। संध्या 4:00 बजे शुरू हुई प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। निर्णायक मंडली में जमशेदपुर के विद्युत सरकार मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में देव ठाकुर, विशाल जायसवाल, आमोद मंडल, रमेश महतो, शोभित भट्टाचार्य, सुजीत बर्मन और चंद्रेश सिंह का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में संघ के चेयरमैन डॉ संजय कुमार, मुख्य अतिथि डॉ जयचंद्र राज, विशिष्ट अतिथि प्रमोद सिंह (जिला परिषद सदस्य), राकेश नरोने, विक्रम कुमार पोद्दार, झूलन राय, मुन्ना सिंह और दिलीप कुमार की प्रमुख भूमिका रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद खिलाड़ियों और आयोजकों ने इसे यादगार और प्रेरणादायी बताया।

# अलाव से बुजुर्गों को राहत और मुझे आशीर्वाद मिलता है : अरुणा

जिस चौक-चौराहे पर अलाव की आवश्यकता हो, मुझे बतायें: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू में जबरदस्त बढ़ते ठंड के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा स्टेशन रोड़, जीएलए कॉलेज, सर्किट हाउस, शाहपुर, चैनपुर, जय भवानी संघ चौक, बैरिया चौक, सादिक मंजिल चौक एवं कई जगहो पर अलाव की व्यवस्था कर दी गयी है, जहां सैकड़ों बुजुर्ग अलाव की गर्मी से अपना बचाव कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा भी कई जगह अलाव की व्यवस्था की गयी है। प्रथम महापौर रविवार की रात्रि 10:00 बजे स्वयं स्टेशन रोड, सर्किट हाउस, शाहपुर, जय भवानी सॉन्ग चौक, सादिक मंदिर चौक, कोयल रिवर फ्रंट का अवलोकन करते हुए कई आग ताप रहे जरूरतमंद गरीब लोगों को कंबल भी वितरण किया और उनका आशीर्वाद लिया।

प्रथम महापौर ने कहा कि रात्रि के समय जब मैं अलाव की व्यवस्था देखने निकलती हूं, तो मुझे कई जगह आग तापते आम लोगों से मिलकर अच्छे-अच्छे सुझाव आते हैं जिसे मैं आत्मसार करती हूं। प्रथम महापौर ने बताया कि अलाव जलवाना और गरीबों को राहत देना एक पुनीत का कार्य है जिसे मैं हर वर्ष करती हूं, और जब तक ठंड रहेगी मैं अपने निजी खर्च से यह पुनीत कार्य करते रहूंगी, जहां मुझे आम जन का सुझाव और आशीर्वाद दोनों मिलता है। प्रथम महापौर ने कहा कि निगम क्षेत्र में अगर किसी चौक चौराहे पर जहां अलाव की आवश्यकता हो और गरीबों को राहत मिले मेरे आवास पर आकर बताएं या फोन करें, मैं वहां पर भी व्यवस्था करूंगी।

# कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा स्थापित



आदिवासी नायक के योगदान को वक्ताओं ने किया याद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू (पलामू)।** मनातू प्रखंड स्थित कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय के प्रांगण में झारखंड आंदोलन के पुरोधा, स्वतंत्रता सेनानी एवं आदिवासी समाज के अग्रणी नेता स्व. कार्तिक उरांव की प्रतिमा स्थापित की गयी। प्रतिमा का अनावरण मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के द्वारा किया गया।

थाना प्रभारी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्तिक उरांव का जन्म 29 अक्टूबर 1924 को गुमला जिले के करौंदा लिटाटोली गांव में हुआ था। वे एक प्रख्यात इंजीनियर, समाजसेवी और राजनीतिक व्यक्तित्व थे। उन्होंने आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष किया और सांसद व विधायक के रूप में जनसेवा की। वे लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद थे और उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि कार्तिक उरांव ने 'अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद' की स्थापना की और धर्मांतरण के खिलाफ तथा अलग आदिवासी धर्म कोड के समर्थन में संसद में आवाज उठायी। उन्होंने '20 वर्ष की काली रात' नामक पुस्तक लिखकर धर्मांतरण के प्रकरणों पर प्रकाश डाला। उनका निधन 8 दिसंबर 1981 को हुआ था।

### विद्यालय ने दिया कई प्रतिभाओं को आकार : प्रखंड प्रमुख

कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने कहा कि यह विद्यालय पिछले 43 वर्षों से मनातू क्षेत्र की शिक्षा का आधार रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इस विद्यालय की स्थापना समय पर नहीं हुई होती, तो आज मनातू शिक्षा के क्षेत्र में इतना आगे नहीं होता। यही विद्यालय आज क्षेत्र की कई पीढ़ियों की पहचान बना है।

### कार्यक्रम में कई गणमान्य उपस्थित

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सचिंद्रजीत सिंह उर्फ गोपू सिंह, विधायक प्रतिनिधि उदेश कुमार यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि उमेश प्रसाद साहू, मुखिया कुसमी देवी, सुमित उरांव सहित कई गण्यमान लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# गुमला में मानवता शर्मसार: मजदूरों को काम दिलाने वाला दलाल सामान लेकर फरार, ठंड में कांपे मासूम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के कापूर थाना क्षेत्र निवासी प्रेम लोहरा नामक दलाल ने मजदूरी दिलाने का झांसा देकर दो परिवार के चार मजदूरों और उनके मासूम बच्चों के साथ धोखा कर दिया। मजदूरी दिलाने का सपना दिखाकर दलाल उन्हें बस से गुमला ले आया, लेकिन यहां पहुंचने के बाद उनके सामान लेकर चंपत हो गये। मजदूर अशोक वर्मा, प्रेम बाई, अर्जुन बिरहोर और रॉयबति बिरहोर ने बताया कि वे लोग प्रेम लोहरा के ही गांव के रहने वाले हैं। दलाल ने मजदूरी दिलाने के नाम पर मोटी कमाई का लालच देकर उन्हें रविवार की रात बस में बैठाया और सोमवार की दोपहर 12 बजे गुमला लेकर पहुंचे। गुमला बस स्टैंड पर उतरने के बाद प्रेम लोहरा ने मजदूरों से कहा कि वे पहले नित्य कर्म कर लें। जैसे ही मजदूर शौचालय की ओर गए दलाल उनका पूरा सामान– कपड़े, बच्चों के कपड़े, कंबल, बिस्तर और अन्य जरूरी सामग्री लेकर फरार हो गया। सामान चोरी होने के बाद मजदूर परिवार और छोटे बच्चे ठंड से कांपने लगे। उनके तन पर इतने भी कपड़े नहीं थे कि वे ठंड से बच पाते। भूख और ठंड से जूझ रहे मजदूरों को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी। खबर पाते ही थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने मजदूरों को थाने में आश्रय दिया। उनके लिए खाने-पीने की व्यवस्था की। इसके बाद शाम को बस से उन्हें घर भेजने की व्यवस्था की।

# 0-5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण के लिए चैनपुर उप डाकघर में की जा रही 200 रुपये की अवैध वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय के डाकघर में 0 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए आधार कार्ड पंजीकरण में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मुख्य रूप से धान और चावल की बिक्री पर निर्भर और अत्यंत साधारण जीवन-यापन करने वाले स्थानीय लोगों से इस 'मुफ्त' सरकारी सेवा के लिए 200 रुपये प्रति बच्चा वसूला जा रहा हैं। स्थानीय निवासियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उप डाकघर में तैनात कर्मचारी या उनके एजेंट छोटे बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए यह राशि मांग रहे हैं। नियमों के अनुसार, 0 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए आधार पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह से निःशुल्क है। एक ग्रामीण ने बताया कि हमें आधार कार्ड की सख्त जरूरत है, ताकि हमारे बच्चे सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। पोस्ट ऑफिस के लोग कहते हैं कि बिना पैसे दिए काम नहीं होगा। हमारे लिए 200 रुपये बहुत बड़ी रकम है, जिसे हम धान बेचकर किसी तरह जुटाते हैं। यह अवैध वसूली उस समय हो रही है जब सरकार आधार पंजीकरण को सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाने और वंचितों को लाभावित करने पर जोर दे रही है।




## नियमों का हो रहा खुला उल्लंघन

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के अनुसार 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन निःशुल्क है। इन नियमों के बावजूद, चैनपुर उप डाकघर में गरीब और अशिक्षित ग्रामीणों की मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और संबंधित डाक विभाग के अधिकारियों की चुप्पी इस अवैध वसूली को बढ़ावा दे रही है। बतातें चलें कि इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से कृषि पर टिकी है। 200 रुपये की यह राशि यहां के लोगों के लिए एक दिन की बड़ी कमाई के बराबर है।

# दुर्गा मंदिर परिसर में समारोह आयोजित कर दी गयी एसआइ मदन शर्मा को विदाई




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार को समारोह आयोजित कर सब इंस्पेक्टर (एसआइ) मदन शर्मा को विदाई दी गयी। लंबे समय तक अपनी सेवाएं देते हुए चैनपुर थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सामाजिक सौहार्द स्थापित करने एवं आम जनता का विश्वास जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम के शुरूआत में पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय बुद्धिजीवियों ने एसआई मदन शर्मा को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, कार्यक्रम का संचालन कर रहे अवधेश प्रताप शाहदेव ने कहा कि वैसे तो विदाई समारोह का आयोजन थाना परिसर में होता ही रहता है। पर एक पुलिस कर्मी का आम जनता की ओर से मंदिर परिसर में विदाई का आयोजन पहले कभी देखने को नहीं मिला। यह लोगों के दिलों में उनके प्यार और भरोसे को दर्शाता है। वहीं, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि उनके कार्यकाल में न सिर्फ पुलिस-जन सहयोग मजबूत हुआ, बल्कि कई चुनौतियों का सफल समाधान भी हुआ। इस दौरान चैनपुर की मुखिया शोभा देवी ने कहा कि इन्होंने जिस तरह से अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है वो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। निवर्तमान मुखिया मनोहर बड़ाईक ने कहा कि अधिकारियों की कार्यशैली भले बदल जाए, लेकिन उनके द्वारा मिली प्रेरणा उनकी पहचान बनकर हमेशा जीवित रहती है। अंत में सब इंस्पेक्टर मदन शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि यह क्षेत्र और यहां के लोग हमेशा उनकी यादों में बसे रहेंगे। मौके पर मनोज कुमार, अमित पांडेय, पूर्णेंदु शर्मा, नीरज शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, अरविंद मौर्य, नीरज मौर्य, कृष्णा कुमार, रितेश गुप्ता, शिवम केशरी, बिट्टू कुमार, मुकेश कुमार और संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित होगी अर्द्ध नारीश्वर की प्रतिमा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर की प्रसिद्ध मां गढ़देवी मंदिर परिसर में धार्मिक न्यास बोर्ड के तत्वावधान में भगवान अर्द्धनारीश्वर की भव्य प्रतिमा स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसी को लेकर मंदिर परिसर में सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें पुजारी राजन पांडे ने कार्यक्रम के विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर के प्रथम तल पर अर्धनारीश्वर की दिव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह कार्यक्रम मंदिर और गढ़वा शहर की धार्मिक प्रतिष्ठा को एक नई ऊंचाई देगा। कार्यक्रम की शुरूआत 11 दिसंबर को सुबह सात बजे से ध्वजारोहण के साथ होगी। जिसमें हनुमंत ध्वज को विधिवत स्थापित किया जाएगा। बताया कि प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव जनवरी 2026 में होगा। यह अनुष्ठान 19 जनवरी से आरंभ होकर 23 तक चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी भी शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा, ताकि प्रतिमा स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न आए। मंदिर के प्रथम तल पर निर्माण और सजावट का कार्य तेजी से चल रहा है। इस मौके पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल, चिंटू पांडे, मनु पांडे, दीपक मिश्रा, वार्ड प्रसाद, विनोद प्रसाद, अरविंद पटवा, सरदार रणजीत सिंह, सुरेश पटवा, रवि केशरी, मृत्युंजय सैंडीक, अभय जायसवाल, शैलू चंद्रवंशी, संरक्षक जगजीवन और सागर हिंदू समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे। उधर, स्थानीय लोगों में भी कार्यक्रम को लेकर उत्साह दिख रहा। उनका कहना है कि अर्धनारीश्वर की प्रतिमा स्थापना से मंदिर की भव्यता और बढ़ेगी।

# एनसीसी कैंप में कैडेटों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय में 10 दिवसीय एनसीसी कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें कैडेटों को दैनिक रुटीन के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सुबह व्यायाम के साथ शारीरिक गतिविधि एवं विभिन्न तरह के प्रशिक्षण अलग-अलग विभाग की ओर से दिया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सुबेदार जवाहर शाह ने एनसीसी कैडेटों को विभिन्न आयामों की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण देते हुए हर कैडेटों को प्रतिदिन की गतिविधियों पर ध्यान देने, प्रशिक्षकों द्वारा जो भी जानकारी दी जा रही है उसे जीवन में उतारने, सड़क सुरक्षा, गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव सहित दी जा रही अन्य जानकारियों को जीवन में आत्मसात करने, अपनी अच्छी सेहत, अच्छी आदतों पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। वहीं, गुमला डीटीओ ने कैडेटों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया। उन्होंने दुर्घटना से बचाव, घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाने पर पुरस्कृत किये जाने जैसे कई अहम जानकारियां दी। इस मौके पर मेजर बीपी शर्मा, एसएमवीएल हुमाउका, सुबेदार रिनचिन, सुबेदार श्यामा सुंदर, सुबेदार जवाहर शाह, सुबेदार ललेश, सुबेदार मनोज, सुबेदार सौरभ, सुबेदार संजीव, सुबेदार सुन बोरों, सुबेदार समरजीत, सुबेदार लखविंदर, श्रवण कुमार तिवारी, बसंती एक्का और अनिशा सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय में मनी कार्तिक उरांव स्मृति दिवस

# आदिवासी समाज में मसीहा की तरह पूजे जाते हैं कार्तिक उरांव : सुकरु

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के शिवनाथपुर पंचायत स्थित प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय में सोमवार को कार्तिक उरांव स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं के साथ ही सभी छात्र-छात्राओं ने पंखराज बाबा कार्तिक उरांव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव ने कार्तिक उरांव द्वारा किये गये कार्यों की महत्ता को बताया। कहा कि आज भारत के सभी आदिवासी-मूलवासी कार्तिक बाबा के बताए मार्ग पर चल रहे हैं।



बाबा कार्तिक उरांव की तस्वीर पर माल्यार्पण करते शिक्षक।

आदिवासी समाज में कार्तिक उरांव काला हीरा और पंखराज बाबा के नाम से जाने जाते थे। वहीं, आदिवासी समुदाय उन्हें मसीहा के रूप में पूजते थे। कार्तिक उरांव ने समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही जल जंगल जमीन की सुरक्षा के लिए कवच के रूप में काम किया। जिससे आज आदिवासी समुदाय सुरक्षित है। उनके नाम पर आज कई शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं जहां शिक्षा के साथ ही भाषा एवं संस्कृति का संवर्धन किया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शिक्षा, विज्ञान और सांस्कृतिक पहचान के साथ आगे बढ़ें युवा : गीताश्री उरांव

## कार्तिक उरांव महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर दी गयी महान आदिवासी नेता को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय में महान आदिवासी नेता और तकनीकी विशेषज्ञ बाबा कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित की गयी। इसमें शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की विशेष अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री एवं कार्तिक उरांव की पुत्री गीतश्री उरांव उप्पस्थित रहीं। विभिन्न विभागों के छात्रों ने लोकगीत, नृत्य और समूहगान जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आदिवासी अस्मिता और कार्तिक बाबा के योगदान को चित्रित किया।




बाबा कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करती गीताश्री उरांव।

प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसेनजीत मुखर्जी ने उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गीतश्री उरांव ने युवाओं को शिक्षा, विज्ञान और सांस्कृतिक पहचान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।

## कार्तिक उरांव पूरे देश के गौरव थे : राजनील तिग्गा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कंग्रेसी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने छोटानागपुर के 'काला हीरा' नाम के मशहूर महान आदिवासी नेता स्व कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि को सोमवार को श्रद्धापूर्वक मनाया। लोहरदगा रोड स्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा के आवासीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजनील तिग्गा ने कहा कि कार्तिक उरांव केवल क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव थे। उन्होंने इंजीनियरिंग, प्रशासन और राजनीति हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से पहचान बनाई। कहा कि स्व कार्तिव उरांव ने सदैव आदिवासियों, किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी और शिक्षा को समाज के विकास का आधार बताया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि कार्तिक उरांव के सपनों के समाज के निर्माण के लिए संगठन लगातार कार्य करेगा। इस मौके पर आशिक अंसारी, रोहित उरांव विक्की और आफताब आलम आदि उपस्थित रहे।

# गुमला नप के खिलाफ किरायेदारों ने की उपभोक्ता फोरम में शिकायत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ललित उरांव बस पड़ाव के 10 किरायेदारों ने गुमला नगर परिषद की ओर से मनमाने तरीके से जबरन उगाही का आरोप लगाते हुए उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करायी है। जिसमें किरायेदार देवकी साहू, जेम्स बाड़ा, मनोज ठाकुर, सुबोध कुमार, रिशु कुमार, विजय राम, पिंटू कुमार, सिम्पी, आशीष साहू और अलोन बरला ने आरोप लगाया कि नगर परिषद तीन वर्षों के लिए तय एकरारनामा समाप्त होने के बाद नया समझौता नहीं कर रहा है। जबकि इसका लिखित वादा किया गया था। इसके अलावा 55 हजार और 46 हजार रुपए अग्रिम राशि ली गई। जिसका एग्रीमेंट में कोई उल्लेख नहीं है। दुकानदारों का कहना है कि बस पड़ाव दो स्थानों पर चले जाने से दुकानदारी प्रभावित हुई है, जिस कारण कुछ माह का किराया नहीं दे सके। इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा ब्याज सहित किराया वसूलने और दुकान खाली करने का दबाव दिया जहा रहा है। दुकानदारों ने शेष किराया चार किस्तों में देने और ब्याज माफ करने की मांग की है। दुकानदारों ने कहा कि पूर्व में अपने अधिवक्ता के माध्यम से नप को नोटिस भेजवाया गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं आने पर बाध्य होकर उपभोक्ता फोरम की शरण लेनी पड़ी। उधर, नगर परिषद के प्रशासक मनीष कुमार ने कहा कि नियम के अनुसार ही ब्याज वसूला जा रहा है। तीन माह से अधिक बकाया रखने वाले दुकानदारों से ही यह राशि ली जा रही है। हालांकि दुकानदारों की समस्या को देखते हुए ब्याज में 50 प्रतिशत की राहत दी गई है। नियम के विरूद्ध जाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए दुकान वापस लिया जाएगा। वहीं नए आवेदकों को दुकान आवंटित कर दिया जाएगा।

# बुजुर्गों का सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव ने जिला सचिव सय्यदा खातून के नेतृत्व में बुजुर्गों के लिए सीनियर सिटीजन कार्ड बनाने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया। सय्यदा खातून ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों की लगातार मांग पर यह पहल की गई, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। मिशन बदलाव की टीम ने प्रशासन से समन्वय कर 60 से 70 वर्ष आयु वर्ग के लोगों के लिए कार्ड बनाने का अभियान शुरू किया। शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्ग आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड की प्रति और फोटो के साथ उपस्थित हुए। जिन्हें जानकारी नहीं थी, उन्हें संगठन की ओर से संपर्क कर जागरूक किया गया। इस दौरान वार्ड नंबर नौ के बूथ संख्या 216 और 217 का एसआईआर मैपिंग कार्य भी किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष बिनोद साहू, सागर तिरकी, अंजना टोप्पो, आलम कुरैशी, अफसर आलम, फिरोज आलम, अफसरी खातून, बीएलओ प्रवीण नसरीन और रीता देवी मौजूद रहीं।

# पत्थर मारकर छात्र को किया घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के कोयंजारा बरटोली टोली गांव में छोटकू साहू नामक व्यक्ति ने 15 वर्षीय प्रकाश साहू को पत्थर से मारकर घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी दो-तीन दिनों से टांगी लेकर गांव में घूम रहा था। सोमवार को अपराह्न 3.30 बजे प्रकाश पर छोटकू ने पत्थर से हमला कर दिया। पत्थर लगने से उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा। परिजन उसे सदर अस्पताल ले गये। जहां उसका इलाज चल रहा है। बतातें चलें कि पूर्व में भी छटकू और उसके बड़े भाई आमीन साहू ने खेत में खेती बाड़ी करने पर रोक लगा दिया था। इसके बाद जय श्री साहू ईंट भट्ठा कमाने चला गया था जहां उसकी हत्या हो गई। जयश्री साहू का परिवार छोटकू साहू के परिवार वालों से बातचीत करता है जिसे लेकर छोटकू गुस्से में रहता है।

# बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मारी, युवक गंभीर रुप से घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के टाटी टोला के समीप सोमवार को बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दिया। इस घटना में टाटी टोला निवासी नारायण लोहरा (32) गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसके साथ खड़े दो अन्य युवकों को हल्की चोट लगी है। जानकारी मुताबिक नारायण लोहार, सुनील लोहार और बबलू लोहार एक बाइक में सवार होकर सदर अस्पताल आये थे। जहां से सोमवार की शाम छह बजे बाइक से वापस अपने गांव जा रहे थे। टाटी टोला के पास तीनों सड़क किनारे रुके थे, तभी गुमला की ओर से जा रहे एक बोलेरो ने नारायण लोहरा को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी। घटना के बाद बोलेरो चालक घटनास्थल से तेजी से बांसडीह की ओर फरार हो गया। उधर, घायल नारायण लोहरा को सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर असीम मिंज ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

# शिक्षकों की वर्षों से लंबित उत्क्रमित वेतनमान देने के हाइकोर्ट के निर्णय का किया स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उच्च न्यायालय ने राज्य के शिक्षकों की वर्षों से लंबित उत्क्रमित वेतनमान देने का निर्देश दिया है। इस पर झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने हर्ष व्यक्त करते हुए फैसले का स्वागत किया। इस मुद्दे पर मोर्चा की राज्य स्तरीय बैठक भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता आशुतोष कुमार और संचालन प्रदेश संयोजक अमीन अहमद ने किया। बैठक में बताया गया कि छठे वेतन आयोग के अनुसार शिक्षकों का वेतनमान 4500-7000 से बढ़ाकर 6500-10500 किया गया था, लेकिन सरकार ने इसका लाभ नहीं दिया। बाद में जारी अधिसूचना पर भी वित्त विभाग ने रोक लगा दी। अब उच्च न्यायालय ने आठ सप्ताह के भीतर वेतन निर्धारण, उसके बाद चार सप्ताह में बकाया भुगतान का आदेश दिया है। मोर्चा ने निर्णय लिया कि पदाधिकारी मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव और वित्त सचिव से मिलकर त्वरित अनुपालन की मांग करेंगे। बैठक में अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, अरुण दास सहित कई जिलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

TENDER CANCELLATION NOTICE

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide **NIT no. 447/PR/JUSNL/2025-26** for Hiring of consultant for the load flow study for technical feasibility of any proposed Generation plant (Renewable or Non-Renewable sources), Load, BESS (Battery Energy Storage System), Grid-Substation & Transmission line in the transmission system of Jharkhand for the period of three years is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
PR No. 363604 General Manager C&M (NWBP)
PR 367954 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D

कार्यालयः– जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति, लातेहार, झारखण्ड।

आम सूचना

नगर पंचायत लातेहार में शहरी स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में निम्नांकित विवरणी अनुसार किया जाना है:–

| क्रम | दिनांक | दिवस | नगर पंचायत | वार्ड सं0 | स्थान | समय | चयन का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15.12.2025 | सोमवार | लातेहार | 12 | अम्बेडकर चौक | 11:00 बजे पूर्वाह्न | सामुदायिक भवन |
| 2 | 15.12.2025 | सोमवार | लातेहार | 12 | साई मोहल्ला | 2:00 बजे अपराह्न | सामुदायिक भवन |
| 3 | 16.12.2025 | मंगलवार | लातेहार | 13 | ललमटिया | 11:00 बजे पूर्वाह्न | सामुदायिक भवन |
| 4 | 16.12.2025 | मंगलवार | लातेहार | 13 | पहाड़पुरी | 2:00 बजे अपराह्न | सामुदायिक भवन |
| 5 | 17.12.2025 | बुधवार | लातेहार | 14 | चन्दनडीह भुईयाँ टोली | 11:00 बजे पूर्वाह्न | सामुदायिक भवन |
| 6 | 17.12.2025 | बुधवार | लातेहार | 14 | उराँव टोला | 2:00 बजे अपराह्न | सामुदायिक भवन |
| 7 | 19.12.2025 | शुक्रवार | लातेहार | 15 | धर्मपुर | 11:00 बजे पूर्वाह्न | सामुदायिक भवन |
| 8 | 19.12.2025 | शुक्रवार | लातेहार | 15 | भईयाँ टोली | 2:00 बजे अपराह्न | सामुदायिक भवन |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 367938 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 09 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in
11

# शादी समारोह में जा रहे पिता पुत्र की सड़क हादसे में मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के पर्वतपुर में हुए एक सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। दोनों एक शादी समारोह में जा रहे थे तभी स्कार्पियो की चपेट में आ गये जिससे उनकी मौत मौके पर ही हो गयी। इस घटना के बाद उत्तेजित लोगों ने सड़क जाम कर दिया है और शव को सड़क पर ही रखकर धरना प्रदर्शन शुरू किया है। मुआवजा के साथ-साथ ओएनजीसी में नौकरी की मांग की जा रही है और जिस गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ है उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की जा रही है। जो जानकारी मिला उसके अनुसार ओएनजीसी कंपनी में चल रहे ठेका की स्कॉर्पियो गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ है। इसी के कारण उत्तेजित लोगों ने सड़क जाम कर दिया है और ग्रामीण मुआवजा और ओएनजीसी कंपनी में नौकरी की मांग कर रहे है। स्थिति को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को समझने में लगी है।

# महुदा कॉलेज में भ्रष्टाचार के खिलाफ कर्मचारियों का धरना

- न्याय न मिला तो आमरण अनशन और जनआंदोलन की चेतावनी
- गर्भावस्था में भी सेवा देने वाली सुनीता दो साल से बर्खास्त, वेतन तक नहीं मिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा इंटर महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और शिक्षकेतर कर्मियों के निरंतर शोषण के विरोध में सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगपत्र पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती, तो 9 दिसंबर 2025 से प्रो सुरेश कुमार रजक और द्वारपाल गौतम कुमार महतो विवश होकर आमरण अनशन शुरू करेंगे। इस संबंध में वे मुख्यमंत्री, राज्यपाल, जैक, सांसद, शासी निकाय अध्यक्ष और विभागीय अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत करा चुके हैं। गौरतलब है कि महाविद्यालय वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरा है, जिसकी शिकायतें कॉलेज के प्रोफेसर और कर्मचारी लगातार उठाते रहे हैं, परंतु विभागीय जांचों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। धरना में आजसू नेता प्रदीप महतो, सिगड़ा मुखिया, सांसद प्रतिनिध, भाजपा महिला नेत्री सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और स्पष्ट कहा कि निष्पक्ष कार्रवाई न हुई तो क्षेत्र की जनता कॉलेज बचाने को सड़कों पर उतरने को बाध्य होगी।

आजसू नेता प्रदीप महतो ने कहा कि जहां लोग रोजगार के लिए संघर्षरत हैं, वहीं नियमों को दरकिनार कर दो कर्मचारियों की सेवा समाप्त करना पूरी तरह अनुचित है। श्री महतो ने आरोप लगाया कि इपीएफओ का कॉलेज पर 2 करोड़ का बकाया शासन की लापरवाही का परिणाम है। मुखिया सूर्यकांत महतो ने कहा कि जिस संघर्ष और उद्देश्य से यह कॉलेज खड़ा हुआ, आज भ्रष्ट तंत्र के लोग उसे दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं। कर्मियों का वेतन रोका गया और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें नियमविरुद्ध बर्खास्त कर दिया गया। यह घोर अन्याय है। विभाग तुरंत संज्ञान ले, अन्यथा उग्र आंदोलन तय है। भाजपा नेत्री उगा कुमारी ने कहा कि दीपनारायण शर्मा के आते ही कॉलेज में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। वे जैक नियमों को ताक पर रख मनमानी चला रहे हैं। पीड़ित कर्मी सुनीता देवी ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने तीन वर्षों तक पूरी निष्ठा से कॉलेज में सफाईकर्मी के रूप में सेवा दी, गर्भावस्था की कठिन अवस्था में भी अपना कर्तव्य निभाया। बावजूद इसके, उन्हें बिना किसी कारण दो वर्ष पहले बर्खास्त कर दिया गया और आज तक उनका भुगतान भी नहीं मिला।

## हेमंती देवी को सदर अस्पताल में मिला नया जीवन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया के दुगार्पुर बस्ती की निवासी 44 वर्षीय हेमंती देवी पिछले एक वर्ष से असामान्य व अनियमित योनि रक्तस्राव से पीड़ित थीं। इसके कारण उनके शरीर में गंभीर रक्ताल्पता हो गयी थी। उनके पति सचीन्द्र भुईंया, एक ड्राइवर हैं और आर्थिक तंगी के चलते लंबे समय तक उचित इलाज नहीं करवा सके। इसकी जानकारी देते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि जब सदर अस्पताल और वहां पदस्थ वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संजीव कुमार के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने अस्पताल का रुख किया। डॉ संजीव द्वारा गहन जांच एवं पूर्व ऑपरेशन जांच करवायी गयी। जिससे यह सामने आया कि हेमंती देवी को गर्भाशय के मुख पर स्थित एक गांठ है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, डॉ संजीव कुमार की देखरेख में 8 दिसंबर 2025 को उन्हें भर्ती किया गया। दो यूनिट रक्त की व्यवस्था की गयी और फिर गांठ को हटाने की शल्य क्रिया तथा तत्पश्चात पेट के रास्ते गर्भाशय को निकालने की शल्य क्रिया सफलतापूर्वक की गयी। इस जटिल सर्जरी को डॉ संजीव कुमार के नेतृत्व में निश्चेतक विशेषज्ञ डॉ राज कुमार सिंह, ओटी सहायक मदुसूदन मरांडी और शशि प्रकाश की टीम ने मिलकर किया। शल्यक्रिया के बाद मरीज की स्थिति स्थिर एवं संतोषजनक है। वहीं हेमंती देवी एवं उनके परिवार ने जिला प्रशासन के साथ सदर अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं प्रबंधन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि आर्थिक तंगी के बावजूद उन्हें यहां उचित और सुरक्षित उपचार मिला।

## राजद ओबीसी प्रकोष्ठ ने प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार यादव को किया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोहार कुल्हि, आनंद नगर, सरायढेला में राष्ट्रीय जनता दल ओबीसी प्रकोष्ठ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ सत्येंद्र कुमार ने किया एवं संचालन ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव अनील कुमार यादव ने किया।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार यादव को फूल माला देकर के सम्मानित किया गया एवं वहां बैठे सभी सदस्यों एवं सम्मानित व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अनिल कुमार यादव, जिला सचिव अमित प्रसाद,पूर्व जिला अध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ प्रभात कुमार उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि पार्टी को हर प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। इस अवसर पर नंदन कुमार,धन किशोरी यादव, शिवलाल राम, राजकुमार दास,शिवनाथ यादव, उमाशंकर प्रसाद, राजू यादव, सोनू ठाकुर, रामप्रवेश राम, आर्य पासवान, विनोद यादव, अमर कुमार, राजेश कुमार,रघु भैया, दिनेश कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# चास के पूर्व मेयर पर मानहानि का केस

## भोलू पासवान के खिलाफ स्क्रैप व्यवसायी ने कोर्ट में दायर की याचिका



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले में चास नगर निगम के पूर्व मेयर भोलू पासवान और स्थानीय स्क्रैप कारोबारी मनोज कुमार गुप्ता के बीच विवाद गहराता जा रहा है। लोहा कारोबार से जुड़े मनोज गुप्ता ने पूर्व मेयर पर मानहानि और रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में मामला दर्ज कराया है। साथ ही उन्होंने बोकारो पुलिस अधीक्षक से जांच कर सत्य उजागर करने और उनकी छवि धूमिल करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। मामला चास प्रखंड के पिंडराजोड़ा थाना क्षेत्र में संचालित एमएम इंटरप्राइजेज से जुड़ा है। पूर्व मेयर भोलू पासवान का आरोप है कि कंपनी के मालिक मनोज गुप्ता अवैध तरीके से चोरी किये गये वाहनों को काटकर स्क्रैप के रूप में बंगाल भेजने का धंधा चला रहे हैं। पासवान का दावा है कि मनोज गुप्ता पर दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं, फिर भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने एसपी से स्क्रैप व्यवसाय पर छापेमारी और कानूनी कदम उठाने की मांग की है।

दूसरी ओर, कारोबारी मनोज गुप्ता ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि उनके खिलाफ केवल एक-दो पुराने मामले चल रहे हैं जिनमें कोई गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मेयर ने उनसे एक लाख रुपये चंदे की मांग की थी। उनके इनकार करने पर उनकी छवि मिट्टी में मिलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बोकारो पुलिस अधीक्षक से पूर्व मेयर द्वारा लगाये गये आरोपी को जांचने का आग्रह किया है और अनर्गल बातें कर उनकी छवि को धूमिल करने और पुलिस की छवि को खराब करने वाले जनप्रतिनिधि के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस विवाद पर पुलिस अधिकारियों ने भी प्रतिक्रिया दी है। चास एसडीपीओ ने भोलू पासवान के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि बिना सबूत के पुलिस पर आरोप लगाना न सिर्फ गलत है बल्कि यह पुलिस की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा कोई भी बयान देने पर संबंधित जनप्रतिनिधि के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि पुलिस सबूतों के आधार पर ही कदम उठाती है, और किसी भी तरह की अनर्गल टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## आश्वासन के बाद ग्राम स्वराज अभियान का धरना स्थगित

**बाघमारा/ कतरास (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय बाघमारा में 'पहले प्राप्त शिकायत का पहले हो निपटारा' विषय को लेकर सोमवार को ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले धरना दिया गया। इस दौरान अभियान के संस्थापक जगत महतो ने कहा कि ग्राम स्वराज अभियान उन लोगों के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए लड़ता आया है जो आवेदन देकर अपना काम विधिवत करवाना चाहते हैं। ग्राम स्वराज अभियान भ्रष्टाचार और बिचौलिया तंत्र को किसी भी हाल में हावी नहीं होने देगा। जिनका आवेदन पहले प्राप्त होता है उसके आवेदन का निष्पादन पहले होना चाहिए। फिर उन्होंने बताया कि अंचल अधिकारी गिरजानंद किस्कू से इस संबंध में वार्ता हुई है। वार्ता में उन्होंने सभी मांगों पर सहमति जताते हुए दो दिनों का मोहल्लत लिया है तथा आश्वासन दिया है कि आवेदनों के निष्पादन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जायेगी।

# रोहिंग्या मुसलमानों को देश से खदेड़ेगी भाजपा : सांसद



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के नींव डालते ही राजनीतिक गलियारों में राजनीतिक पारा धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। भारतीय जनता पार्टी के धनबाद लोकसभा के सांसद ने बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के नींव डालते ही बंगाल के ममता सरकार को घेरा है। धनबाद लोकसभा के सांसद ढुल्लू महतो की माने तो 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी का सफाया हो जायेगा और उनका विनाश भी तय है जितने रोहिंग्या मुसलमान है या बाहरी मुसलमान है। उनको देश छोड़कर भागना पड़ेगा नहीं तो भारतीय जनता पार्टी की एक-एक कार्यकर्ता और देश के 140 करोड़ जनता उनको देश से खड़े कर बाहर कर देगी। धनबाद के लोकसभा के सांसद ने यह भी कहा कि जब बाबरी मस्जिद धस सकता है तो यह बाबरी मस्जिद क्या है उनका घर भी धसा देगे। बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निउ पड़ते ही राजनीति अब गरम हो रही है बोकारो के सर्किट हाउस में कोई कार्यक्रम में धनबाद लोकसभा के सांसद पहुंचे थे जहां उन्होंने मीडिया के सवालों पर बंगाल के ममता सरकार को घेरा है।

## बीसीसीएल कर्मी के घर से नगद समेत गहनों की चोरी

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना अंतर्गत बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू स्टेशन निवासी बीसीसीएल कर्मी सैफ अली खान के घर में रविवार की शाम अज्ञात चोरों ने धावा बोला और एक लाख नगद सहित करीब 7 लाख रुपये के जेवरात की चोरी कर लिए। घटना के वक्त पीड़ित सैफ अली खान अपने परिवार के साथ मार्केट गये हुए थे। चोरों ने घर के मुख्य गेट का ताला रहस्यमय तरीके से खोलकर प्रवेश कर गये। वहीं घर के आंगन के पास भी लगे दरवाजे पर ताला को बिना किसी आवाज का खोल दिया। घर में रखें अलमीरा और बक्सा को ताला तोड़कर अलमीरा में रखे एक लाख नगद पर हाथ साफ कर दिया। वही दूसरे कमरे में रखें बक्से का ताला तोड़ शादी के लिए तैयार करीब 7 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर लिया। सैफ अली खान जब अपने परिवार के साथ बाजार से रात को वापस आए तो उन्होंने देखा कि मुख्य गेट का दरवाजा खुला हुआ है। यही स्थिति घर के अंदर आंगन के दरवाजे के पास का था। अलमीरा एवं बक्सा का सामान इधर-उधर फेंका हुआ था। वही एक कमरे के खिड़की का जाली कटा हुआ है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना झरिया थाना पुलिस को दिया। पुलिस की गश्ती टीम मौके पर पहुंचे घटना का जांच शुरू कर दिया। उन्होंने झरिया थाना में लिखित शिकायत देकर घटना का जानकारी दिया है।

## केंदुआडीह गैस रिसाव मामला

# लोगों ने विस्थापन प्रस्ताव ठुकराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंदुआडीह में गैस रिसाव की घटना को लेकर प्रभावित बस्ती के लोगों ने बीसीसीएल द्वारा दिए जा रहे विस्थापन प्रस्ताव को सख्ती से खारिज कर दिया है। सोमवार को बस्ती के निवासियों ने प्रेस वार्ता कर एक सुर में ऐलान किया– हम मर जायेंगे, लेकिन अपनी पुश्तैनी जमीन छोड़कर बेलगड़िया या करमाटांड नहीं जायेंगे।

ग्रामीणों ने अपनी पीढ़ियों से जुड़ी विरासत पर जोर देते हुए कहा कि वे दशकों से केंदुआडीह में रहते आये हैं। गैस रिसाव के बाद बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा उन्हें बेलगड़िया या करमाटांड भेजने की बात कही जा रही है, लेकिन लोगों का कहना है कि उन इलाकों में न रोजगार है, न आवश्यक सुविधाएं। ऐसे में वहाँ जाकर जीवन-यापन करना संभव नहीं होगा। लोगों ने स्पष्ट कहा कि उनका रोजगार, काम-काज, सामाजिक जीवन सब कुछ इसी इलाके से जुड़ा है। इसलिए विस्थापन किसी भी तरह से समाधान नहीं है। इसके बजाय बीसीसीएल को चाहिए कि वह गैस निकालने और खदान क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस तकनीकी कदम उठाये। ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से भूमिगत खदान का पंखा चालू करने, ड्रिलिंग कर गैस निकालने जैसे उपायों की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन इन तकनीकी समाधानों पर ध्यान देने के बजाय सिर्फ विस्थापन को ही विकल्प बना रहा है। लोगों का आरोप है कि गैस रिसाव की घटना को छह दिन बीत चुके हैं, फिर भी स्थिति नियंत्रण में लाने की दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं दिख रही। प्रभावित बस्ती के लोगों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग की कि बीसीसीएल जल्द से जल्द गैस रिसाव की समस्या का स्थायी समाधान निकाले और विस्थापन की योजना पर पुनर्विचार करे। उन्होंने साफ चेतावनी दी– जब तक गैस रिसाव का समाधान नहीं होगा, वे अपनी जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं।

# जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को बी फार्मा कोर्स शुरू करने की मंजूरी मिली



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद और आस-पास के क्षेत्रों के छात्रों के लिए एक बड़ा शैक्षिक अवसर सामने आया है। जो फार्मास्युटिकल क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस धनबाद को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बी फार्मेसी (बैचलर ऑफ फार्मेसी) कोर्स शुरू करने के लिए एनओसी प्रदान कर दिया है। इसके साथ ही यह धनबाद जिले का पहला संस्थान बन गया है जो फार्मेसी में डिग्री कोर्स की सुविधा प्रदान करेगा। जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित यह कॉलेज बाईपास बलियापुर रोड कोलकुसमा धनबाद में स्थित है। कॉलेज को प्रति वर्ष 60 सीटों की क्षमता के साथ प्रवेश लेने की अनुमति मिली है। यह फैसला स्थानीय छात्रों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण फामेर्सी की पढ़ाई के लिए रांची, पटना और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनके समय और पैसा दोनों की बचत होगी। फार्मेसी एक ऐसा बढ़ता हुआ क्षेत्र है जहां फार्मास्युटिकल उद्योग, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसंधान एवं विकास, और क्लिनिकल फार्मेसी में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। जे पी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस में डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्रों के लिए करियर के ये सभी रास्ते खुलेंगे, जो क्षेत्र के शैक्षिक और व्यावसायिक परिदृश्य को मजबूत करेगा। अब जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस धनबाद अब क्षेत्र में फामेर्सी की शिक्षा को एक नया आयाम देने के लिए तैयार है। इच्छुक और मेधावी छात्र जल्द ही कॉलेज से संपर्क कर इस नए पाठ्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपने उज्जवल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING**
**OFFICE:** General Manager (CRITL/O.E), JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002 (Jharkhand)
(E-mail: cecritl.jusnl@rediffmail.com) Website: www.jusnl.in

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances ,**e-NIT No. 509/PR /JUSNL/2025-26,** invited for "Supply, inspection, installation / commissioning of latest testing equipment's along with Operation, Maintenance, Calibration & Training for the period of Three years for the establishment of centralized Lab set up under CRITL." is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 366347 Sd/-

PR 368000 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D

General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL, Ranchi

# जिला पुस्तकालय में उपयोगी पुस्तकों का करें समावेश : उपायुक्त



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को चास मेन रोड स्थित जिला परिषद मॉल एवं इसके ऊपरी तल्ल में अवस्थित जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला अभियंता हरी दास एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। औचक निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने संपूर्ण भवन में साफ सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि पुस्तकालय एवं जिला परिषद मॉल के बेहतर रख- रखाव हेतु विहित प्रक्रिया अपनाते हुए एक एजेंसी का चयन करें जो इसके संपूर्ण संचालन एवं साफ सफाई की नियमित व्यवस्था करें। उन्होंने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक संचालन समिति का गठन करने का निर्देश दिया ताकि संपूर्ण काम पर यथोचित निगरानी रखी जा सके। उपायुक्त ने जिला पुस्तकालय में बेहतर ज्ञान, परिवेश, आम व्यक्तियों, विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पुस्तकों का समावेश करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतियोगी परीक्षा में उपयोगी बेहतर से बेहतर पुस्तकें भी पुस्तकालय में शामिल करने का भी निर्देश दिया।

# 'एक नये सफर की शुरुआत' कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृत्ति उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से 8 दिसम्बर को मानव संसाधन विभाग के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में 'एक नये सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नयी मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। नगर प्रशासन विभाग के कनीय प्रबंधक प्रणव कुमार बिद्रोही ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में जानकारी साझा की। डॉ जया लक्ष्मी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) तथा योग गुरु केबी मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को सेवानिवृत्ति उपरांत स्वास्थ्य प्रबंधन और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक परितोष कुमार एवं प्रबंधक भानु गोपाल की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए धन निवेश के विकल्पों एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में सुझाव दिये। इसके अतिरिक्त अभय कुमार सिंह, प्रबंधक (एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने एनपीएस एग्जिट प्रक्रिया से संबंधित जानकारी साझा की।

**कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**
**(E-mail ID- nrep.ltr@gmail.com)**

**अति अल्पकालीन ई- पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या :- 15/R1/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 08.12.2025
(DMFT FUND)

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | | |
| 1 | NREP/LATEHAR/30/ 2025-26 | Construction Of Toilet Unit, Deep Boring and other Miscellaneous Work beside Processing Unit Mahuadanr, Block- Mahuadanr, Dist- Latehar | 23,88,100.00 | तईस लाख अठासी हजार एक सौ | 48,000.00 | 03 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 11.12.2025
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.12.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 19.12.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 - 06565796434 ई मेल- nrep.ltr@gmail.com
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल, झारखंड सरकार के अंतर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
12. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 368025 Rural Development(25-26)#D

# इंडिगो संकट पर सरकार ने बताया : 9.5 लाख पीएनआर कैंसिल और 827 करोड़ का रिफंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत के एविएशन बाजार की सबसे दिग्गज कंपनी इंडिगो बीते कुछ दिनों से संकट में है। इस संकट के लिए वह खुद जिम्मेदार है या हालात ने ये समीकरण बनाए हैं इसका पता तो सरकार की ओर से शुरू की गई जांच के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल सरकार ने इस प्रकरण से जुड़े कुछ आंकड़े संसद में पेश किए हैं। इंडिगो के लिए पिछले दो हफ्ते किसी बुरे सपने से कम नहीं रहे। परिचालन से जुड़ी परेशानियों और लगातार रद्द हो रही उड़ानों के कारण यह संकट अब वित्तीय और साख दोनों ही तरह के नुकसान का कारण बन रहा।

**3 से 15 दिसंबर के बीच की रद्द उड़ानों के लिए रिफंड प्रक्रिया शुरू :** इस बीच, इंडिगो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया कि 3 दिसंबर 2025 और 15 दिसंबर 2025 के बीच रद्द की गई उड़ानों के लिए रिफंड की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। एयरलाइन ने यात्रियों से कहा, कि अगर इस व्यवधान के कारण आपकी योजनाएं बदल गई हैं, तो हम 15 दिसंबर 2025 तक की यात्रा के लिए मान्य सभी बुकिंग के लिए बदलाव और कैंसिलेशन के अनुरोधों पर पूरी छूट भी दे रहे हैं। इंडिगो ने कहा है कि यात्री https://bit.ly/4iGWxU9 पर जाकर और आसान चरणों का पालन करके रिफंड हासिल कर सकते हैं। एयरलाइन के अनुसार रिफंड जिस तरीके से भुगतान किया गया है उसी तरीके से यात्रियों के खाते में जमा की जाएगी और ऐसा एक या दो लेनदेन के जरिए हो सकता है। इंडिगो ने यात्रियों से कहा है, ₹आपकी यात्रा में आई बाधा के लिए हमें गहरा खेद है। कृपया आश्वस्त रहें कि हमारी टीमें, जमीनी स्तर पर और पर्दे के पीछे, सभी प्रभावित ग्राहकों की सहायता करने और जल्द से जल्द सामान्य संचालन बहाल करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।₹



**21 नवंबर से 7 दिसंबर के बीच की रद्द उड़ानों के लिए 827 करोड़ का दिया गया रिफंड :** सरकार की ओर से संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक, 21 नवंबर से 7 दिसंबर 2025 के बीच एयरलाइन को करीब 800 करोड़ रुपये से अधिक का रिफंड यात्रियों को चुकाना पड़ा है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि इससे इंडिगो की बैलेंस शीट पर दबाव पड़ना तय है। मंत्रालय की ओर से दिए गए आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाला पहलू कैंसिलेशन का वॉल्यूम और रिफंड की राशि है। इसके अनुसार, 17 दिनों में एयरलाइन को करीब 827 करोड़ रुपये का रिफंड देना पड़ा है। सरकार ने बताया कि उक्त अवधि में इस अवधि में कुल 9,55,591 ढठफ (पैसेंजर नेम रिकॉर्ड) कैंसिल किए गए और रिफंड प्रोसेस किया गया। इसका कुल मूल्य 827 करोड़ रुपये है। ध्यान रहे कि एक पीएनआर में एक से अधिक यात्री भी हो सकते हैं, इसलिए प्रभावित यात्रियों की संख्या 9.5 लाख से कहीं अधिक हो सकती है। सरकार ने बताया कि दिसंबर शुरू होते ही संकट गहरा गया। दिसंबर के पहले हफ्ते में महज सात दिनों के भीतर 5,86,705 पीएनआर कैंसिल हुए, जिसके लिए एयरलाइन को 569.65 करोड़ रुपये वापस करने पड़े। कुल रिफंड का लगभग 69% हिस्सा केवल दिसंबर के पहले हफ्ते के दौरान यात्रियों की दिक्कतों के लिए ही चुकाया गया।

**9000 में लगभग आधे बैग ग्राहकों को वापस, बाकी 36 घंटे में वापस करने का लक्ष्य :** उड़ानों के रद्द होने से ज्यादा यात्रियों को परेशानी उनके खोए हुए सामान (बैगेज) ने किया। सरकार ने सदन को सूचित किया कि इस अव्यवस्था के दौरान कुल 9,000 बैग अपने मालिकों तक नहीं पहुंच पाए थे। अब तक 4,500 बैग (कुल का 50%) ग्राहकों को वापस वितरित किए जा चुके हैं। मंत्रालय और एयरलाइन ने शेष बचे बैगों को वितरित करने के लिए अगले 36 घंटों का लक्ष्य रखा है। यह समयसीमा एयरलाइन के ग्राउंड स्टाफ के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। आसमान में लौटने की कोशिश, लेकिन 500 उड़ानें अब भी रद्द हैं। इंडिगो अपने नेटवर्क को सामान्य करने की पूरी कोशिश कर रही है, लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में नहीं है। आज के ऑपरेशनल प्लान के मुताबिक एयरलाइन अपने 138 गंतव्यों में से 137 के लिए उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही है, जो रिकवरी का संकेत है। आज कुल 1,802 उड़ानें शेड्यूल की गयी हैं। सुधार के बावजूद, आज भी लगभग 500 उड़ानें रद्द रहेंगी। यह एक सामान्य दिन के मुकाबले बहुत बड़ी संख्या है और यह दशार्ता है कि पूरी तरह से पटरी पर लौटने में अभी और वक्त लगेगा।

# बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला




**नोट गिनने की मशीन मंगायी, 93 लाख रुपये ऑनलाइन मिले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में ळटउ से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गयी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काट कर औपचारिकता पूरी की। अब इस मस्जिद के लिए जुटाये चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी।

## हुमायूं कबीर का यू-टर्न बोले- अब नहीं दूंगा इस्तीफा, पद पर कायम रहूंगा

मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद-शैली की मस्जिद का शिलान्यास कर राजनीतिक हलचल मचाने वाले निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को चौंकाने वाला यू-टर्न ले लिया। कुछ दिन पहले 17 दिसंबर को इस्तीफा देने का एलान कर चुके कबीर ने अब कहा है कि वह विधायक पद से इस्तीफा नहीं देंगे।कबीर ने पत्रकारों से कहा मेरे इस्तीफे का कोई सवाल ही नहीं। मेरे क्षेत्र के लोगों ने मुझसे इस्तीफा न देने की अपील की है और मैं उनकी इच्छा का सम्मान करूंगा। कबीर ने दावा किया कि मस्जिद शिलान्यास कार्यक्रम में अप्रत्याशित जनसमर्थन मिला, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने कहा लोगों ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है। वे चाहते हैं कि मैं पद पर बना रहूं। पहले उन्होंने 22 दिसंबर को एक नयी राजनीतिक पार्टी बनाने और उससे पहले इस्तीफा देने की घोषणा की थी।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्राo लिo राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**